राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran







03 भाजपा ने एलान किया है कि अगर उन्हें वोट दिया तो वे सारे ...

धोखाधड़ी वाले फोन कॉल पर लगाम: दूरसंचार विभाग ने संचार साथी ... 10



वर्ष : 15 | अंक : 263 | नई दिल्ली, शनिवार, 18 जनवरी, 2025 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


## राहुल गांधी देर रात एम्स पहुंचे; मरीजों से बात कर उनकी समस्याएं सुनीं, कहा- 'केंद्र और दिल्ली सरकार दोनों नाकाम'

प्रात: किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने देर रात इलाज के लिए इंतजार कर रहे मरीजों से मिलने के लिए दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र और दिल्ली सरकार दोनों, जनता के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने में पूरी तरह से नाकाम रही हैं। राहुल गांधी ने एम्स के आसपास सड़कों, फुटपाथों और सबवे पर डेरा डाले कई मरीजों और उनके परिवारों से बातचीत की और उनकी समस्याएं भी सुनीं। ये मरीज इलाज के लिए दूर-दराज के इलाकों से आए हैं। सर्द रातों और असुविधाओं के बीच इलाज के लिए इंतजार कर रहे हैं। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर मरीजों और उनके परिजनों से बातचीत के फोटो शेयर किया। साथ ही उन्होंने कैप्शन में लिखा, बीमारी का बोझ, ठिठुराने वाली सर्दी, और सरकारी असंवेदनशीलता- आज एम्स के बाहर उन मरीजों और उनके परिवारों से मिला, जो दूर-दराज से इलाज की आस में आए हैं। इलाज की राह में वो सड़कों, फुटपाथ और सबवे पर सोने को मजबूर हैं। ठंडी जमीन, भूख, और असुविधाओं के बीच भी बस उम्मीद की एक लौ जलाए बैठे हैं। केंद्र और दिल्ली सरकार दोनों, जनता के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने में पूरी तरह से नाकाम रही हैं। वहीं, कांग्रेस ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, इलाज के लिए महीनों का इंतजार, असुविधा और सरकार की असंवेदनशीलता- ये आज दिल्ली एम्स की सच्चाई है। हालात ये हैं कि अपनों की बीमारी का बोझ लिए दूर-दराज से आए लोग इस ठिठुरती सर्दी में फुटपाथ और सबवे पर सोने को मजबूर हैं। राहुल गांधी ने इलाज का इंतजार करते उन मरीजों से मुलाकात कर उनसे बात की और उनकी परेशानियां सुनीं।





### मौसम

अधिकतम तापमान 21°C

न्यूनतम तापमान 30.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

### बाजार

| | |
|---|---|
| सोना | 79,005 |
| चांदी | 92,500 |
| सेंसेक्स | 81,786 |
| निफ्टी | 24,668 |

## संक्षिप्त खबरें

### समय के साथ-साथ हमारी सेनाओं की जटिलताएं बढ़ती जा रही हैं : रक्षा मंत्री

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि समय के साथ-साथ हमारी सेनाओं की जटिलताएं बढ़ती जा रही हैं। ऐसा इसलिए हो रहा है, क्योंकि दुनिया भर में रक्षा-सुरक्षा का माहौल लगातार तनावपूर्ण होता जा रहा हैक लगभग आधा दशक बीत जाने के बाद, हम यह कह सकते हैं कि यह एक प्रकार से परिवर्तनशील दशक रहा है। दुनिया के अलग-अलग क्षेत्रों में कई संघर्ष और युद्ध देखने को मिल रहे हैं। रक्षा मंत्री ने यहां नौसेना नागरिक वर्ष समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि हमें अपनी महत्वपूर्ण क्षमता को बढ़ाना होगा और आने वाले समय में अपने आक्रामक और रक्षात्मक दोनों ही प्रतिक्रियाओं को मजबूत करने की ओर ध्यान देना होगा।

### महत्वपूर्ण खबर



### पुणे-नासिक हाईवे पर मिनी वैन खड़ी बस से टकराई, 9 लोगों की मौत

पुणे, एजेंसी। पुणे-नासिक हाईवे पर शुक्रवार सुबह एक तेज रफ्तार मिनी वैन सड़क के किनारे खड़ी एक बस से टकरा गई। इस हादसे में कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, यह हादसा सुबह करीब 10 बजे पुणे-नासिक हाईवे पर नारायणगांव के पास हुआ। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, मिनी वैन नारायणगांव की तरफ जा रही थी, तभी पीछे से एक टेंपो ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वैन का रास्ता बदल गया और वह बस से जा टकराई। इस हादसे में वैन में सवार नौ लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वैन आगे से पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि हादसे में मिनी वैन में सवार सभी नौ यात्रियों की मौत हो गई है। हादसे की फिलहाल जांच की जा रही है।

### छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में सत्रह नक्सली ढेर

छत्तीसगढ़। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले और तेलंगाना के संयुक्त अभियान में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में 17 नक्सली ढेर हो गए है। बीजापुर में गुरुवार सुबह करीब नौ बजे से शुरू हुई मुठभेड़ आज खत्म हो गई। घटना स्थल से जवानों की टीम वापसी कर रही है। पुजारी कांकेर और मारुडबाका के जंगलो में हुई मुठभेड़ में 17 नक्सली ढेर हुए हैं जिसमें से 12 के शव बरामद भी कर लिए गए हैं। वहीं डीआरजी का एक जवान घायल भी हुआ है। 1100 से ज्यादा सुरक्षाकर्मी बीजापुर, सुकमा और दंतेवाड़ा के डीआरजी के जवान भी शामिल हैं इस अभियान का हिस्सा थे। इसके अलावा, कोबारा बटालियन के सीआरपीएफ जवानों का भी इस ऑपरेशन में सहयोग रहा। मुठभेड़ का यह इलाका तेलंगाना राज्य की सीमा से सटा हुआ है। दरअसल, बीजापुर और तेलंगाना की सीमा पर तीन जिलों के नक्सलियों के खिलाफ जवान बड़ा ऑपरेशन चला रहे हैं। गुरुवार को सुरक्षाकर्मियों की एक संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी।

# वडनगर का गौरवशाली इतिहास 2500 साल पुराना, म्यूजियम में दिखेगी झलक : पीएम

पीएम मोदी ने अपने सोशल मीडिया एक्स हैंडल पर एक वीडियो साझा किया। जिसमें वडनगर के 2500 साल पुराने गौरवशाली इतिहास की झलक मिलती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने सोशल मीडिया एक्स हैंडल पर एक वीडियो साझा करते हुए लिखा कि गुजरात के वडनगर का गौरवशाली इतिहास 2500 साल से भी पुराना है। इसे संजोने और संरक्षित करने के लिए यहां अनूठे प्रयास किए गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा साझा किए गए वीडियो में वडनगर से जुड़े दिलचस्प फैक्ट्स हैं।



प्रात: किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने सोशल मीडिया एक्स हैंडल पर एक वीडियो साझा किया। जिसमें वडनगर के 2500 साल पुराने गौरवशाली इतिहास की झलक मिलती है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने सोशल मीडिया एक्स हैंडल पर एक वीडियो साझा करते हुए लिखा कि गुजरात के वडनगर का गौरवशाली इतिहास 2500 साल से भी पुराना है। इसे संजोने और संरक्षित करने के लिए यहां अनूठे प्रयास किए गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा साझा किए गए वीडियो में वडनगर से जुड़े दिलचस्प फैक्ट्स हैं।

जैसे ये वृत्त की तरह है और वडनगर का भी कोई निश्चित आरंभ और अंत नहीं है। बताया गया है कि कैसे यह प्राचीन शहर प्राचीन काल से चुनौतियों का सामना करते हुए आज तक खड़ा है। इसकी नींव 2005 साल से पुरानी है, जब सिंधु-सरस्वती सभ्यता के बाद महाजनपदों का निर्माण हो रहा था। उसी समय वडनगर जैसे छोटे नगरों की शुरूआत हुई थी। तब इसका नाम 'आनर्तपुर' था, जो रूपेड़ नदी और कपिल नहर के पास स्थित एक ऊंचे टीले पर बसा हुआ था। यहां के लोग पांचवीं सदी ईसा पूर्व से कच्चे और पक्के घरों में रहते थे। यूनानियों के आने के बाद, इस क्षेत्र को वाक्ट्रियन फ्रिक्स ने अपना लिया और यहां के सिक्कों पर यूनानी साम्राज्य के निशान दिखाई देते हैं। उस समय यह नगर आनंदपुर के नाम से जाना जाता था।

वीडियो में प्राचीन इतिहास से लेकर मॉर्डन इंडिया की झलक दिखती है। इसमें बताया गया है कि कैसे प्रथम सदी में शत्रु और सातवाहन वंश के बीच इस क्षेत्र के नियंत्रण को लेकर संघर्ष हुआ, और इस दौरान नगर को मजबूत बनाने के लिए पक्की ईंटों का परकोटा बनवाया गया। पांचवीं सदी में प्रतिहार वंश का शासन था और गुप्त वंश का उदय हुआ। आठवीं से दसवीं सदी तक यह नगर गुजरात के राष्ट्रकूट, प्रतिहार और चावड़ा शासकों के अधीन रहा, जिन्होंने नगर की जल व्यवस्था और परकोटे को और मजबूत किया।

6 मिनट से ज्यादा की क्लिप गौरवशाली इतिहास की गाथा सुनाती है। इस छोटे से क्षेत्र की खूबियों को बड़ी खूबसूरती से समेटा गया है। बताया गया कि दसवीं सदी में गुजरात की सत्ता सोलंकी वंश के चालुक्य शासकों के हाथ में आई, जिन्होंने नगर का नाम विप्रपुर रखा। इस काल में विभिन्न धातुओं के कारखाने और आठ-आठ भट्टियां चलाने की व्यवस्था की गई। शर्मिष्ठा झील और जलाशयों के निर्माण से जल व्यवस्था को सुधारने की कोशिश की गई। मध्यकाल में वडनगर पर सुलतान और मुगलों का शासन था और इसे वृद्धनगर के नाम से भी जाना जाता था। इस दौरान परकोटे की ऊंचाई बढ़ाई गई और बुर्जों का आकार चतुर्भुज से वृत्ताकार कर दिया गया। मराठा और पेशवाओं के प्रभाव में भी वडनगर का महत्व बढ़ा।

## स्वामित्व योजना के तहत शनिवार को संपत्ति कार्ड सौंपेंगे पीएम मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वामित्व योजना के तहत शनिवार को दोपहर करीब 12.30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संपत्ति मालिकों को लाखों संपत्ति कार्ड सौंपेंगे। प्रधानमंत्री ने स्वयं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर यह जानकारी दी। ये संपत्ति कार्ड आपसी झगड़ों को निपटाने में सहायक होंगे। पीएम मोदी ने अपने एक्स पोस्ट में कहा, ₹स्वामित्व योजना के तहत देशभर के ग्रामीण इलाकों के मेरे भाई-बहनों को उनकी जमीन का मालिकाना हक मिले, इसके लिए हम प्रतिबद्ध हैं। इसी दिशा में शनिवार को दोपहर करीब 12.30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संपत्ति मालिकों को लाखों संपत्ति कार्ड सौंपने का सौभाग्य मिलेगा।₹ उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में भूमि के रिकॉर्ड को डिजिटल रूप में तैयार किया जाता है, जिससे लोगों को अपनी जमीन पर मालिकाना हक का अधिकार मिलता है। इस पहल का उद्देश्य भूमि विवादों को कम करना और भूमि के मालिकाना हक को स्पष्ट करना है, ताकि किसानों को आसानी से लोन मिल सके। इस योजना में ड्रोन सर्वे, जीआईएस और अन्य अत्याधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल किया जा रहा है, ताकि जमीन के स्वामित्व को स्पष्ट रूप से चिह्नित किया जा सके और लोगों के आपसी झगड़ों को आसानी से खत्म किया जा सके। स्वामित्व योजना के जरिए भूमि के स्वामित्व का एक प्रमाण मिलता है, जिससे जमीन से जुड़े विवादों में कमी आएगी। भूमि का स्वामित्व स्पष्ट होने से ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों में तेजी आती है और किसानों को लोन लेने में भी सुविधा होती है। यह योजना ग्रामीण भारत के लोगों के जीवन स्तर को सुधारने में मदद कर रही है। अब तक इस योजना के तहत 3.17 लाख से अधिक गांवों में ड्रोन सर्वे पूरा किया जा चुका है, जो लक्ष्य का 92 प्रतिशत है। साथ ही, 1.53 लाख गांवों के लिए लगभग 2.25 करोड़ संपत्ति कार्ड भी तैयार कर लिए गए हैं।

## देश 2026 तक नक्सलमुक्त होकर रहेगा : अमित शाह

प्रात: किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नक्सलवाद को लोकतंत्र का सबसे बड़ा दुश्मन बताया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शुक्रवार को एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि मोदी सरकार 'नक्सलमुक्त भारत' बनाने की दिशा में आगे बढ़ रही है और 31 मार्च 2026 तक देश नक्सलमुक्त होकर रहेगा। उन्होंने इस पोस्ट में गुरुवार को छत्तीसगढ़ के बीजापुर में सुरक्षाकर्मियों द्वारा नक्सलियों के खिलाफ की गई कार्रवाई का भी जिक्र किया। गृह मंत्री ने कहा, नक्सलवाद लोकतंत्र का सबसे बड़ा दुश्मन है और मोदी सरकार इसे समाप्त करने के लिए संकल्पित है। गुरुवार को बीजापुर (छत्तीसगढ़) में केंद्रीय सुरक्षा बल और राज्य पुलिस की संयुक्त टीम ने अभियान चलाकर नक्सलियों के विरुद्ध बड़ी सफलता प्राप्त की। मोदी सरकार 'नक्सलमुक्त भारत' बनाने की दिशा में आगे बढ़ रही है और 31 मार्च 2026 तक देश नक्सलमुक्त होकर रहेगा। बता दें कि छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में गुरुवार को सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में 17 नक्सली मारे गए थे। इस मुठभेड़ के दौरान बड़ी मात्रा में हथियार भी बरामद हुए हैं, जिनमें एसएलआर और अन्य खतरनाक हथियार शामिल हैं। यह मुठभेड़ बीजापुर के पुजारी कांकेर, मारुरबाका और तेलंगाना सीमा से सटे इलाकों में हुई थी। जानकारी के मुताबिक, गुरुवार सुबह करीब नौ बजे डीआरजी बीजापुर, दंतेवाड़ा, सुकमा की संयुक्त टीम, कोबरा बटालियन और सीआरपीएफ की टीम और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ शुरू हुई थी। इसके बाद करीब एक हजार सुरक्षाकर्मियों ने नक्सलवादियों को चारों तरफ से घेर लिया था।

## द्रौपदी मुर्मु ने गुकेश सहित चार खिलाड़ियों को खेल रत्न पुरस्कार से किया सम्मानित

प्रात: किरण/ एजेंसी



नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को विश्व शतरंज चैंपियनशिप विजेता ग्रैंडमास्टर डी गुकेश और पेरिस ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली महिला निशानेबाज मनु भाकर सहित चार खिलाड़ियों को खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में श्रीमती मुर्मु ने विभिन्न स्पधार्ओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न, अर्जुन और द्रोणाचार्य पुरस्कारों से सम्मानित किया। सबसे पहले शतरंज में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया। इसके बाद ओलिंपिक में दो पदक जीतने वाली महिला निशानेबाज मनु भाकर, हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह और पैरा एथलीट प्रवीण कुमार को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया।

इसके अलावा राष्ट्रपति ने अन्नू रानी को एथलेटिक्स, स्वीटी को मुक्केबाजी, वंतिका अग्रवाल को शतरंज, सलीमा टेटे, अभिषेक संजय, जरमनप्रीत सिंह और सुखजीत सिंह को हॉकी में, राकेश कुमार को (पैरा-तीरंदाजी), प्रीति पाल (पैरा एथलेटिक्स) अजित सिंह, सचिन सरजेराव खिलारी (पैरा एथलेटिक्स) और धर्मबीर (पैरा एथलेटिक्स), प्रणव सूरमा (पैरा एथलेटिक्स), एच होकातो सेमा (पैरा एथलेटिक्स), सिमरन (पैरा एथलेटिक्स), नवदीप (पैरा एथलेटिक्स), नितेश कुमार (पैरा बैडमिंटन) को, थुलासिमाती मुरुगेसन (पैरा बैडमिंटन), नित्या श्री सुमाथी सिवान (पैरा बैडमिंटन), मनीषा रामदास (पैरा बैडमिंटन), कपिल परमार (पैरा जूडो) और मोना अग्रवाल (पैरा निशानेबाजी) को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया।

सुभाषा राणा (पैरा निशानेबाजी नियमित वर्ग), दीपाली देशपांडे (निशानेबाजी नियमित वर्ग), संदीप सांगवान (हॉकी नियमित वर्ग), एस मुरलीधरन (बैडमिंटन लाइफटाइम वर्ग) और अरमांडो एगनेलो कोलाको (फुटबॉल (लाइफटाइम वर्ग) के द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सुचा सिंह (एथलेटिक्स) और मुरलीकांत राजाराम पेटकर (पैरा तैराक) को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिये अर्जुन पुरस्कार (लाइफटाइम) पुरस्कार से सम्मानित किया गया। चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी (विजेता), लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (प्रथम उपविजेता), अमृतसर गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी (द्वितीय उपविजेता) को मौलाना अबुल कलाम आजाद ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया को राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## भ्रष्टाचार से निपटने के लिए फोरेंसिक विशेषज्ञों की भर्ती को प्राथमिकता दी जाएगी: लोकपाल प्रमुख

प्रात: किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। भ्रष्टाचार विरोधी निकाय लोकपाल के अध्यक्ष न्यायमूर्ति ए एम खानविलकर ने कहा भ्रष्टाचार की बढ़ती जटिल प्रकृति से निपटने के लिए फोरेंसिक अकाउंटिंग और साइबर जांच में विशेषज्ञों की भर्ती को प्राथमिकता दे रहा है।, इस राष्ट्रीय राजधानी में पहले लोकपाल दिवस समारोह को संबोधित करते हुए न्यायमूर्ति खानविलकर ने कहा कि लोकपाल में प्रक्रियाओं को अधिक प्रभावी बनाने के लिए अत्याधुनिक सूचना प्रौद्योगिकी को एकीकृत करने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा लोकपाल के सामने चुनौतियां लगातार बढ़ रही हैं क्योंकि भ्रष्टाचार का मॉडल विकसित हो रहा है। राजनेताओं, नौकरशाहों और व्यापारिक हितों के बीच गठजोड़ और मजबूत होता जा रहा है। इसके लिए निरंतर सतर्कता और समय पर और प्रभावी निवारक तंत्र की आवश्यकता है। अपने सीमित संसाधनों के बावजूद लोकपाल अपने अधिदेश और अपने मिशन को पूरा करने के लिए अपनी स्थापना के बाद से ही लगन से काम कर रहा है। न्यायमूर्ति खानविलकर ने कहा कि इस दिशा में, लोकपाल के कामकाज को मजबूत करने के लिए बहुआयामी रणनीति अपनाई गई है। लोकपाल प्रमुख ने कहा, हम भ्रष्टाचार की बढ़ती जटिल प्रकृति से निपटने के लिए फोरेंसिक अकाउंटिंग और साइबर जांच सहित कार्मिकों और विशेष विशेषज्ञता की भर्ती को प्राथमिकता दे रहे हैं। भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) न्यायमूर्ति संजीव खन्ना सहित अन्य गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान, भ्रष्टाचार विरोधी कार्यकर्ता अन्ना हजारे, भारत के अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी और उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति एन संतोष हेगड़े को भ्रष्टाचार के खिलाफ देश की लड़ाई को मजबूत करने में उनकी भूमिका के लिए सम्मानित किया गया।

**आस्था** | मात्र छह दिनों के अंदर सात करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं, कल्पवासियों और पूज्य साधु-संतों ने त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाई है।

# महाकुम्भ में कुल 45 करोड़ लोगों के आने का अनुमान, भीड़ प्रबंधन में वरदान साबित हो रहा आईसीसीसी

प्रात: किरण/ एजेंसी

महाकुम्भनगर (उप्र)। प्रयागराज में आयोजित महाकुम्भ में मात्र छह दिनों के अंदर सात करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं, कल्पवासियों और पूज्य साधु-संतों ने त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाई है और एक आधिकारिक बयान के अनुसार उप्र सरकार का अनुमान है कि इस बार महाकुम्भ में कुल 45 करोड़ से भी ज्यादा लोग आएंगे।

इतनी बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा महाकुम्भ पुलिस के लिए भले ही एक बड़ी चुनौती है, लेकिन मेला क्षेत्र में स्थापित इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (आईसीसीसी) भीड़ प्रबंधन के लिहाज से वरदान साबित हो रहा है। इसके माध्यम से न सिर्फ मेला क्षेत्र में आ रही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को नियंत्रित करने में मदद मिल रही है बल्कि कई तरह के सर्विलांस में भी यह मददगार बन रहा है। महाकुम्भ के पहले



दिन पौष पूर्णिमा स्नान पर्व और मकर संक्रांति के अमृत स्नान पर भारी भीड़ को सुनियोजित तरीके से नियंत्रित करने में आईसीसीसी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आईसीसीसी के प्रभारी एसपी अमित कुमार ने बताया कि यहां पर 2750 कैमरे लगाए गए हैं, जिनके माध्यम से न सिर्फ मेला क्षेत्र में बल्कि पूरे शहर क्षेत्र पर नजर रखी जा रही है। तीन कोण से निगरानी की जा रही है, पहला है सुरक्षा, दूसरा प्रबंधन और तीसरा है अपराध। उन्होंने बताया कि हमारे पास जो कैमरे हैं उनसे हम सर्विलांस, भीड़ प्रबंधन और अग्निशमन जैसे तमाम पहलुओं पर नजर रख पा रहे हैं। कुमार ने कहा भीड़ प्रबंधन के लिए हम लोग भीड़ के प्रवाह की निगरानी कर रहे हैं कि किस तरफ से कितनी भीड़ आ रही है और इसको किस प्रकार से नियंत्रित करना है। भीड़ के प्रवाह के माध्यम से यह जानने की कोशिश करते हैं की भीड़ का दबाव कहां ज्यादा है और हम उसको वहां से किस ओर बढ़ा सकते हैं। उन्होंने कहा, यह काफी कारगर तकनीक है। हमें यहां से नियमित निगरानी करनी पड़ती है कि ताकि पता चल सके कि कहीं किसी एक स्थान पर भीड़ का घनत्व ज्यादा तो नहीं हो गया है। अमित कुमार ने कहा, इसके अलावा हम कैमरों से आग पर भी नजर रख रहे हैं। यह पता करते हैं कि कहीं धुआं या आग की लपट तो नहीं है।

## महाकुंभ में काशी आने वाले श्रद्धालुओं को दी जाए उच्च स्तरीय बुनियादी सुविधा : मुख्यमंत्री आदित्यनाथ

वाराणसी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज महाकुंभ के दौरान काशी आने वाले श्रद्धालुओं को उच्च स्तरीय बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराये जाने का निर्देश दिया। आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को शुरू हुए दो दिवसीय वाराणसी दौरे पर सर्किट हाउस में महाकुंभ से संबंधित तैयारियों, विकास परियोजनाओं और कानून व्यवस्था की व्यापक समीक्षा की। यहां जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री ने शीतलहर को देखते हुए व्यापक व्यवस्था की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने श्रद्धालुओं के आवासों पर अलाव, शौचालय, सफाई, पेयजल, प्रकाश और सुरक्षा की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। बयान के अनुसार, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने गंगा घाटों पर कड़े सुरक्षा उपाय करने का आह्वान किया। उन्होंने बस स्टैंड पर उचित व्यवस्था करने का आदेश दिया ताकि श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो। बयान में कहा गया है, महाकुंभ के दौरान काशी में आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए उन्होंने अधिकारियों को भीड़ प्रबंधन के प्रभावी उपाय सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसमें कहा गया है, उन्होंने यातायात व्यवस्था में सुधार के लिए भी कहा और महिला पुलिस अधिकारियों, होमगार्ड और पीआरडी कर्मियों को प्रशिक्षित करने और उनकी तैनाती करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने 24 घंटे सघन गश्त के महत्व पर बल दिया और पुलिस को ऑटो-रिक्शा, ई-रिक्शा और टैक्सी चालकों के साथ-साथ रेहड़ी-पटरी वालों और होटलों, छात्रावासों और होमस्टे में ठहरने वाले मेहमानों की गहन जांच करने का निर्देश दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### उत्तरायणी कौतिक में पर्वतीय संस्कृति की बही बयार

**बाजपुर, एजेंसी।** पर्वतीय महासभा समिति की ओर से उत्तरायणी कौतिक का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रख्यात गायक राकेश खनवाल एवं पिथौरागढ़ से पहुंचीं लोक गायिका दीपिका राजपुरोहित ने अपने गीतों से उत्तराखंड की लोक संस्कृति की झलक प्रस्तुत की। इस दौरान मां नंदा राज जात की सुंदर झांकी और नृत्य पर दर्शक खूब झूमे। श्री रामभवन धर्मशाला में आयोजित उत्तरायणी कौतिक महोत्सव का शुभारंभ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. बीके तिलारा और कैप्टन खीमानंद जोशी ने किया। कलाकारों ने कुमाऊंनी-गढ़वाली संस्कृति से ओतप्रोत कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस दौरान अध्यक्ष सुरेश चंद पांडेय, यशोदा जोशी, पूर्व दायित्वधारी राजेश कुमार, जितेंद्र शर्मा, मोहन पांडे, गुरजीत सिंह गित्ते, राजकुमार, विकास गुप्ता और सौरभ परमार मौजूद रहे। संचालन मंजू ममगाई और पीडी ममगाई ने किया।

### पर्वतीय समाज ने मनाया घुघुतिया त्योहार

**रुद्रपुर, एजेंसी।** पर्वतीय समाज ने मंगलवार को मकर संक्रांति के अवसर पर मनाया जाने वाला घुघुतिया त्योहार धूमधाम से मनाया। सोमवार रात घरों में विभिन्न पकवान बनाए गए। लोगों ने एक दूसरे को त्योहार की बधाई दी। मंगलवार को स्नान करने के बाद पकवान खाने के लिए कौवों का आह्वान किया। घुघुतिया त्योहार पर बच्चे गले में घुघुते (आटे का पकवान) की माला डालते हैं। पर्वतीय समाज की महिलाएं माघ मास में तीन दिन तक गंगा स्नान कर व्रत रखती हैं। परिवार के लिए मंगल कामना करती हैं। सभी समाज के लोग मकर संक्रांति पर शिव मंदिर पहुंचे। कई स्थानों पर माघ खिचड़ी का आयोजन किया गया।

### शारदा किनारे जीवंत हो उठी उत्तराखंड की लोक संस्कृति

**खटीमा, एजेंसी।** मकर संक्रांति पर उत्तरायणी कौतिक लालकोठी मेला कमेटी की ओर से शारदा नहर के किनारे मेले का आयोजन किया गया। घाट पर सैकड़ों लोगों ने स्नान कर शिव मंदिर में पूजा अर्चना की। सैकड़ों युवाओं और बच्चों का यज्ञोपवीत व मुंडन संस्कार किया गया। मेले के अवसर पर लालकोठी स्थित श्री बाली चंद मंदिर से रंगयात्रा निकाली गई। इसमें छोलिया नृत्य के साथ ही सुंदर झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। रंगयात्रा के मेला स्थल पहुंचने के बाद सीएम पुष्कर सिंह धामी के प्रतिनिधि के रूप में राजपाल सिंह चौहान ने फीता काटकर मेले का उद्घाटन किया। उन्होंने सीएम की ओर से जनता को मकर संक्रांति की बधाई दी। इस दौरान लोक कलाकारों व स्कूली बच्चों ने अपनी प्रस्तुति से लोगों का मन मोह लिया। डीडीहाट की कमला छोरी... गीत पर कई लोग थिरकते हुए दिखे। वहां मेला कमेटी अध्यक्ष भूपेंद्र खोलिया, नवीन बोरा, शेर सिंह दिगारी, रमेश चंद्र जोशी, राम सिंह जेठी, मन्नू मेहर, बलबीर खोलिया, माया जोशी आदि थे।

### प्रत्याशियों को बताए आचार संहिता के नियम

**चौखुटिया, एजेंसी।** चौखुटिया के एसडीएम सुनील राज ने निकाय चुनाव लड़ रहे सभी प्रत्याशियों को चुनाव सकुशल और पारदर्शिता के साथ संपन्न करने के लिए सहयोग देने का आग्रह किया। सभी प्रत्याशियों के साथ बैठक कर एसडीएम ने उन्हें आदर्श आचार संहिता की जानकारी दी। इसका अनुपालन करने का आग्रह भी किया। उन्होंने बताया कि निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव संपन्न करने के लिए प्रशासन पूरी तरह कृतसंकल्प है लेकिन प्रत्याशियों को भी इसमें सहयोग करना होगा।

### बेस अस्पताल में बस दुर्घटना के पांच घायलों का हो रहा उपचार

**श्रीनगर, एजेंसी।** पौड़ी-देहलचौरी मोटरमार्ग पर हुई बस दुर्घटना में घायल 10 मे से अब पांच मरीजों का उपचार बेस अस्पताल में चल रहा है। बाकी लोगों को स्वस्थ होने के बाद छुट्टी दे दी गई है। बृहस्पतिवार को दीपक के पैर का आर्थोपेडिक विभाग के डॉक्टरों की टीम द्वारा सफल ऑपरेशन किया गया। जबकि सोनाली एवं मुन्नी देवी का हड्डी रोग विभाग में इलाज चल रहा है। वहीं सर्जरी विभाग में दीपक रावत एवं विमला देवी का उपचार किया जा रहा है।

# पूर्व सीएम हरीश रावत ने ललित जोशी के लिए किया चुनाव प्रचार, बोले- भाजपा को सत्ता का घमंड

**नैनीताल, एजेंसी।**
कांग्रेस के मेयर पद के प्रत्याशी ललित जोशी के समर्थन में वोट मांगने पूर्व सीएम हरीश रावत बृहस्पतिवार को हल्द्वानी पहुंचे। उन्होंने भाजपा पर जमकर प्रहार किया। वहीं ललित जोशी ने भी डोर-टू-डोर जनसंपर्क अभियान चलाया।



नगर निगम चुनाव के तहत कांग्रेस के मेयर पद के प्रत्याशी ललित जोशी के समर्थन में वोट मांगने पूर्व सीएम हरीश रावत बृहस्पतिवार को हल्द्वानी पहुंचे। उन्होंने भाजपा पर जमकर प्रहार किया। वहीं ललित जोशी ने भी डोर-टू-डोर जनसंपर्क अभियान चलाया।

वार्ड 40 के हिम्मतपुर मल्ला में एक सभा में पूर्व मुख्यमंत्री रावत ने कहा कि भाजपा को सत्ता का घमंड हो गया है। उन्हें जनता का गुस्सा झेलना पड़ेगा। कहा कि यह स्थानीय चुनाव है और क्षेत्रीय नेता के रूप में ललित जोशी सबसे उपयुक्त हैं। कहा कि राज्य की नगर निगम क्षेत्रों में विकास के नाम पर भाजपा फेल रही है और अब जनता से वोट मांगने की बारी आई तो इधर-उधर की बात कर रही है।

ललित जोशी ने अपने जनसंपर्क अभियान के तहत वार्ड नंबर 3 और 40 में डोर-टू-डोर जनसंपर्क किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्रवासियों से सीधा संवाद किया और अपने विकास के दृष्टिकोण को साझा किया। ललित जोशी ने कहा कि ट्रिपल इंजन की सरकार में भी सड़कों की स्थिति खराब हो चुकी है और भाजपा केवल धर्म के नाम पर नफरत फैला रही है।इस दौरान विधायक सुमित हृदयेश, पूर्व विधानसभा प्रभारी गोविंद कुंजवाल, जिलाध्यक्ष राहुल छिम्वाल, सतीश नैनवाल, हेमंत बगडवाल, सुमित्तर भुल्लर, भोला दत्त भट्ट, योगेश जोशी, विशाल भोजक, संजय बिष्ट, राजा फर्स्वाण आदि रहे।

# खटीमा डिग्री कॉलेज में खुलेगा इग्नू अध्ययन केंद्र

**खटीमा, एजेंसी।** हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जल्द ही इग्नू अध्ययन केंद्र (इंदिरा गांधी राष्ट्रीय ओपन यूनिवर्सिटी) खुलने की संभावना है। महाविद्यालय में इग्नू अध्ययन केंद्र खोलने के लिए अनुमति मिल गई है। यहां छात्र-छात्राओं को स्नातक और परास्नातक के साथ ही कई सर्टिफिकेट कोर्स और डिप्लोमा की पढ़ाई की सुविधा मिलेगी।

कुमाऊं विवि से संबद्ध खटीमा डिग्री कॉलेज की स्थापना वर्ष 1988 में हुई थी। वर्तमान में यहां ऊधमसिंह नगर जिले के अलावा चंपावत और यूपी के पीलीभीत जिले के करीब 4000 छात्र-छात्राएं पढ़ते हैं। यहां स्नातक और परास्नातक के नियमित पाठ्यक्रमों के अलावा स्ववित्त पोषित बीएड कॉलेज, उत्तराखंड मुक्त विवि अध्ययन केंद्र के अलावा योग की भी पढ़ाई हो रही है।

अभी तक यहां पर इग्नू अध्ययन केंद्र स्थापित नहीं है। इसकी छात्र-छात्राएं लंबे समय से मांग रहे हैं। अब छात्र-छात्राओं की यह मांग शीघ्र पूरी होने जा रही है। खटीमा डिग्री कॉलेज को इग्नू अध्ययन केंद्र के संचालन के लिए अनुमति मिल गई है। प्रभारी प्राचार्य डॉ. आशुतोष कुमार ने बताया कि देहरादून स्थित इग्नू के क्षेत्रीय कार्यालय और दिल्ली स्थित मुख्यालय से केंद्र के लिए अस्थायी अनुमति मिल चुकी है। जल्द ही खटीमा कॉलेज में इग्नू अध्ययन केंद्र चलाने की स्थायी अनुमति भी मिल जाएगी। इग्नू अध्ययन केंद्र में पारंपरिक विषयों के अलावा रोजगारपरक पाठ्यक्रम भी पढ़ाए जाएंगे।

# मार्च से शुरू होगा जीबी पंत हिमालय पर्यावरण संस्थान का निर्माण कार्य

**श्रीनगर, एजेंसी।** विकास खंड कीर्तिनगर के नागराजासैंण में अब जल्द ही गोविंद बल्लभ पंत राष्ट्रीय हिमालय पर्यावरण संस्थान गढ़वाल इकाई के परिसर का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। इसके लिए प्रदेश सरकार ने संस्थान को कम मूल्य पर करीब 0.498 हेक्टेयर यानि 4980 वर्ग मीटर भूमि उपलब्ध करवाई है।चौरास में संस्थान की इकाई का निर्माण होने से शोधार्थियों के साथ ही स्थानीय लोगों को भी लाभ होगा। वर्षों से नगर के भक्तियाना में एक छोटी सी जगह पर संचालित हो रही गोविंद बल्लभ पंत राष्ट्रीय हिमालय पर्यावरण संस्थान गढ़वाल इकाई को अब अपना भव्य स्थाई परिसर मिल जाएगा। इसके लिए केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय की ओर से पहुंच मार्ग और परिसर निर्माण के लिए करीब 44.5 करोड़ की धनराशि जनवरी 2020 में जारी कर दी गई थी। किंतु परिसर निर्माण के लिए भूमि न मिलने से यह योजना आगे नहीं बढ़ पाई।

संस्थान के प्रभारी व वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. के चंद्रशेखर ने बताया कि परिसर के निर्माण कार्य की जिम्मेदारी केंद्रीय समन्वय इकाई (सीसीयू) को सौंपी गई है। भूमि मिलने के बाद से वर्तमान में पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य किया जा रहा है। सड़क का निर्माण पूरा होने पर निर्माण स्थल का समतलीकरण का काम शुरू किया जाएगा। अब मार्च से ढांचागत निर्माण शुरू करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि निर्माण शुरू होने से पहले पेयजल निगम से पानी के कनेक्शन के लिए आवेदन किया गया है।

### विवि के टीपीआईसी ने की आइडियाथॉन कार्यक्रम की शुरूआत

**श्रीनगर, एजेंसी।** गढ़वाल विवि के प्रौद्योगिकी प्री-इन्क्यूबेशन सेल (टीपीआईसी) ने आइडियाथॉन कार्यक्रम की शुरुआत की है। यह कार्यक्रम रचनात्मकता, अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। जिसमें वास्तविक दुनिया के अनुप्रयोगों के लिए नई तकनीकों और विचारों को विकसित किया जाएगा। मुख्य विषयों में साइबर-भौतिक प्रणालियां, कृत्रिम बुद्धिमता (एआई), मशीन लर्निंग (एमएल), डीप लर्निंग, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, ब्लॉकचेन, क्वॉन्टम कंप्यूटिंग, जैव प्रौद्योगिकी आदि शामिल हैं। यह कार्यक्रम स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएचडी छात्रों, पेशेवरों और स्टार्टअप से जुड़े व्यक्तियों के लिए है। प्रतिभागी लिंक पर व क्यूआर कोड को स्कैन कर गूगल फॉर्म भरकर पंजीकरण कर सकते हैं।

## जंगल की आग बुझाने के लिए तैयारियों को परखा जाएगा



**अल्मोड़ा, एजेंसी।** जंगल की आग बुझाने के लिए जिला प्रशासन की तैयारियों की परख के लिए 30 जनवरी को जिले के तीन स्थानों पर मॉक ड्रिल होगी।

मॉक ड्रिल से पहले 28 जनवरी को एक बार फिर तैयारियों को परखा जाएगा। इस संबंध में आपदा प्रबंधन के सचिव विनोद कुमार सुमन ने जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर तैयारी पर चर्चा की और वन अग्नि रोकने के संबंध में हर समय तैयार रहने के निर्देश दिए। जिला प्रशासन की ओर से डीएम आलोक कुमार पांडेय ने जनपद स्तर पर की गई तैयारी के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि 30 जनवरी को सिनौली और पश्चिमी बिनसर सहित तीन स्थानों पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा।

### तराई में बरसे मेघ, 1.4 मिमी हुई बारिश

**रुद्रपुर, एजेंसी।** जनवरी माह में पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से तराई में तीन बार हल्की बारिश हो चुकी है। यह बारिश खेती-किसानी के लिए अमृत के समान है।

बुधवार की रात और बृहस्पतिवार की दोपहर बूंदाबांदी हुई। इस दौरान लगभग 1.4 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। अब मौसम के खुलने का अनुमान है। इससे शीतलहर बढ़ेगी और कोहरा पड़ेगा। ऊधमसिंह नगर के करीब एक लाख हेक्टेयर खेत में बोई गई गेहूं की फसल के लिए अमृतकी बूंदें गिरीं। इस माह हल्की ही सही पर तीन बार बूंदाबांदी हो चुकी है। जिले में बुधवार की रात हल्की बूंदाबांदी हुई। बृहस्पतिवार की सुबह लगभग लगभग 11 बजे फिर बूंदें गिरनी लगी। लगभग आधे घंटे तक हल्की बूंदाबांदी हुई।

### रष्ट्रीय खेल कार्यों की करें सख्त मॉनिटरिंग, अवकाश पर रोक -डीएम

**नई टिहरी, एजेंसी।** गणतंत्र दिवस समारोह और राष्ट्रीय खेलों की तैयारियों को लेकर डीएम मयूर दीक्षित ने विभागीय अधिकारियों की बैठक ली। राष्ट्रीय खेलों को देखते हुए डीएम ने संबंधित विभागों को नोडल अधिकारी नामित करने और लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। कहा कि 15 फरवरी तक सभी विभाग अपने कर्मचारियों को कार्य बांटकर मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें। इस अवधि में किसी भी अधिकारी या कर्मचारी को अवकाश न दिया जाए।

डीएम ने बताया कि बताया कि 26 जनवरी को सुबह 9.30 बजे जनपद के सभी कार्यालयों और शिक्षण संस्थानों में विभागाध्यक्ष ध्वजारोहण करेंगे। इसके बाद पूर्वाह्न 11.30 बजे प्रताप इंटर कॉलेज मैदान बौराड़ी में सामूहिक ध्वजारोहण आयोजित किया जाएगा। गणतंत्र दिवस के अवसर पर 25 और 26 जनवरी को शाम 6 से रात 11 बजे तक सभी सरकारी कार्यालयों को एलईडी बल्बों से रोशन किया जाए। डीएम ने अधिकारियों को स्वच्छ भारत अभियान के तहत अपने-अपने कार्यालयों की सफाई सुनिश्चित करने और अनुपयोगी सामान की नीलामी करने के निर्देश दिए। गणतंत्र दिवस समारोह की व्यवस्थाओं को लेकर परेड, झांकियों का चयन, खेल प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारियों को समय पर पूरा करने को कहा। संबंधित एसडीएम को अपने क्षेत्र के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों को उनके घर जाकर सम्मानित करने को कहा। बैठक में सीडीओ डॉ. अभिषेक त्रिपाठी, एडीएम एके पांडेय, सीएमओ डॉ. श्याम विजय, डीडीओ मोहम्मद असलम, सीओ सदर औसीन जोशी आदि मौजूद रहे।

## पूर्व ज्येष्ठ प्रमुख ने बड़कोट गांव को सड़क से जोड़ने की उठाई मांग

**श्रीनगर, एजेंसी।**
विकास खंड कीर्तिनगर के बड़कोट गांव को सड़क सुविधा से जोड़ने के लिए पूर्व ज्येष्ठ प्रमुख व समाजसेवी किरन सिलवाल ने मुख्यमंत्री से सड़क स्वीकृत करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि शहर में तब्दील हो रहे चौरास क्षेत्र का बड़कोट गांव आज भी सड़क सुविधा से नहीं जुड़ पाया है। कहा कि गांव से करीब एक या डेढ़ किलोमीटर दूर से कीर्तिनगर-सिल्काखाल व बडियारगढ़ मोटर मार्ग गुजरता है। जबकि गांव के ठीक नीचे मढी तक सड़क मार्ग है। लेकिन बड़कोट गांव के लोगों को आज भी पैदल दूरी नापनी पड़ती है। उन्होंने बताया कि सड़क न होने से सबसे अधिक परेशानी तब होती है जब गर्भवती महिला और बीमार व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाना होता है।

ऐसी स्थिति में डंडी या कुर्सी के सहारे गर्भवती या बीमार व्यक्ति को सड़क तक पहुंचाया जाता है। इसके अलावा गांव के कई लोग सब्जी व दूध का कारोबार करते हैं। उन्हें भी हर दिन समस्या से जूझना पड़ता है। सिलवाल ने मुख्यमंत्री से किलकिलेश्वर महादेव मंदिर में भी एक बड़ा हॉल बनाने की मांग की है।

कहा कि चौरास क्षेत्र में अलकनंदा नदी किनारे प्राचीन किलकिलेश्वर शिव मंदिर है। मंदिर से क्षेत्र के सैकड़ों गांवों सहित कई लोगों की आस्था जुड़ी है। यहां पर हर दिन काफी लोग अनुष्ठान और दर्शन के लिए पहुंचते है।

## महाकुंभ में जलसंरक्षण का संदेश देंगे उत्तराखंड के कलाकार

**देहरादून, एजेंसी।**
महाकुंभ की पवित्र धरा पर उत्तराखंड के कलाकार जल संरक्षण का संदेश देंगे। आज (शुक्रवार) प्रयागराज में पंचम वेद क्रिएशन चैरिटेबल ट्रस्ट के कलाकार नुक्कड़ नाटक जलशत्रु की प्रस्तुति देंगे।द्व

नाटक के लेखक और निर्देशक अनुराग वर्मा ने बताया कि नाटक हास्य व्यंग्यात्मक शैली में लिखा गया है। इसमें विश्वस्तरीय मुद्दों जैसे ग्लोबल वार्मिंग, जनसंख्या नियंत्रण कानून, पारिस्थितिकीय असंतुलन आदि को बड़े मनोरंजक तरीके से समाहित किया गया है। टीम के मैनेजर नीतीश नंद किशोर ने बताया, नाटक के अंत में एक प्राकृतिक आपदा के कारण सब कुछ बर्बाद हो जाने के बाद मानव को एहसास होता है कि उसने अपनी भावी पीढ़ी के लिए जीवन के अनुकूल परिस्तिथियों को समाप्त कर दिया है। कहा कि इस नाटक के चयन का मुख्य उद्देश्य शहरों व गांव के लोगों को न केवल गंगा बल्कि संपूर्ण उपलब्ध स्वच्छ जल के स्रोतों पर गहराते संकट से अवगत कराना है। नाटक में भारतीय सिनेमा और टेलीविजन के प्रसिद्ध अभिनेता संदीप यादव व प्रीति चौहान भी अहम भूमिकाओं में हैं। उनके साथ आशीष वर्मा, मानवी नौटियाल, अंशिका जैन, ऋषिराज भट्ट, कुणाल सिंह, विशाल पंत, भारती सूर्यान आदि भी अपना हुनर दिखाते हुए नजर आएंगे।


महाकुंभ की पवित्र धरा पर उत्तराखंड के कलाकार जल संरक्षण का संदेश देंगे। आज (शुक्रवार) प्रयागराज में पंचम वेद क्रिएशन चैरिटेबल ट्रस्ट के कलाकार नुक्कड़ नाटक जलशत्रु की प्रस्तुति देंगे।

नाटक के लेखक और निर्देशक अनुराग वर्मा ने बताया कि नाटक हास्य व्यंग्यात्मक शैली में लिखा गया है। इसमें विश्वस्तरीय मुद्दों जैसे ग्लोबल वार्मिंग, जनसंख्या नियंत्रण कानून, पारिस्थितिकीय असंतुलन आदि को बड़े मनोरंजक तरीके से समाहित किया गया है। टीम के मैनेजर नीतीश नंद किशोर ने बताया, नाटक के अंत में एक प्राकृतिक आपदा के कारण सब कुछ बर्बाद हो जाने के बाद मानव को एहसास होता है कि उसने अपनी भावी पीढ़ी के लिए जीवन के अनुकूल परिस्तिथियों को समाप्त कर दिया है। कहा कि इस नाटक के चयन का मुख्य उद्देश्य शहरों व गांव के लोगों को न केवल गंगा बल्कि संपूर्ण उपलब्ध स्वच्छ जल के स्रोतों पर गहराते संकट से अवगत कराना है। नाटक में भारतीय सिनेमा और टेलीविजन के प्रसिद्ध अभिनेता संदीप यादव व प्रीति चौहान भी अहम भूमिकाओं में हैं। उनके साथ आशीष वर्मा, मानवी नौटियाल, अंशिका जैन, ऋषिराज भट्ट, कुणाल सिंह, विशाल पंत, भारती सूर्यान आदि भी अपना हुनर दिखाते हुए नजर आएंगे।


# भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में बौराड़ी पहुंचे सीएम धामी, जनसभा को किया संबोधित

**टिहरी, एजेंसी।**
सीएम पुष्कर सिंह धामी शुक्रवार को नई टिहरी बौराड़ी पहुंचे है। सीएम धामी नई टिहरी नगर पालिका में भाजपा के प्रत्याशी मस्ता सिंह नेगी के समर्थन में लोगों के बीच पहुंचे है। यहां सीएम धामी सभा को संबोधित किया।




उत्तराखंड निकाय चुनाव की तैयारियों को लेकर भाजपा और कांग्रेस के स्टार प्रचारक जगह-जगह जाकर प्रचार कर रहे है। इसी कड़ी में सीएम पुष्कर सिंह धामी नई टिहरी बौराड़ी पहुंचे है। सीएम धामी नई टिहरी नगर पालिका में भाजपा के प्रत्याशी मस्ता सिंह नेगी के समर्थन में लोगों के बीच पहुंचे है। यहां सीएम धामी सभा को संबोधित किया। नई टिहरी नगर पालिका चुनाव में पार्टी प्रत्याशी मस्ता सिंह नेगी के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम धामी ने कहा कि आपने नई टिहरी में ट्रिपल इंजन की सरकार बनाई तो चार गुना विकास कार्य कर नई टिहरी को पर्यटन नगरी के रूप में विकसित करेंगे।

## गैस सिलेंडर फटने से मजदूरों के टीनशेड में लगी आग

**श्रीनगर, एजेंसी।** तहसील कीर्तिनगर के मलेथा गांव में रेल परियोजना के निर्माण कार्य में लगे मजदूरों के कमरे में शॉर्ट सर्किट के बाद गैस सिलेंडर फटने से आग लग गई। कोतवाल कीर्तिनगर देवराज शर्मा ने बताया कि मलेथा में ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना का निर्माण कार्य चल रहा है। यहां मजदूरों के रहने के लिए टीनशेड बनाए गए हैं।

बृहस्पतिवार को कमरे में शॉर्ट सर्किट के बाद रसोई गैस के सिलेंडर में अचानक आग लग गई। मौके पर पहुंचे अग्नि शमन सेवा श्रीनगर के लीडिंग फायर मैन संजय और फायर सर्विस के चालक सोनू कुमार सैनी ने बताया कि आग लगने से दो मोटर साइकिल आठ टीनशेड में लगे बेड के साथ मजदूरों का सामान, कपड़े, पैसे और सामूहिक भोजनालय में रखा राशन आदि जलकर राख हो गया। वहीं, कोतवाल ने बताया कि इस दौरान सभी लोग काम पर गए थे।

## स्कूल-कॉलेजों में पुलिस शिकायत पेटी लगाएं थानाध्यक्ष: एसएसपी

**चंबा (टिहरी), एजेंसी।** पुलिस लाइन में आयोजित मासिक अपराध गोष्ठी में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आयुष अग्रवाल ने थानाध्यक्षों को निकाय चुनाव में शांति व्यवस्था बनाए रखने और मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस कर्मियों की समस्याएं सुनते हुए कहा कि कार्मिकों की समस्याओं का शीघ्र निस्तारण करें। सराहनीय कार्य करने वाले 12 पुलिस कर्मियों को इंप्लाइ ऑफ द मंथ घोषित कर उन्हें पुरस्कृत किया गया।

एसएसपी अग्रवाल ने कहा कि निकाय चुनाव को देखते हुए संवेदन और अतिसंवेदनशील क्षेत्रों का भ्रमण कर अराजक तत्वों के खिलाफ मुचलका पाबंद की कार्रवाई जारी रखें। उन्होंने कहा कि सभी थाना प्रभारी अपने क्षेत्रों के कार्यपालक मजिस्ट्रेट से नोटिस भी निकालें और जिले की सीमाओं पर लगे बैरियरों पर नियमित चेकिंग सुनिश्चित करें। थानाध्यक्षों को अपने थाना क्षेत्रों में पुलिस कर्मियों के स्वास्थ्य जांच के लिए स्वास्थ्य कैंप लगाने को कहा गया है।

यातायात नियमों का पालन करने, नाबालिग वाहन चालकों पर अंकुश लगाने, ओवर लोडिंग, ओवर स्पीड रोकने, चोरी की घटनाएं रोकने के लिए रात्रि गश्त बढ़ाने के निर्देश भी दिए गए हैं। एसएसपी ने सक्रिय रहने वाले देवप्रयाग और मुनिकीरेती थाने के कांस्टेबल क्लर्क के लिए इनाम की घोषणा की है। इस मौके पर एएसपी जेआर जोशी, सीओ ओशिन जोशी, सीओ सुरेंद्र सिंह भंडारी, सीओ महेश चंद्र लखेड़ा और मुख्य अभियोजन अधिकारी श्याम सिंह तोमर आदि मौजूद थे।

# केजरीवाल की गारंटी, दिल्ली में आप सरकार फिर बनने पर छात्रों को बसों में मुफ़्त सफर और दिल्ली मेट्रो में रियायत मिलेगा

प्रात : किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार बनने पर महिलाओं के साथ-साथ सभी छात्रों का भी बस में सफर बिल्कुल मुफ्त होगा और मेट्रो के किराए में भी उन्हें रियायत दी जाएगी। शुक्रवार को आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के सभी छात्रों को यह गारंटी दी है। उन्होंने कहा कि बस और मेट्रो के किराए का खर्च अब शिक्षा में रुकावट नहीं बनेगा। हमारी सरकार बनने पर हम स्कूल-कॉलेज के छात्रों के लिए बसों में मुफ्त सफर शुरू करेंगे और मेट्रो किराए में भी रियायत देंगे। छात्रों पर खर्च होने वाला हर एक पैसा देश के भविष्य में निवेश है। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली मेट्रो केंद्र और दिल्ली सरकार का 50-50 फीसद का ज्वाइंट वेंचर है। इसलिए मैंने प्रधानमंत्री को पत्र लिखा है कि हमें मेट्रो में छात्रों को 50 फीसद की रियायत देनी चाहिए और रियायत देने के कारण जो खर्चा आएगा, उसे दिल्ली और केंद्र सरकार के बीच में 50-50 के अनुपात में शेयर किया जाए। अगर भाजपा छात्रों को मेट्रो में छूट देने की बात अपने संकल्प पत्र में शामिल नहीं करती है तो छात्र उसको क्यों वोट देंगे ?

पार्टी मुख्यालय में प्रेस वार्ता कर अरविंद केजरीवाल ने कहा कि सभी जानते हैं कि आम आदमी पार्टी की सरकार सबसे ज्यादा शिक्षा को तवज्जो देती है। क्योंकि पढ़ेंगे, तभी देश आगे बढ़ेगा। ऐसे बहुत गरीब बच्चे हैं, जिनकी स्कूल और कॉलेज जाने के लिए पैसे नहीं होने के कारण शिक्षा छूट जाती है।



इसलिए आज मैं एक सबसे बड़ा एलान कर रहा हूं कि आम आदमी पार्टी की सरकार बनने पर छात्रों को भी बस में फ्री सफर की सुविधा दी जाएगी। महिलाओं के लिए पहले से ही बसों में फ्री यात्रा की सुविधा है। इसलिए लड़कियों को इस सुविधा का फायदा मिलता है, लेकिन लड़कों को नहीं मिलता है।

अरविंद केजरीवाल ने आगे कहा कि दिल्ली के अंदर बहुत सारे छात्र स्कूल और कॉलेज जाने के लिए मेट्रो का इस्तेमाल करते हैं। मेट्रो दिल्ली की लाइफलाइन है, लेकिन मेट्रो बहुत महंगी हो गई है। एक आम छात्र के लिए उसे वहन करना मुश्किल हो गया है। मेट्रो दिल्ली सरकार और केंद्र सरकार का 50-50 वेंचर है। इसका फायदा और नुकसान दोनों सरकारों के बीच में 50-50 शेयर होता है। इसका कैपिटल इंवेस्टमेंट भी 50-50 शेयर होता है। इसलिए मैंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर कहा है कि हमें मेट्रो में छात्रों को 50 फीसद की रियायत देनी चाहिए। साथ ही, रियायत देने के कारण जो खर्चा आएगा, उसे दिल्ली और केंद्र सरकार के बीच में 50-50 के अनुपात में शेयर किया जाए। यह बिल्कुल जनहित का मामला है। इसमें कोई राजनीति नहीं है और ना ही राजनीति होनी चाहिए।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मैं उम्मीद हूं कि हमारे बच्चों और युवाओं के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मेरी इस अपील को जरूर स्वीकार करेंगे। हम चुनाव खत्म होने के बाद छात्रों के लिए बसों में फ्री सफर कर देंगे और मेट्रो में उन्हें 50 फीसद की रियायत देंगे। मैं उम्मीद करता हूं कि इस घोषणा का दिल्ली के छात्र स्वागत करेंगे और यह घोषणा उनकी जिंदगी में एक खुशी लेकर आएगा।

मीडिया के सवाल का जवाब देते हुए अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हम कह रहे हैं कि छात्रों का किराया आधा होना चाहिए। क्या यह भाजपा को मंजूर है और क्या वह इसको अपने संकल्प पत्र में डालेगी। अगर भाजपा इसको अपने संकल्प पत्र में नहीं डालेगी तो छात्रों इनको वोट क्यों देंगे।

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने प्रधानमंत्री मोदी को लिखे पत्र में कहा है कि मैं दिल्ली के स्कूल और कॉलेज के छात्रों से संबंधित एक महत्वपूर्ण मामले पर आपका ध्यान आकर्षित करने के लिए यह पत्र लिख रहा हूं। दिल्ली के छात्र अपने स्कूल अथवा कॉलेज तक आने- जाने के लिए बड़े पैमाने पर मेट्रो पर निर्भर हैं।

छात्रों पर वित्तीय बोझ को कम करने के लिए मैं दिल्ली मेट्रो में छात्रों को 50 फीसद की रियायतें देने का प्रस्ताव रखता हूं। दिल्ली मेट्रो दिल्ली सरकार और केंद्र सरकार के बीच 50-50 फीसद की सहयोग की परियोजना है। इसलिए इस पर होने वाले खर्च को दिल्ली सरकार और केंद्र सरकार आधा-आधा वहन करें। हमारी ओर से हम छात्रों के लिए बस यात्रा पूरी तरह से मुफ्त करने की योजना बना रहे हैं। मुझे पूरी उम्मीद है कि आप इस प्रस्ताव से सहमत होंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### दिल्ली-एनसीआर में ठंड और कोहरे को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी

नई दिल्ली। दिल्ली-एनसीआर सहित कई राज्यों में शीतलहर का प्रकोप जारी है। शुक्रवार सुबह से दिल्ली-एनसीआर, यूपी, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, मध्यप्रदेश, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में कोहरा छाया हुआ है। दिल्ली समेत पश्चिमी उत्तर प्रदेश में आईएमडी ने कोहरे और ठंड को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दिनों में तापमान में हल्का बदलाव देखने को मिलेगा। शुक्रवार और शनिवार को कोहरा छाया रह सकता है। लेकिन, उसके बाद मौसम साफ बना रहने की उम्मीद है। पहाड़ी राज्य उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के कई इलाकों में बर्फबारी के कारण तापमान शून्य से नीचे बना हुआ है। दिल्ली में घने कोहरे को देखते हुए मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। आगामी दो दिनों को लेकर भी चेतावनी दी है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने 18 और 19 जनवरी को घने कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया है। आईएमडी ने बताया कि दिल्ली में गुरुवार को बारिश के बाद आसमान साफ रहा और न्यूनतम तापमान 10.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 2.7 डिग्री अधिक है। दिल्ली में 21 और 22 जनवरी को भारी बारिश की आशंका जताई गई है।

### दिल्ली चुनाव 2025 : विश्वास नगर में 12 साल से खिल रहा है कमल, आप रोक पाएगी भाजपा का रथ?

नई दिल्ली। दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सुनामी के बीच भी 2015 और 2020 में विश्वास नगर विधानसभा क्षेत्र के लोगों ने भाजपा का साथ दिया है। इसलिए इस बार के चुनाव में भी यहां सबकी नजर रहेगी।दिल्ली में पिछले दो विधानसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस और भाजपा को पस्त कर दिया। भाजपा जहां 2015 के विधानसभा चुनाव में तीन सीट जीतने में सफल हुई, वहीं 2020 के विधानसभा चुनाव में यह संख्या आठ सीट तक पहुंच गई। इस बार के विधानसभा चुनाव में भाजपा का दावा है कि अगली सरकार उनकी बन रही है और आम आदमी पार्टी का दावा है कि तीसरी बार जनता उन्हें मौका देगी।विश्वास नगर सीट पर साल 2020 में ओ.पी. शर्मा को 65,830 वोट मिले। वहीं, आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी दीपक सिंगला को 49,373 वोट मिले। तीसरे नंबर पर कांग्रेस के प्रत्याशी गुरु चरण सिंह राजू रहे, जिन्हें 7,881 वोट मिले।इससे पहले 2015 के चुनाव में ओम प्रकाश शर्मा को 58,124 वोट मिले। आम आदमी पार्टी से डॉ. अतुल गुप्ता को 47,966 वोट मिले। कांग्रेस से नसीब सिंह तीसरे स्थान पर रहे। उन्हें 20,634 वोट मिले। साल 2013 में भाजपा प्रत्याशी ओम प्रकाश शर्मा जीते उन्हें 44,801 वोट मिले। कांग्रेस के नसीब सिंह को 37,002 वोट मिले, जबकि तीसरे नंबर पर आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी तीसरे नंबर पर रहे। डॉ. अतुल गुप्ता को 30,388 वोट मिले।इस सीट के इतिहास में जाए तो 1993 से लेकर 2008 तक इस सीट पर कांग्रेस का कब्जा रहा।विश्वास नगर में कुल वोटर 2,04,393 हैं जिनमें 1,07,901 पुरुष 96,483 महिला मतदाता हैं। जिसमें नौ थर्ड जेंडर वोटर भी हैं।ईस्ट दिल्ली की लोकसभा के अंतर्गत आने वाली इस विधानसभा में जातीय समीकरण मिलाजुला है।

### दिल्ली चुनाव 2025 : देवली में आप के विजय रथ को रोक पाएगी कांग्रेस और भाजपा?

नई दिल्ली। दिल्ली में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान 5 फरवरी को होना है। 70 विधानसभा वाली दिल्ली में कई सीटें ऐसी भी हैं जो अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। इन्हीं में से एक है देवली (एससी) विधानसभा सीट, जहां सत्तारुढ़ दल आप का कांग्रेस और भाजपा से कड़ा मुकाबला है।देवली विधानसभा सीट दक्षिण जिले में आती है, जो दक्षिण दिल्ली लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र का भी हिस्सा है। दक्षिण दिल्ली लोकसभा में 10 विधानसभा सीटें आती हैं, जिसमें देवली के अलावा बिजवासन, संगम विहार, अंबेडकर नगर, छतरपुर, कालकाजी, तुगलकाबाद, पालम, बदरपुर और महरौली शामिल हैं। यह क्षेत्र खानपुर, सैनिक फार्म और संगम विहार से घिरा हुआ है।

# भाजपा ने एलान किया है कि अगर उन्हें वोट दिया तो वे सारे मोहल्ला क्लीनिक बंद कर देंगे : केजरीवाल

**भाजपा का दिल्ली की जनता से कहना है कि केजरीवाल वाले सारे काम करने के लिए भाजपा को वोट दो। केजरीवाल वाले सारे काम तो केजरीवाल ही ज्यादा अच्छे करेगा, तो फिर कोई भाजपा को वोट क्यो दे ? इन्होंने अपने संकल्प पत्र में दिल्ली की बदहाल कानून व्यवस्था पर एक शब्द नहीं लिखा है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने सरेआम खुले में स्वीकार किया कि दिल्ली में केजरीवाल की ढेरों कल्याणकारी योजनाएं चल रहीं हैं, जिसका लाभ भाजपा वालों के परिवारों को भी मिल रहा है।**

प्रात : किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी ने भाजपा के संकल्प पत्र को झूठ का पुलिंदा बताया है। आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि यह भाजपा का संकल्प पत्र नहीं है, बल्कि केजरीवाल पत्र है कि दिल्ली में केजरीवाल की सभी योजनाओं को जारी रखेंगे। भाजपा का दिल्ली की जनता से कहना है कि केजरीवाल वाले सारे काम करने के लिए भाजपा को वोट दो। केजरीवाल वाले सारे काम तो केजरीवाल ही ज्यादा अच्छे करेगा, तो फिर कोई भाजपा को वोट क्यो दे ? इन्होंने अपने संकल्प पत्र में दिल्ली की बदहाल कानून व्यवस्था पर एक शब्द नहीं लिखा है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने सरेआम खुले में स्वीकार किया कि दिल्ली में केजरीवाल की ढेरों कल्याणकारी योजनाएं चल रहीं हैं, जिसका लाभ भाजपा वालों के परिवारों को भी मिल रहा है। हमें राजनीति करनी नहीं आती है, काम करना आता है और काम ऐसा करते हैं कि हमारे विरोधी भी उसकी तारीफ करते हैं। मोदी जी ने बार-बार कहा है कि केजरीवाल फ्री रेवड़ियां बांटकर गलत कर रहा है, तो क्या भाजपा ने प्रधानमंत्री से इन रेवड़ियों की मंजूरी ली है ?- केजरीवाल आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेस वार्ता कर कहा कि आज भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भाजपा का संकल्प पत्र जारी किया है। भाजपा के संकल्प पत्र में कई सारी रेवड़ियों का एलान किया गया है। जेपी नड्डा से हमारा सवाल है कि क्या इन रेवड़ियों को बांटने के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मंजूरी ले ली है ? क्या इस पर प्रधानमंत्री की सहमति है ? क्योंकि प्रधानमंत्री पूरे देश में घूम-घूमकर अपने भाषणों में 100 बार कह चुके हैं कि फ्री की रेवड़ी सही नहीं है। उन्होंने एक दो बार नहीं, बल्कि 100 बार बोला है कि अरविंद केजरीवाल फ्री की रेवड़ी बांटता है, यह देश के लिए सही नहीं है। आज भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने एलान किया है कि वह भी अरविंद केजरीवाल की तरह फ्री की रेवड़ी देंगे। अरविंद केजरीवाल ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री दिल्ली की जनता के सामने आकर विशेष रूप से एलान करें कि उनकी इस संकल्प पत्र पर सहमति है। साथ ही, प्रधानमंत्री यह भी कहें



कि उन्होंने पहले जो फ्री की रेवड़ी को लेकर कहा, वह गलत था। अभी तक मोदी जी ने बार-बार कहा है कि फ्री की रेवड़ी सही नहीं है। इसलिए अब मोदी जी देश के सामने आकर कहें कि उन्होंने पहले गलत कहा था और अरविंद केजरीवाल सही था। मोदी जी कहें कि फ्री रेवड़ी नुकसान नहीं है, बल्कि भगवान का प्रसाद है। मोदी जी सामने आकर कि कहें कि वह गलत थे, अरविंद केजरीवाल सही था और यह फ्री की रेवड़ी देश के लिए अच्छी है, यह फ्री की रेवड़ी होनी चाहिए। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आजकल रेडियो पर मोदी जी के काफी विज्ञापन चल रहे हैं। अभी जेपी नड्डा ने भी कहा कि अरविंद केजरीवाल की सभी योजनाएं लागू रखी जाएंगी। मोदी जी विशेष रूप से कहें कि अगर अरविंद केजरीवाल फ्री बिजली दे रहा है, वह भी फ्री बिजली जारी रखेंगे। अरविंद केजरीवाल फ्री पानी दे रहा है, वह भी फ्री पानी जारी रखेंगे। जेपी नड्डा ने अपने संकल्प पत्र में एलान कर दिया है कि दिल्ली में मोहल्ला क्लीनिक बंद कर दिए जाएंगे। मुझे इसका बेहद दुख है। आज हम पूरी दिल्ली में जाकर लोगों से पूछेंगे कि उन्हें मोहल्ला क्लीनिक चाहिए या नहीं। जो लोग मोहल्ला क्लीनिक के पक्ष में हैं, वह आम आदमी पार्टी को अपना वोट दें। जो चाहते हैं कि मोहल्ला क्लीनिक तोड़ दिए जाएं, वह भाजपा को वोट दें।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मोदी जी रेडियो पर आकर कहें कि अरविंद केजरीवाल जो फ्री बस की यात्रा देता है वह सही है और वह भी इसे जारी रखेंगे। जब इनको केजरीवाल का ही सारा काम करना है तो फिर केजरीवाल का काम करने के लिए भाजपा को क्यों लाया जाए ? केजरीवाल का काम तो केजरीवाल ही ज्यादा सही करेगा। अरविंद केजरीवाल को ही यह काम करने आते हैं। इनसे जनता यही पूछ रही है कि अगर आपको केजरीवाल के ही काम करने हैं तो उन कामों के लिए अरविंद केजरीवाल ही ठीक हैं, आपको क्यों वोट दें ? अरविंद केजरीवाल ने कहा कि अगर इनका एक लाइन में संकल्प पत्र बनाया जाए तो वह यह है कि जो काम अरविंद केजरीवाल कर रहा है, वह बहुत अच्छा है, भाजपा केजरीवाल के कामों की सराहना करती है और अगर दिल्ली की जनता ने मौका दिया तो केजरीवाल के काम जारी रखेंगे। यह उनका संकल्प पत्र है। उसके लिए जनता इनसे कह रही है कि आपके पास दिल्ली का क्या विजन और प्लानिंग है ? आप क्या नया करोगे ? इन लोगों के पास कोई प्लानिंग नहीं है। ये हमारे मैनिफेस्टो और चुनावी गारंटी के ऊपर चुनाव लड़ रहे हैं। मैंने अपनी जिंदगी में आज तक इससे ज्यादा खोखले विजन वाली पार्टी नहीं देखी। इनके पास दिल्ली के लिए कोई सोच, कोई विजन और कोई नीयत ही नहीं है। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि इनको जनता ने कानून-व्यवस्था संभालने की जिम्मेदारी दी हुई है। इनके पूरे संकल्प पत्र में एक लाइन नहीं लिखी हुई है कि कानून-व्यवस्था दिल्ली में कैसे ठीक करेंगे। दिल्ली के अंदर खुलेआम गैंगवार हो रही है। खुलेआम गोलियां चल रही हैं। संकल्प पत्र में एक ही लाइन लिख देते कि दिल्ली की कानून-व्यवस्था कैसे ठीक करेंगे। इनका पूरा का पूरा संकल्प पत्र झूठ का पुलिंदा है। दिल्ली की जनता भाजपा से यह पूछना चाहती है कि इन्होंने 2020 में कहा था कि जहां झुग्गी वहां मकान देंगे। इन्होंने कहा था कि 2022 तक 5 लाख झुग्गी वालों को 5 लाख मकान बनाकर देंगे। ये आज वही वादा फिर लेकर आ गए कि जहां झुग्गी वहां मकान देंगे। इन्होंने 10 साल में 4500 मकान बनाए हैं। इस गति से सारे मकान बनाने में एक हजार साल लगेंगे। इन्होंने पिछली बार वादा किया था कि कच्ची कॉलोनियों की रजिस्ट्री कराएंगे। 40 लाख लोगों की रजिस्ट्री होनी है। इन्होंने पांच साल में 25 हजार लोगों की रजिस्ट्री कराई है। इस हिसाब से पता नहीं कितने साल लगेंगे। इन्होंने यह वादा भी पूरा नहीं किया। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि भाजपा ने राजस्थान और बाकी जगहों के चुनाव में वादा किया था कि 500-500 रुपए का सिलेंडर देंगे, लेकिन कहीं नहीं दिया। इन्होंने वादा किया था कि 15 लाख रुपए देंगे लेकिन किसी को नहीं दिए। इन्होंने वादा किया था कि 2 करोड़ नौकरियां देंगे लेकिन किसी को नहीं दी। उन्होंने कहा कि जनता के इनसे दो-तीन सवाल है कि 10 साल में इन्होंने क्या काम किया ? 10 साल में पूर्वांचली समाज के लिए क्या काम किया ? 10 साल में कानून-व्यवस्था के लिए काम क्यों नहीं किया ? इनका पूरा संकल्प पत्र खोखला है और झूठ का पुलिंदा है। इनका संकल्प पत्र एक ही लाइन है कि जो काम केजरीवाल कर रहा है हम भी उनसे सीखकर यही काम करेंगे। अगर ये केजरीवाल से सीखकर काम करेंगे तो केजरीवाल कोई बुरा थोड़ी है।

मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हम पहली कैबिनेट में ही महिलाओं को 2100 रुपए सम्मान राशि देने की योजना को पास कर देंगे। भाजपा को भी पता है कि इनकी सरकार नहीं बन रही है। इनको अपना विजन थोड़ा बड़ा रखना चाहिए था। 2500 रुपए की जगह 5 हजार या 10 हजार रुपए दे देते। एलान ही तो करना था, कुछ भी ऐलान कर देते। इसमें भी इनकी इतनी संकीर्ण मानसिकता है कि ये 2500 हजार रुपए से ऊपर नहीं गए, जब एलान ही करना है और देना नहीं है। इन्हें पता है कि इनकी सरकार नहीं बन रही है। आयुष्मान भारत योजना को लेकर अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आज सुप्रीम कोर्ट ने आयुष्मान भारत योजना पर रोक लगा दी है।

# दिल्ली में फिर चलेगी झाड़ू, जनता केजरीवाल को चौथी बार सीएम बनाने को तैयार : संजय सिंह

प्रात : किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने विकासपुरी, द्वारका और मटियाला विधानसभा में आप प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। तीनों ही जनसभाओं में लोगों की जबरदस्त भीड़ रही। इस दौरान लोगों ने फिर लाएंगे केजरीवाल के जमकर नारे लगाए। संजय सिंह ने कहा कि दिल्ली में इस बार फिर झाड़ू चलेगी। दिल्ली की जनता अरविंद केजरीवाल को चौथी बार सीएम बनाने के लिए तैयार है। आम आदमी पार्टी की सरकार बनेगी तो महिलाओं के खाते में हर महीने 2100 रुपए दिया जाएगा और संजीवनी योजना लागू करके 60 साल से अधिक उम्र के बुजुर्गों का सारा इलाज मुफ्त कराया जाएगा। उन्होंने दिल्ली के लोगों को आगाह करते हुए कहा कि भाजपा श्मशान बनाने वाली पार्टी है, ये लोग आपके लिए स्कूल-अस्पताल



नहीं बना सकते। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता व राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री बनने के बाद जब अरविंद केजरीवाल सरकारी स्कूलों का दौरा करने जाते थे तो वह देखते थे कि बच्चे टाट पट्टी पर बैठकर पढ़ रहे थे। स्कूल में मकड़ी के जाले लगे हुए होते थे। बच्चियों के लिए शौचालय का इंतजाम नहीं था। आज उन्हीं सरकारी स्कूलों में अरविंद केजरीवाल ने बच्चों की पढ़ाई के लिए एयर कंडीशन क्लासरूम बनाने का काम किया है। साथ ही, सरकारी स्कूलों में एथलीट और हॉकी ग्राउंड बनवाए। स्वीमिंग पूल का निर्माण करवाया। जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की पत्नी मेलानिया ट्रंप हिंदुस्तान आईं तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनसे कहा कि गुजरात, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश के स्कूल देख लो। तो मेलानिया ट्रम्प ने कहा कि मुझे अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया के सरकारी स्कूल देखने हैं। पहले लोग कहते थे कि अमेरिका से सीखो लेकिन आज अमेरिका के लोग कह रहे हैं कि आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल से सीखो। हमने दिल्ली के अंदर कई सारे काम किए हैं। संजय सिंह ने कहा कि दूसरी तरफ भाजपा है जो एक के बाद एक झूठ बोलती है। इन्होंने कहा था कि हर साल 2 करोड़ नौकरी देंगे। लेकिन इन्होंने 11 साल में 22 करोड़ नौकरियां नहीं दी। इन्होंने कहा था कि हम इतना कालाधन लाएंगे कि हर आदमी के खाते में 15-15 लाख रुपए जमा हो जाएगा लेकिन एक रुपया नहीं आया।

# पूर्वांचली मुद्दे पर अखिलेश यादव ने भाजपा को घेरा, केजरीवाल ने कहा- बटन दबाकर देंगे जवाब

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) ने पूर्वांचली नेता को भाजपा प्रवक्ता द्वारा कहे गए कुछ शब्दों पर आपत्ति जताते हुए भाजपा पर लगातार हमले शुरू कर दिए हैं। जिसको लेकर गुरुवार को भी राजधानी के अलग-अलग इलाकों में आम आदमी पार्टी ने प्रदर्शन किया था। इसी कड़ी में अब सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भी सोशल मीडिया के जरिए भाजपा पर निशाना साधा है। उनके इस पोस्ट पर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भी अपनी टिप्पणी देते हुए कहा है कि दिल्ली वाले बटन दबाकर इसका जवाब देंगे। अखिलेश यादव ने कहा, ꠰भाजपा के एक राष्ट्रीय प्रवक्ता द्वारा एक राष्ट्रीय न्यूज चैनल पर आम आदमी पार्टी, दिल्ली के एक निर्वाचित विधायक के उपनाम को बिगाड़कर, उस उपनाम के लिए अत्यंत आपत्तिजनक अपशब्द का इस्तेमाल करना दुर्भाग्यपूर्ण ही नहीं बल्कि घोर निंदनीय भी है। उन्होंने आगे कहा कि ये कथन भाजपा की उत्तर प्रदेश, बिहार और पूर्वांचलियों के प्रति उस संकीर्ण सोच को दर्शाता है, जो हमेशा नकारात्मक रही है। ये किसी माफी से खत्म होने वाला मामला नहीं है। इस शब्द-बाण से अपमानित हुए पूर्वांचली, इसे कभी भूलेंगे नहीं।

# दिल्लीवालों ने केजरीवाल को हमेशा प्यार दिया, इस बार अपना ही रिकॉर्ड तोड़ जीत दर्ज कराएंगे : भगवंत मान

प्रात : किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। पंजाब के सीएम भगवंत मान ने शुक्रवार को आम आदमी पार्टी के प्रत्याशियों के समर्थन में पटेल नगर, करोल बाग और मोती नगर विधानसभा में रोड शो किया। तीनों ही रोड शो में समर्थकों का जबरदस्त प्यार और आशीर्वाद मिला। समर्थक ह्यफिर लाएंगे केजरीवालह्ल की धुन पर जमकर थिरकते दिखे। इस दौरान भगवंत मान ने कहा कि दिल्ली की जनता ने आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल को हमेशा खूब प्यार दिया है। हमें पूरी उम्मीद है कि इस बार भी दिल्लीवाले अपना ही रिकॉर्ड तोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल दिल्ली के लोगों को अपना परिवार मानते हैं, लेकिन भाजपा वाले सिर्फ गाली-गलौज करते हैं और इनके पास कोई मुद्दा भी नहीं है। आम आदमी पार्टी की नीयत साफ है। इसीलिए दिल्ली और पंजाब में स्कूल, अस्पताल और मोहल्ला क्लीनिकों पर काम हो रहे हैं। पटेल नगर विधानसभा में रोड शो के दौरान भगवंत मान ने कहा कि हम काम की राजनीति करते हैं। अरविंद केजरीवाल और उनकी पत्नी इनकम टैक्स में कमिश्नर थे। वो चाहते तो बहुत पैसे कमा सकते थे। लेकिन उन्होंने कुर्सी छोड़कर देश के लोगों के हित में ईमानदार राजनीति का रास्ता चुना। इसके लिए उन्हें बहुत यातनाएं झेलनी पड़ी, जेल भी जाना पड़ा। विपक्ष वाले हर रोज गालियां देते हैं और कहते हैं ये कौन आ गया ? क्योंकि केजरीवाल उनकी कुर्सियों के लिए खतरा बन गए। इसलिए ये सब हो रहा है। अगर वो इनकम टैक्स के कमिश्नर बने रहते तो कोई दिक्कत नहीं थी। इसी तरह जब मैं टीवी पर कॉमेडी करता था, मेरी खूब तारीफ करते थे लेकिन मैं अब आता हूं तो मुझे बुरा भला कहते हैं, क्योंकि अब उनकी कुर्सियों को खतरा हो गया।

# दुर्गेश पाठक ने राजेंद्र नगर विधानसभा में निकाली जन आशीर्वाद यात्रा

प्रात : किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और राजेंद्र नगर विधानसभा से प्रत्याशी दुर्गेश पाठक ने शुक्रवार को जन आशीर्वाद यात्रा निकाली। राजेंद्र नगर के नारायणा गुरुद्वारे से निकाली गई यात्रा को स्थानीय जनता को जबरदस्त प्यार और आशीर्वाद मिला। इस दौरान दुर्गेश पाठक ने अपनी विधानसभा क्षेत्र में किए कार्यो को जनता के बीच रखा। उन्होंने कहा कि भाजपा का संकल्प पत्र झूठ का पूलिंदा है। सिर्फ अरविंद केजरीवाल ही ऐसे नेता हैं, वह जो कहते हैं, करके दिखाते हैं।जन आशीर्वाद यात्रा के दौरान दुर्गेश पाठक ने कहा कि आज चारों तरफ सड़कों पर लोगों की भीड़ है। लोग यही कह रहे हैं कि अरविंद केजरीवाल को फिर से मुख्यमंत्री बनाना है और राजेंद्र नगर से आम आदमी पार्टी का विधायक चुनना है। जहां तक भाजपा के मेनिफेस्टो की बात है, तो इस तरह के मेनिफेस्टो वे हर चुनाव में लेकर आते हैं। उनके मेनिफेस्टो का कोई मतलब नहीं है, वह केवल झूठ का पुलिंदा है। पिछले 10 सालों में भाजपा ने कई मेनिफेस्टो पेश किए, लेकिन कुछ भी नहीं किया।

# अलका लांबा ने शराब नीति संबंधी बयान को लेकर आतिशी पर किया हमला

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता एवं कालकाजी विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार अलका लांबा ने शराब नीति को लेकर दिये गये बयान के लिए मुख्यमंत्री आतिशी पर जोरदार प्रहार किया है और कहा है कि भ्रष्ट एवं अस्थायी मुख्यमंत्री फि र से शराब नीति लाना चाहती हैं। श्रीमती लांबा ने शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, भ्रष्ट आम आदमी पार्टी की अस्थायी मुख्यमंत्री का मानना है कि दिल्ली में शराब नीति दुबारा लागू होनी चाहिए - एक के बाद एक शराब की दुकानें खोलने में , एक के साथ एक शराब की बोतल बेचने में - शराब पीने के लिए उम्र को 25 से घटा कर 21 कर युवा पीढ़ी को नशे में धकेल कर आम आदमी पार्टी (आप) ने सही किया। उन्होंने कहा, क्या ह्लमेरी दिल्ली वाले भी यही चाहते हैं ? ? ? दुःख और चिंता इस बात की भी है कि यह बात एक महिला मुख्यमंत्री कह रही है , विरोध करने की बजाय एक कठपुतली बन धोखेबाज श्री अरविन्द केजरीवाल के दबाव में कह रही है। गौरतलब है कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में कालकाजी सीट पर श्रीमती लांबा, श्रीमती आतिशी और भारतीय जनता पार्टी के नेता रमेश बिधूड़ी आमने-सामने है।

**JOTINDRA INFRASTRUCTURE LIMITED**

**(Formerly Known as: Jotindra Steel & Tubes Ltd.)**
**CIN: L27104HR1970PLC005240**
**Registered Office-14/3 Mathura Road, Sector45, Faridabad 121010, (Haryana) India**
**Phone : +91-129-2477888 E-mail: jotindra@jotindra.com**

**Dear Members**

We are enclosing the Postal Ballot Notice ('Notice') for seeking approval of the Members of the Company by way of Ordinary Resolution for:

a) **Increase in Authorised Share Capital and consequent alteration to the Capital Clause of the Memorandum of Association**

b) **To approve the requests received from person belonging to the promoter and promoter group of the Company, for re-classification from the 'promoter and promoter group' category to 'public' category shareholder-**

c) **Appointment of Mr. VISHNU KUMAR SUREKA (DIN: 00060160) as a Director of the Company.**

The said Notice is also available on the website of the Company **https://jotindra.com/** the relevant section of the website of Metropolitan Stock Exchange **https://www.msei.in/** on which the Equity Shares of the Company are listed and on the website of National Securities Depository Limited (NSDL): **www.evoting.nsdl.com.**

**NOTICE** is hereby given that pursuant to Section 110 and other applicable provisions, if any, of the Companies Act, 2013("Act") (including any statutory modification(s) or re-enactment(s) thereof for the time being in force) read with Rule 20 and Rule 22 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014 (including any statutory modification(s) or re-enactment(s) thereof for the time being in force) ("Rules"), Regulation 44 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 ("Listing Regulations"), General Circular Nos. 14/2020 dated April 8, 2020 and 17/2020 dated April 13, 2020 read with other relevant circulars, including General Circular Nos. 10/2021 dated June 23, 2021 and 20/2021 dated December 8, 2021, issued by the Ministry of Corporate Affairs, Government of India ("MCA Circulars"), Secretarial Standard on General Meetings ("SS-2") issued by the Institute of Company Secretaries of India and any other applicable law, rules and regulations (including any statutory modification(s) or re-enactment(s) thereof for the time being in force), for seeking the approval of the Members of JOTINDRA INFRASTRUCTURE LIMITED (FORMERLY KNOWN AS JOTINDRA STEEL & TUBES LIMITED) to transact the Business as set out below and as contained in the Postal Ballot Notice dated 16.01.2025 ("Postal Ballot Notice"), by passing the said resolutions through Postal Ballot, only by way of remote e-voting process. The Company has engaged the services of NSDL for providing remote e-Voting facilities to the Members, enabling them to cast their vote electronically and in a secure manner.

The Postal Ballot Notice is being sent by e-mail only to those eligible Members who have already registered their e-mail address with the Depositories / their depository participant / the Company's Registrar and Share Transfer Agents (BEETAL FINANCIAL & COMPUTER SERVICES (P) LTD the Company or who will register their e-mail address with (BEETAL FINANCIAL & COMPUTER SERVICES (P) LTD on or before 5:00 p.m. (IST) on (17.01.2025)

The remote e-Voting facility would be available during the following period:

| | |
|---|---|
| Commencement of e-Voting | 18.01.2025 |
| End of e-Voting | 16.02.2025 |

Members are requested to record their assent (FOR) or dissent (AGAINST) through the remote e-Voting process not later than 5.00 p.m. (IST) on (16.02.2025). Remote e-Voting will be blocked by NSDL immediately thereafter and will not be allowed beyond the said date and time. During this period, Members of the Company holding shares either in physical or electronic form, as on the cut-off date, i.e. (10.01.2025) shall cast their vote electronically. The voting rights shall also be reckoned on the paid-up value of shares registered in the name(s) of the Member(s) as on the cut-off date. Once the vote on a resolution is cast by a Member, the Member shall not be allowed to change it subsequently.

The process and manner for remote e-Voting are detailed in the Notes forming part of the attached Notice.

In case of any queries, you may refer the Frequently Asked Questions (FAQs) for Shareholders and e-Voting user manual for Shareholders available at the download section of **www.evoting.nsdl.com** or call on toll free no.: 1800 1020 990/1800 224 430 or send a request at **evoting@nsdl.co.in.**

Assuring you of our best services.

**By Order of the Board of Directors of**
**Jotindra Infrastructure Limited**
**Sd/-**
**Nimanshu Singh**
**Company Secretary & Compliance Officer**
**Membership No.: 68281**

**Date: 16th January, 2025**
**Place: Faridabad**

## संक्षिप्त खबरें

### दिल्ली में आम आदमी पार्टी के दो पार्षद हुए भाजपा में शामिल

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले शुक्रवार को आम आदमी पार्टी (आप) के पार्षद रवींद्र सोलंकी और नरेंद्र गिरसा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गये। इसे आप के लिए एक झटका माना जा रहा है। बापरोला वार्ड से पार्षद सोलंकी और मंगलापुरी से पार्षद गिरसा भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा एवं पश्चिमी दिल्ली की सांसद कमलजीत सहरावत की उपस्थिति में पार्टी में शामिल हुए। ये दोनों ही वार्ड सहरावत के लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं। सहरावत ने कहा कि दोनों पार्षद आम आदमी पार्टी के संस्थापक सदस्यों में से हैं और पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की राजनीति और नीतियों से उनका मोहभंग हो गया है। उन्होंने कहा, सोलंकी और गिरसा ने पाला नहीं बदला है, बल्कि केजरीवाल ने पाला बदला है, जिसके कारण उन्हें (इन दोनों को) पार्टी छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा। दिल्ली की 70 सदस्यीय विधानसभा के लिए पांच फरवरी को मतदान होगा। चुनाव परिणाम की घोषणा आठ फरवरी को की जाएगी।

### दिल्ली के चिड़ियाघर में अफ्रीकी बबून की मौत

नई दिल्ली। दिल्ली के चिड़ियाघर में एक मादा अफ्रीकी बबून की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।पिछले कुछ सप्ताह में चिड़ियाघर में तीन पशुओं की मौत हो चुकी है। दिल्ली चिड़ियाघर के नाम से प्रसिद्ध राष्ट्रीय प्राणी उद्यान की ओर से बताया गया कि चिंटूनामक बबून को बृहस्पतिवार को सुस्त देखा गया और उसकी तबियत बिगड़ने के बाद उसे पशु चिकित्सालय में स्थानांतरित कर दिया गया। एक अधिकारी ने बताया कि बाद में पशु की मौत हो गई। चिड़ियाघर के निदेशक संजीत कुमार ने कहा, मौत के कारण की अभी पुष्टि नहीं हुई है। हम बरेली स्थित भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) से रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं।हाल में चिड़ियाघर में सफेद बाघ का एक शावक और एक सींग वाले एक गैंडे की मौत हो गई।नाम न बताने की शर्त पर चिड़ियाघर के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इन जानवरों की मौत का एक कारण ठंड का मौसम हो सकता है। अधिकारी ने कहा, बबून को सुस्त देखा गया था और उसके कांपने से ये संकेत मिल रहा था कि वह अस्वस्थ है। चिड़ियाघर में चार बबून थे और चिंटू की मौत के बाद अब यहां सिर्फ तीन बबून बचे हैं। चिड़ियाघर में दो जनवरी को धर्मेंद्र नाम के एक सींग वाले नर गैंडे की तीव्र रक्तस्रावी आंत्रशोथ के कारण मौत हो गई थी और अब यहां सिर्फ एक मादा गैंडा है। इससे चार दिन पहले चिड़ियाघर में नौ माह के सफेद बाघ की मौत हो गई थी। पोस्टमार्टम में मौत का कारण ट्रॉमेटिक शॉक और निमोनिया बताया गया।

### वसंत विहार के सैलून में आधी रात हुई थी चोरी की वारदात

नई दिल्ली। वसंत विहार थाना की पुलिस टीम ने एक हाई प्रोफाइल सैलून में हुई चोरी के मामले का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान प्रद्युम्न और करण उर्फ गोलू के रूप में हुई है। इनके पास से पुलिस ने 1.26 लाख कैश बरामद किया है। डीसीपी सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि 13 जनवरी को चोरी के मामले की शिकायत पुलिस को मिली थी। बताया गया कि वसंत विहार के प्रिया मार्केट में स्थित एक सैलून से 1.70 लाख रुपए चोरी हो गए हैं। उस मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज करके छानबीन शुरू की। एसएचओ राकेश कुमार की देखरेख में हेड कांस्टेबल मनीष, राजकुमार, कांस्टेबल पंकज, प्रकाश और लेडी कांस्टेबल कविता की टीम ने छानबीन शुरू की।

### बेरीवाला बाग में पकड़ा गया वांटेड मोबाइल लुटेरा

नई दिल्ली। वेस्ट डिस्ट्रिक्ट के स्पेशल स्टाफ की पुलिस टीम ने मोबाईल लूटने वाले मामले में वांटेड एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। इसकी पहचान फरमान उर्फ रुपेश के रूप में हुईहै। इस पर पहले से 17 आपराधिक मामले चल रहे हैं। पुलिस ने इसके पास से 6 मोबाइल और चोरी की मोटरसाइकिल भी बरामद किया है। इस आरोपी की हरी नगर पुलिस को काफी समय से तलाश थी। डीसीपी विचित्र वीर ने बताया कि यह पहाड़गंज का रहने वाला है और अलग-अलग इलाकों में स्नेचिंग की वारदात को अंजाम देता है। इसका एक भाई भी क्रिमिनल एक्टिविटी में शामिल रहा है।एसीपी ऑपरेशन अरविंद कुमार की देखरेख में इंस्पेक्टर राजेश मौर्या, सब इंस्पेक्टर नरेश, एएसआई ऋषि की टीम ने बेरीवाला बाग के पास इसे पकड़ा। यह बिना नंबर प्लेट की बाईक से जा रहा था। पुलिस ने जब जीपनेट से उस मोटरसाइकिल की जांच की तो वह चोरी की निकली। उसकी तलाशी 6 मोबाइल बरामद किए गए। पुलिस को पता चला यह कुछ समय पहले जेल से बेल पर छूटकर बाहर आया था। ड्रग्स एडिक्ट होने के कारण लगातार आपराधिक वारदात को अंजाम देता था।

## दिल्ली चुनाव 2025 : मॉडल टाउन में भाजपा और कांग्रेस के सामने आप का तिलिस्म तोड़ने की चुनौती

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा चुनाव की तैयारियां सभी पार्टियां कर रही हैं। एक-एक सीट पर लड़ाई महत्वपूर्ण हो गई है। उत्तरी दिल्ली के पॉश इलाकों में शामिल मॉडल टाउन में आप के सामने जीत की लय बरकरार रखने की चुनौती है तो वहीं भाजपा और कांग्रेस इसे तोड़ने के लिए पूरा जोर लगा रही हैं। मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र चांदनी चौक लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र का हिस्सा है। यह क्षेत्र उत्तरी दिल्ली के पॉश इलाकों में शामिल है और इसे तीन भागों में बांटा गया है। इसे मॉडल टाउन 1, 2, और 3 में बांटा गया है। मॉडल टाउन का विकास 1950 के दशक की शुरूआत में डीएलएफ ग्रुप द्वारा किया गया था। इस क्षेत्र को उस समय दिल्ली लैंड एंड फाइनेंस के नाम से जाना जाता था। यह दिल्ली में निजी तौर पर विकसित किए गए पहले इलाकों में से एक था और आज यह उत्तरी दिल्ली जिले के तीन प्रशासनिक प्रभागों में से एक के तौर पर जाना जाता है। मॉडल टाउन क्षेत्र को ब्लॉकों और



उप-कॉलोनियों में विभाजित किया गया है और यह अलीपुर तथा नरेला के साथ उत्तरी दिल्ली का हिस्सा है। मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र में कुल 1,77,944 मतदाता हैं, जिनमें 97,223 पुरुष, 80,709 महिला और एक थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। यह इलाका हमेशा से दिल्ली की सियासत का महत्वपूर्ण हिस्सा रहा है। साल 2020 के विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार अखिलेश पति त्रिपाठी ने 52,665 वोट प्राप्त कर चुनाव जीत लिया, जबकि भाजपा के कपिल मिश्रा को 41,532 वोट मिले। कांग्रेस की आकांक्षा ओला को 4,085 वोट मिले। यह चुनाव खास इसलिए था क्योंकि कपिल मिश्रा पहले आम आदमी पार्टी में थे, लेकिन बाद में वह भाजपा में शामिल हो गए थे। अखिलेश त्रिपाठी ने कपिल मिश्रा को 11,133 वोटों के अंतर से हराया। इससे पहले 2015 के विधानसभा चुनावों में भी अखिलेश पति त्रिपाठी ने 54,628 वोटों के साथ जीत हासिल की। भाजपा के विवेक गर्ग को 37,922 वोट मिले, जबकि कांग्रेस के कंवर करण सिंह को 8,992 वोट मिले। साल 2013 के चुनाव में अखिलेश पति त्रिपाठी ने 38,492 वोटों के साथ भाजपा के अशोक गोयल को हराया, जबकि कांग्रेस के कंवर करण सिंह 23,983 वोटों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। मॉडल टाउन विधानसभा सीट 1993 में अस्तित्व में आई तो पहले चुनाव में यहां से भाजपा ने जीत हासिल की। हालांकि, 1998 में कांग्रेस के कंवर करण सिंह ने जीत हासिल की और भाजपा के भोलानाथ विज हराया। कंवर सिंह ने 2003 और 2008 में भी लगातार जीत हासिल की और तीन बार इस सीट पर विजय प्राप्त की। लेकिन 2013 में आम आदमी पार्टी के आगमन के साथ दिल्ली की सियासत में बड़ा बदलाव आया। मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र पर चुनावी मुकाबले हमेशा ही दिल्ली की राजनीति में महत्वपूर्ण रहे हैं। आगामी चुनावों में आम आदमी पार्टी के लिए सत्ता में लौटने की चुनौती है, जबकि भाजपा और कांग्रेस भी अपनी तैयारी में जुटी हुई हैं।

## दिल्ली विधानसभा चुनाव: हरियाणा बॉर्डर पर संदिग्ध गतिविधियों पर पुलिस की नजर

### दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर पुलिस ऐक्शन मोड में, चुनाव आचार संहिता उल्लंघन मामलों पर सख्त कार्रवाई

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 के शांतिपूर्ण और निष्पक्ष संचालन के लिए दिल्ली पुलिस का साउथ वेस्ट डिस्ट्रिक्ट ऐक्शन मोड में आ गया है। पुलिस ने चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद से जहां शरारती तत्वों और कानून तोड़ने वालों के खिलाफ धरपकड़ तेज की वहीं आचार संहिता तोड़ने वालों पर भी सख्ती दिखा रही है।

चुनाव के चलते पुलिस ने हरियाणा से लगते बॉर्डर पर संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए नौ पिकेट लगाए हैं। वसंत कुंज और कापसहेड़ा पुलिस थाने के आस-पास हर संदिग्ध वाहन की तलाशी ली जा रही है। एक जानकारी अनुसार आचार संहिता लगने से अब ते करीब 7894 वाहन जांचे जा चुके हैं। यही नहीं 1148 किराएदार और नौकरों के सत्यापन की प्रक्रिया भी की गई है। इसके अतिरिक्त 194 होटल्स को




जांच के दायरे में लिया गया है। अवैध गतिविधियों पर कार्रवाई : एक्साइज एक्ट के तहत 34 केस दर्ज किए गए हैं। 10 हजार से अधिक अवैध शराब की बोतलें जब्त की गई हैं। 16.73 किलोग्राम गांजा और 36.90 ग्राम हेरोइन को ड्रग्स से संबंधित चार मामलों में बरामद किया गया है। यही नहीं आर्म्स एक्ट के तहत 4 पिस्टल और 5 चाकू को 10 लोगों से बरामद किया गया है। गहन पुलिस अभियान : पुलिस ने आचार संहिता लागू होने के बाद से 200 लोगों को गिरफ्तार किया है। साढ़े चार हजार से अधिकः लोगों से पूछताछ की गई है। 5 लोगों की हिस्ट्रीशीट दोबारा खोली गई है। संवेदनशील मतदान केंद्रों पर फोकस : साउथ वेस्ट डिस्ट्रिक्ट में कुल 777 मतदान केंद्र हैं, जिनमें से 186 को संवेदनशील घोषित किया गया है। स्थिति को सामान्य रखने के लिए बाहरी फोर्स की तैनाती की गई है। पांच कंपनियां स्थायी रूप से और 3-4 कंपनियां गश्त और तलाशी अभियानों के लिए हैं। फुट पेट्रोलिंग और संदिग्धों की जांच नियमित रूप से की जा रही है। पुलिस का कहना है कि नशीले पदार्थ और तस्करी पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसके चलते शराब तस्करी मामले में हरियाणा से लाई गई तस्करी के दौरान 2 कार, 7 स्कूटर, और 1 ई-रिक्शा जब्त किया गया है। वहीं 3,150 रुपये नकद के साथ मादक पदार्थ जब्त किया गया है। डीडीसीपी सुरेंद्र चौधरी का कहना है कि हमारा उद्देश्य चुनावों को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराना है। इसके लिए व्यापक सुरक्षा व्यवस्था और सख्त निगरानी रखी जा रही है।

## वसंत कुंज के होटल में की रेड, सेक्स रैकेट का खुलासा



प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली के वसंत कुंज थाना इलाके में स्थित एक होटल में चल रहे सेक्स रैकेट का पदार्फाश करते हुए पुलिस ने होटल के मालिक, मैनेजर सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहां से 10 लड़कियों को बरामद किया गया है। जिनमें दिल्ली, असम, राजस्थान, वेस्ट बंगाल और हरियाणा की रहने वाली लड़कियां शामिल हैं। इसकी पुष्टि करते हुए डीसीपी सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि पुलिस टीम को एक इनफार्मेशन मिली थी। इस थाना इलाके के महिपालपुर स्थित होटल द न्यू व्यू में इस तरह का रैकेट चलाया जा रहा है।

वहां पर एक नकली कस्टमर को बनाकर भेजा गया, उसने 2000 में बात तय कर ली। जब होटल में सब कुछ ओके हो गया तो फिर जिला के एंटी स्नैचिंग सेल और वसंत कुंज नॉर्थ थाना की पुलिस टीम ने वहां पर छापा मारा। एंटी स्नेचिंग सेल के इंचार्ज इंस्पेक्टर हरि सिंह, एसएचओ बलबीर कुमार, सब इंस्पेक्टर ऋषिकांत, कमल कांत, मांगीलाल की टीम ने वहां से 10 लड़कियों को बरामद किया गया। जो असम, राजस्थान, हरियाणा, वेस्ट बंगाल, नॉर्थ ईस्ट दिल्ली, द्वारका और साउथ दिल्ली की रहने वाली निकली। इस मामले में पुलिस ने एक दलाल अब्दुल रशीद उर्फ बबलू, मैनेजर आकाश कुमार के अलावा होटल के मालिक निगम कुमार को वहीं से। पकड़ा है। यह तीनों वेस्ट बंगाल, बिहार और दिल्ली के रहने वाले हैं।

पुलिस ने इस मामले में आईटीपी एक्ट के तहत वसंत कुंज नॉर्थ थाना में मामला दर्ज किया है। तीनों आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में पुलिस को पता लगा कि 50 साल का अब्दुल रशीद एजेंट के रूप में काम करता था। वह बाहर से लोगों को अप्रोच करके यहां तक लाता था। इस गोरख धंधे में होटल का ओनर निगम कुमार और मैनेजर आकाश कुमार इस एजेंट के साथ मिलकर इस धंधे को चला रहे थे।

## द्वारका में पुलिस ओर बदमाशो के बीच मुठभेड़

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। कई जघन्य मामलों में शामिल बदमाशों के साथ द्वारका जिला के स्पेशल स्टाफ की पुलिस टीम की मुठभेड़ हुई है। जिसमें दोनों तरफ से कई राउंड गोलियां चली है। इसमें एक बदमाश घायल भी हुआ है। जिसकी पहचान हिस्ट्री सीटर गोलू के रूप में बताई जा रही है। उसके पैर में गोली लगी है, उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डीसीपी द्वारका अंकित सिंह ने इस मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पकड़े गए बदमाशों के खिलाफ कई मामले पहले से दर्ज हैं। ये लोग किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने के लिए प्लानिंग कर रहे थे। और उसी के लिए इकट्ठा हुए थे।

इनके बारे में इनफार्मेशन मिलने के बाद पुलिस टीम ने छावला इलाके में इन्हें ट्रैक किया। पुलिस से घिरता देख बदमाशों ने भागने के लिए पुलिस टीम पर गोली चलानी शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस टीम ने भी गोली चलाई और एक को



घायल करके बाकी तीन को दबोच लिया है। इनसे अभी पूछताछ की जा रही है और पुराने मामलों के बारे में भी जानकारी ली जा रही है। मौके से हथियार भी पुलिस ने बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार ये सभी बदमाश नवीन खाती उर्फ पहलवान गैंग के हैं। इनके पास से 7.65 एमएम के एक पिस्टल के अलावा तीन देसी पिस्टल, 6 जिंदा कारतूस भी बरामद किया गया है। गिरफ्तार बदमाशों में से सज्जन उर्फ लाला नीरज उर्फ चोटीवाला, नकुल और संदीप पहले से मर्डर, आर्म्स रॉबरी इत्यादि कई मामलों में शामिल रहा है। मुठभेड़ के दौरान सज्जन ( जो हिस्ट्री शीटर है ) ने पुलिस टीम पर गोली चलाई थी। इसके पैर में पुलिस की गोली लगी है। यह मर्डर, लूट, हत्या के प्रयास के 11 मामलों में शामिल रहा है। नकुल 14, नीरज 8 और संदीप एक मामले में इंवॉल्व है। इनके बारे में हेड कांस्टेबल संदीप को सूचना मिली थी। नवीन खाती गैंग के बदमाश घुम्मनहेड़ा गांव में एक मकान पर इकट्ठा होने वाले हैं। उस सूचना पर इंस्पेक्टर विश्वेंद्र, सब इंस्पेक्टर जयवीर, राकेश, एएसआई रसमुद्दीन, हेड कांस्टेबल संदीप, देव कुमार, कुलदीप, परवीन और कांस्टेबल रवि की टीम उस लोकेशन पर पहुंची। देखा कि तीन चार लोग संदीप के घर के बाहर खड़े हैं। पुलिस टीम को देखते हुए घर के अंदर घुस गए और एक ने पुलिस पर गोली चलानी शुरू कर दी। एक गोली हेड कांस्टेबल देव कुमार के बुलेट प्रूफ जैकेट पर लगी। जवाबी कारवाई में पुलिस ने गोली चलाई बदमाश के पैर में लगी। घायल को पीसीआर के द्वारा हॉस्पिटल में ले जाया गया।

## पहाड़गंज के वांटेड को हरीनगर में स्पेशल स्टाफ ने दबोचा



प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। चोरी की मोटर साइकिल से मोबाइल लूट की वारदात को अंजाम देने वाले एक वांटेड को वेस्ट डिस्ट्रिक्ट के स्पेशल स्टाफ की पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान फरमान उर्फ रुपेश के रूप में हुई है। यह पहले से 17 आपराधिक मामलों में भी शामिल रहा है। इसके पास से आधा दर्जन मोबाइल और चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की गई है। हरी नगर पुलिस को स्नेचिंग के मामले में इसकी काफी समय से तलाश थी। यह पहाड़गंज का रहने वाला है और दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में स्नेचिंग की वारदात को अंजाम देता है। इसका एक भाई भी आपराधिक वारदात के अंजाम देने में शामिल है। डीसीपी विचित्र वीर ने बताया कि इस बदमाश के बारे में पता लगाने के लिए स्पेशल स्टाफ की टीम को लगाया गया था। एसीपी ऑपरेशन अरविंद कुमार की देखरेख में इंस्पेक्टर राजेश मौर्या, सब इंस्पेक्टर नरेश कुमार, एएसआई ऋषि, हेड कांस्टेबल विजय, शेखर, दीपक और उमेश की टीम ने हरी नगर के बेरीवाला बाग के पास ट्रैप लगाकर इसे पकड़ा। यह बिना नंबर प्लेट लगाई हुई मोटरसाइकिल से जा रहा था। पुलिस टीम ने जब उस मोटरसाइकिल के डॉक्यूमेंट की जांच की तो चोरी की निकली। तलाशी में इसके पास से आधा दर्जन मोबाइल बरामद किए गए। पूछताछ से पता चला कि यह पिछले साल जेल से बेल पर छूटकर बाहर आया था। यह स्मैक, गांजा का आदी है और उसी की पूर्ति करने के लिए यह लगातार वारदात को अंजाम देता है। आगे की छानबीन पुलिस टीम कर रही है।

## मॉल में हुआ मॉक ड्रिल, पुलिस, बम स्क्वाड, फायर पहुंची

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। 26 जनवरी को नजदीक देखते हुए दिल्ली पुलिस अलग-अलग इलाकों में मॉक ड्रिल करके सुरक्षा एजेंसियों का अलर्टनेस और आपसी तालमेल की लगातार जांच कर रही है। इसी कड़ी में आरके पुरम के ₹ संगम कोर्टयार्ड मॉल₹ में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। जिसमें दिल्ली पुलिस के लोकल थाना की टीम के अलावा बम डिस्पोजल टीम, डॉग स्क्वाड, फायर ब्रिगेड, एंबुलेंस इत्यादि पहुंचे।

गुरुवार शाम पुलिस को सूचना मिली कि स्टार बक्स कैफे के पास एक संदिग्ध हैंडबैग पड़ा हुआ है, जिसमें कुछ भी हो सकता है। पुलिस कंट्रोल रूम को 5:30 बजे सूचना मिली थी, मौके पर पीसीआर, लोकल पुलिस, बम स्क्वायड सहित पुलिस टीम पहुंच गई। एसीपी वसंत विहार गरिमा तिवारी, एसएचओ



रविंद्र कुमार, इंस्पेक्टर विनय कुमार यादव सहित और भी टीम के पुलिसकर्मी पहुंचे। लगभग 1 घंटे के बाद इस मॉक ड्रिल को संपन्न किया गया।

डीसीपी सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि इससे पहले भी हयात होटल में सफल मॉक ड्रिल का आयोजन किया जा चुका है। पुलिस टीम समय पर पहुंचकर मॉक ड्रिल को पूरी तरीके से कंप्लीट करने में कामयाब रही। इस तरह के ड्रिल के आयोजन से रिस्पांस टाइम का भी पता चलता रहता है।

## द्वारका एक्सप्रेस वे के पास शराब से भरी गाड़ी पकड़ी

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। द्वारका जिला के एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वाड की पुलिस टीम ने शराब तस्करी के एक मामले में एक इंटरस्टेट शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। इसके पास से 1150 क्वार्टर शराब का बरामद किया गया, जो सिर्फ हरियाणा में ही बिकने के लिए मान्य थी। पुलिस ने शराब तस्करी में इस्तेमाल एक कार को भी जप्त किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान राम उर्फ विक्की के रूप में



हुई है। डीसीपी द्वारका अंकित सिंह ने बताया कि इंस्पेक्टर कमलेश कुमार की देखरेख में हेड कांस्टेबल रामरई और जगत की टीम ने एक इनफॉरमेशन के आधार पर इस शराब तस्कर के बारे में जानकारी इकट्ठा की थी। एएनपीआर कैमरे की मदद से गाड़ी की डिटेल निकाली। फिर द्वारका एक्सप्रेसवे के साथ सर्विस रोड पर ट्रैप लगाकर एक कार को रोका गया। उसमें से 23 पेटियां बरामद की गई। पुलिस ने शराब को और कार को जप्त कर लिया है। आरोपी राम उर्फ विक्की को गिरफ्तार कर लिया गया। पता चला कि इसके ऊपर पहले से भी दिल्ली एक्साइज एक्ट, लूट और हत्या के प्रयास के चार मामले चल रहे हैं। यह दिल्ली के मोहन गार्डन इलाके का रहने वाला है।

## लोजपा (रामविलास) ने देवली से भाजपा नेता दीपक तंवर को दिया टिकट

नई दिल्ली। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने शुक्रवार को दिल्ली की देवली सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता दीपक तंवर वाल्मिकी को अपना उम्मीदवार घोषित किया। लोजपा (रामविलास) के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में तंवर को पार्टी का उम्मीदवार घोषित किया। उन्होंने कहा, हमारी पार्टी ने देवली सीट से ऐसे प्रत्याशी को चुनाव लड़ाने का फैसला किया है जिन्होंने लंबे समय तक बिना किसी स्वार्थ के अपने क्षेत्र के लोगों के बीच काम किया है। दीपक तंवर दशकों से मेरे और मेरे परिवार के विचारों के साथ जुड़े रहे हैं। पासवान ने उम्मीद जताई कि तंवर बड़े अंतर से जीत दर्ज करेंगे। तंवर लंबे समय से भाजपा की दिल्ली इकाई में सक्रिय रहे हैं। भाजपा ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक दलों, जनता दल (यूनाईटेड) और लोजपा (रामविलास) को दिल्ली विधानसभा चुनाव में एक-एक सीट दी है। भाजपा यहां की 70 सदस्यीय विधानसभा की 68 सीट पर चुनाव लड़ रही है। जद (यू) ने अपने हिस्से आई बुराड़ी सीट से पार्टी के नेता शैलेन्द्र कुमार को उम्मीदवार घोषित किया है।

**रोक** — जस्टिस बीआर गवई और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ दिल्ली सरकार की अपील पर विचार करते हुए यह आदेश दिया है।

## दिल्ली में फिलहाल लागू नहीं होगा आयुष्मान भारत योजना, उच्च न्यायालय के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली, । केंद्र सरकार की आयुष्मान भारत स्वास्थ्य योजना फिलहाल दिल्ली में लागू नहीं होगा। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को दिल्ली हाईकोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा फिलहाल रोक लगा दी है, जिसमें दिल्ली सरकार को पीएम-आयुष्मान भारत हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर मिशन (पीएम-एबीएचआईएम) को लागू करने के लिए पांच जनवरी तक केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करने को कहा था। जस्टिस बीआर गवई और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ दिल्ली सरकार की अपील पर विचार करते हुए यह आदेश दिया है। पीठ ने उच्च न्यायालय के 24 दिसंबर, 2024 के आदेश पर रोक लगाने के साथ ही, दिल्ली सरकार की याचिका पर केंद्र सरकार एवं अन्य को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। इससे पहले, दिल्ली सरकार की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने शीर्ष अदालत से उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगाने की मांग की। उन्होंने पीठ से कहा कि ह्यकेंद्र की शक्तियां राज्य सूची में प्रविष्टि 1, 2 और 18 के तहत मामलों तक सीमित हैं यानी सार्वजनिक व्यवस्था, पुलिस और भूमि तक ही केंद्र की शक्तियां सीमित है। वरिष्ठ अधिवक्ता सिंघवी ने कहा कि लेकिन उच्च न्यायालय ने इस मामले में आदेश के माध्यम से, स्वास्थ्य क्षेत्र के संबंध में सरकारों की शक्तियों को फिर से परिभाषित कर दिया है। दिल्ली सरकार का पक्ष रखते हुए, सिंघवी




ने शीर्ष अदालत से उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगाने की मांग की। उन्होंने केंद्र व राज्यों की शक्तियों को लेकर संवैधानिक प्रावधानों का हवाला देते हुए शीर्ष अदालत से कहा कि हाईकोर्ट अपने आदेश के जरिए दिल्ली सरकार को आयुष्मान भारत स्वास्थ्य योजना को लागू करने के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस योजना को लागू करना या नहीं करना, नीतिगत फैसला होगा, ऐसे में उच्च न्यायालय याचिकाकर्ता दिल्ली सरकार को केंद्र के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने के लिए मजबूर नहीं कर सकती। इस योजना को लागू करने पर 60 फीसदी केंद्र सरकार धन देती है, जबकि 40 फीसदी राज्य सरकार। दिल्ली सरकार ने कोर्ट को बताया कि उसके पाद दिल्ली के लोगों के लिए बेहतर स्वास्थ्य योजना है, जिसकी पहुंच भी बड़ी है। इसके बाद पीठ ने उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगाने के साथ ही, दिल्ली सरकार की याचिका पर केंद्र व अन्य को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। उच्च न्यायालय ने एक जनहित याचिका पर विचार करते हुए, 24 दिसंबर, 2024 को दिल्ली सरकार को आयुष्मान भारत योजना को लागू करने के लिए केंद्र के साथ समझौता ज्ञापन पर 5 जनवरी तक हस्ताक्षर करने का आदेश दिया था। उच्च न्यायालय ने कहा था कि आयुष्मान भारत कार्ड को दिल्ली में पूरी तरह से लागू करना होगा ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि यहां के निवासी इसके तहत कोष और सुविधाओं से वंचित नहीं हों। उच्च न्यायालय ने यह भी कहा था कि विधानसभा चुनाव के मद्देनजर यदि आदर्श आचार संहिता लागू हो जाता है, तब भी दिल्ली सरकार को केंद्र के साथ इस योजना को लागू करने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए जाएंगे, क्योंकि इसकी निगरानी इस अदालत द्वारा की गई है और यह दिल्ली के नागरिकों के लाभ के लिए है।

**संक्षिप्त खबरें**

## रिश्तेदार बनकर 18 हजार रुपये ठगे

मुरादनगर। गांव जलालाबाद निवासी देवेंद्र कुमार ने बताया कि मोबाइल पर अनजान नंबर से फोन आया था। फोन करने वाले ने खुद को उनका रिश्तेदार बताया और कहा कि मेरा यूपीआई नहीं चल रहा। मैने आपके खाते में 25 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। उसने स्क्रीन शॉट भी भेजा। फिर आरोपी के कहने पर पीड़ित ने 18 हजार रुपये भेज दिए। इसके बाद जब खाते की जांच की तो फजीर्वाड़े का पता चला। पुलिस केस दर्ज कर जांच में जुट गई है।

## हिन्दी भवन में 19 जनवरी को होगा राधा नाम संकीर्तन का आयोजन

गाजियाबाद। लोहिया नगर स्थित हिन्दी भवन में 19 जनवरी को श्री बांके बिहारी संकीर्तन मंडल राधानाम संकीर्तन का आयोजन करेगा। जिसमें प्रसिद्ध भजन गायक जतिन विनोद अग्रवाल भगवान की कई भजनों की अमृत वर्षा करेंगे। शुक्रवार को श्री बांके बिहारी संकीर्तन मंडल ने जीटी रोड स्थित एक होटल में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया। संकीर्तन मंडल के अध्यक्ष हृदय नारायण ने वार्ता में बताया कि श्री बांके बिहारी संकीर्तन मंडल के 23वें स्थापना दिवस एवं पूज्य सद्गुरुदेव गोलोकवासी पंडित श्याम सुंदर शर्मा जी के जन्म दिवस के अवसर पर 19 जनवरी को हिन्दी भवन में शाम पांच बजे से श्री राधानाम संकीर्तन का आयोजन भव्य रूप से किया जाएगा। इसमें गोलोकवासी संकीर्तन सम्राट विनोद अग्रवाल के सुपुत्र एवं प्रसिद्ध भजन गायक जतिन विनोद अग्रवाल भगवान के कई सुंदर भजनों की अमृत वर्षा करेंगे। वे पहली बार भजन करने के लिए गाजियाबाद आ रहे हैं। यह कार्यक्रम धार्मिक और सांस्कृतिक समागम का प्रतीक होगा, जहां सैकड़ो भक्त राधा कृष्ण की भक्ति में डूबेंगे। पत्रकार वार्ता में संजीव रहेजा, संस्था के संरक्षक प्रेमचंद गुप्ता, पवन जिंदल, राकेश बेदी, जोगेंद्र सहगल एवं संजय रैना उपस्थित रहे।

## अलाव के लिए रोजाना सूखी लकड़ी डालने के निर्देश

गाजियाबाद। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने उद्यान प्रभारी को अलाव के लिए रोजाना सूखी लकड़ी डलवाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी अलाव की जीयो टैग फोटो अपलोड करने के निर्देश दिए। नगर आयुक्त ने बताया कि शहर के प्रमुख 118 स्थानों पर अलाव का इंतजाम किया है। कड़ाके की ठंड को देखते हुए अलाव वाले स्थानों पर रोजाना सूखी लकड़ी भेजने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि इस वर्ष पिछले साल की तुलना में ज्यादा स्थानों पर अलाव का इंतजाम कराया है। उन्होंने बताया कि सभी रैन बसेरों में भी अलाव का इंतजाम है।

## वसुंधरा में दूषित पानी की आपूर्ति लोग परेशान

ट्रांस हिंडन। वसुंधरा सेक्टर दो के ब्लॉक बी में शुक्रवार को दूषित पानी की आपूर्ति हुई। इससे चार हजार से अधिक लोगों को परेशानी हुई। रोजमर्रा के काम प्रभावित हुए। वहीं, लोगों को बाहर से बोतलबंद पानी मंगाकर काम चलाना पड़ा। वसुंधरा सेक्टर दो के ब्लॉक बी की निर्वाण सोसाइटी में करीब 1200 फ्लैटों दूषित पानी की आपूर्ति हुई। स्थानीय निवास विनीता शर्मा ने बताया कि सुबह मोटर चलने के बाद करीब 30 मिनट गंदा पानी आता है। पड़ोस के घरों में जानकारी करने पर पता चला कि पूरी सोसाइटी में गंदा पानी आ रहा। इससे टंकी का पानी भी गंदा हो गया। पानी में इतना काला और बदबूदार है कि किचन में खड़े होकर खाना बना मुश्किल हो रहा। लोगों का आरोप है कि चार से पांच दिन दूषित पानी की आपूर्ति होती है।

# मेरा नाम तो नहीं, एक दूसरे से पूछते दिखे पटवारी

## नायब सरकार ने जारी की भ्रष्ट पटवारियों की सूची, मचा हड़कंप

प्रात: किरण संवाददाता



रोहतक। सरकार ने प्रदेश के भ्रष्ट पटवारियों की सूची जारी की है। इससे तहसील में हडकंप मच गया है। आपस में एक-दूसरे से पटवारी पूछते दिखे कि मेरा नाम तो नहीं। हालांकि, सूची देखने के बाद उन्हें राहत मिली। वहीं, सरकार की इस सूची में रोहतक के भी पांच पटवारी शामिल हैं। अब इनके खिलाफ कार्रवाई हो सकती है।

दूसरी ओर, पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन के राज्य प्रधान ने सरकार से इस सूची पर रोक लगाने की मांग की। यह भी दावा किया है कि इस प्रकरण में जल्द बैठक बुलाएंगे और बैठक करके आगामी निर्णय करेंगे।

प्रदेश सरकार की तरफ से भ्रष्ट पटवारियों की लिस्ट जारी होने के बाद रोहतक, सांपला, महम तहसीलों के साथ ही कलानौर सब तहसील में भी हड़कंप की स्थिति है।

जिन भ्रष्ट पटवारियों की सूची जारी की है, उनमें रोहतक जिले के राहुल छिप्पी, संजय लुहार, संदीप बूरा, संदीप दलाल, वेद प्रकाश शामिल हैं। हालांकि तहसील प्रशासन का कहना है कि हमारे पास अभी इस तरह की सूची नहीं आई है, सूची आने के बाद सरकार के आदेशानुसार सख्त कार्रवाई करेंगे।

इस तरह से भ्रष्टाचार को दे रहे थे अंजाम

राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग चंडीगढ़ ने जो सूची जारी की है, उसमें बेहद गंभीर आरोप हैं। पटवारी राहुल शहर-1 में सितंबर 2024 से तैनात हैं। वसीका नवीस बेदू व सेक्टर-2 निवासी सुरेश के माध्यम से इंतकाल, वसीका, वारिसान तसदीक आदि माध्यम से पैसे लेते हैं।

पटवारी संजय रोहतक-2 में 11 अक्टूबर 2021 से तैनात हैं। यह भी वसीका नवीस सुरेश पांचाल के माध्यम से विभिन्न कार्यों में पैसों का लेनदेन करते हैं। अप्रैल 2024 से खिड़वाली में तैनात संदीप बूरा का नाम भी भ्रष्टाचार में संलिप्त पाया गया है। इंतकाल, वारिसान तसदीक में इन पर रुपयों के लेनदेन के आरोप हैं।

वहीं, संदीप दलाल बोहर-1 में 22 मार्च 2024 से तैनात पटवारी संदीप पर भी आरोप हैं कि उन्होंने सतीश नाम के व्यक्ति को सहायक के रूप में तैनात कर रखा है। संबंधित व्यक्ति भी स्वयं को पटवारी बताता है और इन्हीं के माध्यम से पैसों का लेनदेन हो रहा है।

वहीं, लाहली में तैनात वेद प्रकाश पर बाहरी व्यक्तियों से सांठगांठ करके जमीनों के खरीद-फरोख्त में सहयोग करने व तहसील से जुड़े दूसरे सभी मामलों रुपयों में लेनदेन के आरोप हैं।

तीन और पटवारी निशाने पर, उनके नाम की भी चर्चा

राजस्व विभाग के सूत्रों का कहना है कि जो सरकार ने सूची जारी की है, वह पूरी तरह से सही है। जो पटवारी वास्तविकता में आमजन को तंग कर रहे हैं, उनके व्यवहार की आतंरिक रिपोर्ट तैयार की गई है। सरकार सूची अब जारी की है। जबकि इनकी बहुत लंबे समस से शिकायतें थीं।

अभी भी तीन से पांच पटवारी इस सूची में शामिल हैं, जिनका आचरण विपरीत है। इसलिए यह पटवारी भी फंस सकते हैं। रोहतक जिले में करीब 18 कानूनगो और करीब 85 पटवारी जिलेभर में तैनात हैं। विभागीय कर्मचारियों के बीच भी जबरदस्त चचाएँ हैं।

# 30 जनवरी तक दशमोत्तर छात्रवृत्ति शुल्क प्रतिपूर्ति योजना हेतु करें ऑनलाइन आवेदन

बदायूँः। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी प्रणव कुमार पाठक ने जानकारी देते हुए अवगत कराया है कि वित्तीय वर्ष/शैक्षिक सत्र 2024-25 में अन्य पिछड़ा वर्ग (अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर) की दशमोत्तर छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत शासन द्वारा जारी की गयी संशोधित समय-सारिणी (तृतीय चरण) के अनुसार शिक्षण संस्थानों, विश्वविद्यालयों/एफिलिएटिंग एजेन्सी/जिला विद्यालय निरीक्षक एवं छात्र/छात्राओं के स्तर से जो कार्यवाही किया जाना अपेक्षित है वह यह है कि शिक्षण संस्थाओं द्वारा छात्रवृत्ति मास्टर डाटाबेस में सम्मिलित होने सम्बन्धी कार्यवाही की अन्तिम तिथि 20 जनवरी, 2025 तक निर्धारित है। विश्वविद्यालय/एफिलिएटिंग एजेन्सी/जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा शिक्षण संस्थान की मान्यता, पाठ्यक्रम, पाठ्यक्रम का प्रकार, सीटों की संख्या एवं फीस आदि कोऑनलाईन पोर्टल पर अंकित एवं सत्यापित कर डिजिटल हस्ताक्षर से ऑनलाईन लॉक किए जाने की अन्तिम तिथि22 जनवरी, 2025 तक निर्धारित है।

उन्होंने बताया कि छात्र/छात्राओं द्वारा ऑनलाईन आवेदन करके फाइनल सब्मिट आवेदन पत्र का प्रिन्टआउट निकाल कर समस्त अभिलेखों सहित उसकी हार्डकॉपी शिक्षण संस्था में जमा किए जाने की अन्तिम तिथि 30 जनवरी, 2025 निर्धारित है। शिक्षण संस्थानों द्वारा छात्रवृत्ति आवेदन में अंकित समस्त तथ्यों का अभिलेखीय सत्यापन करते हुए, निर्धारित उपस्थिति मानक पूर्ण करने वाले पात्र छात्रों का आवेदन सत्यापित कर अग्रसारित किये जाने तथा अपात्र छात्रों का आवेदन निरस्त किए जाने की अन्तिम तिथि 03 फरवरी, 2025 निर्धारित है।

# कृषि यंत्रों पर अनुदान पाने का सुनहरा अवसर

प्रात: किरण संवाददाता

बदायूँः। उप कृषि निदेशक मनोज कुमार ने कृषि यन्त्रीकरण की विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत एकल कृषि यन्त्र, किसान ड्रोन, कस्टम हायरिंग सेन्टर, फॉर्म मशीनरी बैंक की स्थापना एवं फसल अवशेष प्रबंधन के कृषि यंत्र इत्यादि की बुकिंग हेतु जनपद के समस्त इच्छुक कृषक उत्पादक संगठन एवं कृषक भाईयों को सूचित किया है कि कृषि यन्त्रीकरण की समस्त योजनाओं में किसान ड्रोन, कस्टम हायरिंग सेन्टर, फॉर्म मशीनरी बैंक की स्थापना, अन्य कृषि यन्त्र, कृषि रक्षा उपकरण एवं फसल अवशेष प्रबंधन के कृषि यंत्र इत्यादि पर अनुदान प्राप्त करने हेतु बुकिंग 16 जनवरी 2025 को अपरान्ह 3:00 बजे से प्रारम्भ हो रही है। इच्छुक कृषकों एवं कृषक उत्पादक संगठनों द्वारा 30 जनवरी 2025 को रात्रि 12:00 बजे तक बुकिंग की जा सकती है।

बुकिंग हेतु कृषक के पंजीकृत मोबाईल नम्बर पर ओ.टी.पी. जाएगा, यदि कृषक पंजीकरण में कृषक का मोबाईल नम्बर अपडेट नहीं है अथवा उपलब्ध नहीं है तो कृषक द्वारा स्वयं अपने आधार पंजीकृत मोबाईल नम्बर पर ओ.टी.पी. के माध्यम से अपडेट किया जा सकता है। लाभार्थी का चयन ई-लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा, जिसकी सूचना पृथक से समाचार-पत्रों एवं अन्य माध्यमों से दी जाएगी। धनराशि रुपए 10001/- से रुपए 100000/- तक अनुदान वाले यन्त्रों की टोकन मनी की धनराशि रुपए 2500/- तथा रुपए 100000/- से अधिक अनुदान वाले यन्त्रों की टोकन मनी की धनराशि रुपए 5000/- होगी। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय उप कृषि निदेशक, बदायूँ में संपर्क कर सकते हैं।

# बरेली में फर्जी प्रमाण पत्र से सहायक अध्यापक बनी पाकिस्तानी महिला के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

प्रात: किरण संवाददाता




बरेली। जिले के फतेहगंज पश्चिमी थाना में फर्जी प्रमाणपत्र के जरिये बेसिक शिक्षा विभाग में सहायक अध्यापक की नौकरी हासिल करने वाली कथित पाकिस्तानी महिला के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है। पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

बरेली के अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) मुकेश चंद्र मिश्रा ने शुक्रवार को बताया कि खंड शिक्षा अधिकारी, फतेहगंज पश्चिमी ने थाना फतेहगंज पश्चिमी में शुमायला खान के खिलाफ धोखाधड़ी और दस्तावेजों में हेराफेरी के आरोप में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के प्रावधानों के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई है।

मिश्रा ने बताया कि शुमायला खान पर कूटरचित प्रमाण पत्रों के जरिये बेसिक शिक्षा विभाग में सरकारी प्राथमिक विद्यालय माधौपुर में सहायक अध्यापक के पद पर नौकरी हासिल करने का आरोप है।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि शुमायला खान ने नियुक्ति के दौरान उप जिलाधिकारी सदर, रामपुर के कार्यालय से जारी निवास प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया था। उप जिलाधिकारी सदर, रामपुर ने ही जांच रिपोर्ट दी है कि यह प्रमाण पत्र कूट रचित, त्रुटिपूर्ण है और शुमायला खान वास्तव में पाकिस्तानी नागरिक हैं। उन्होंने तथ्यों को छिपाते हुए कूटरचित निवास प्रमाण पत्र के जरिए नौकरी हासिल की थी।

खंड शिक्षा अधिकारी (फतेहगंज पश्चिमी) भानु शंकर ने बताया कि शुमायला खान पर आरोप है कि फर्जी दस्तावेजों से 2015 में प्राथमिक विद्यालय माधौपुर में सहायक अध्यापक के पद पर उनकी नियुक्ति की गई थी।

उन्होंने बताया कि इस नियुक्ति के लिए शुमायला ने जो प्रमाण पत्र प्रस्तुत किए थे, उनकी सत्यता पर सवाल उठे। जांच के दौरान यह भी पाया गया कि निवास प्रमाण पत्र तथ्यों को छुपाकर बनाया गया था।

जांच के दौरान उपजिलाधिकारी सदर, रामपुर की रिपोर्ट में स्पष्ट हुआ कि शुमायला खान ने गलत जानकारी देकर सामान्य निवास प्रमाण पत्र बनवाया। इस आधार पर, उनका प्रमाण पत्र निरस्त कर दिया गया। इसके अलावा, शिक्षा विभाग ने कई बार संबंधित शिक्षिका से स्पष्टीकरण मांगा, और हर बार पुष्टि हुई कि प्रमाण पत्र कूटरचित है।

मिश्रा ने बताया कि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने तीन अक्टूबर 2024 को शुमायला खान को निलंबित कर दिया। इसके बाद, उन्हें नियुक्ति तिथि से पद से भी हटा दिया गया। फतेहगंज पश्चिमी के खंड शिक्षा अधिकारी भानु शंकर ने इस मामले में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के आदेश पर मुकदमा थाना फतेहगंज पश्चिमी में दर्ज करवाया है।

# गुरुग्राम: संविधान की प्रस्तावना वाचन के साथ दोहराया संविधान मूल्यों का संकल्प

- सरकारी स्कूल, कॉलेज व विश्वविद्यालय के अलावा सभी सरकारी कार्यालयों में दोहराई गई प्रस्तावना
- भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूरे होने पर पूरे वर्ष होंगे विशेष कार्यक्रम

प्रात: किरण संवाददाता



गुरुग्राम। भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में शुक्रवार को जिलाभर में हमारा संविधान-हमारा स्वाभिमान के तहत विभिन्न सरकारी कार्यालयों, विद्यालयों, महाविद्यालयों और शिक्षण संस्थाओं में संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया। इस दौरान सभी कर्मचारियों, अधिकारियों और विद्यार्थियों ने संविधान के मूल्यों को अपनाने और उसकी रक्षा करने का संकल्प लिया।

गुरुग्राम के लघु सचिवालय परिसर में नगराधीश कुंवर आदित्य विक्रम ने भारतीय संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया। इस दौरान सभी कर्मचारियों ने शपथ ली कि देश को समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक गणराज्य बनाए रखने के लिए संविधान के प्रति अपनी आस्था और विश्वास को दृढ़ बनाए रखेंगे। नगराधीश ने बताया कि 26 नवंबर, 1949 को संविधान सभा ने भारतीय संविधान को अंगीकृत किया था। इसकी स्मृति में पूरे वर्ष भर आयोजन जारी रहेंगे। इसके साथ ही उन्होंने यह भी जानकारी दी कि हरियाणा राज्य में 75 वर्षों के इस ऐतिहासिक अवसर पर विभिन्न रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इसमें जिले के विद्यालय, महाविद्यालय और अन्य शिक्षण संस्थाओं शामिल हैं।

इस आयोजन के अंतर्गत जिला के सभी सरकारी दफ्तरों, आईटीआई, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों, सरकारी अस्पतालों, बैंक कार्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों और अन्य सरकारी संस्थाओं में भी प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया। इसमें नागरिकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने भारत की संप्रभुता और संविधान के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त की। नगराधीश ने कहा कि 25 जनवरी को संविधान पर आधारित जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें विभिन्न रचनात्मक प्रतियोगिताओं तथा विचार गोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा। लोकतंत्र की यात्रा का वर्णन करने के लिए आयोजन

संविधान अपनाने के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में लोकतंत्र की यात्रा का वर्णन करते पूरे वर्ष विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभागिता करते हुए सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने संविधान अंगीकृत करने के ऐतिहासिक समय की स्मृति में संवैधानिक मूल्यों को अपनाने की प्रतिबद्धता दोहराई गई।

विद्यार्थियों व अध्यापकों ने भी दोहराई संविधान की प्रस्तावना

गुरुग्राम विश्वविद्यालय के अलावा विभिन्न सरकारी कॉलेजों में शुक्रवार को संविधान की प्रस्तावना का वाचन कर इसके मूल्यों को आत्मसात किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने संविधान के मूल्यों की जानकारी हासिल की। शिक्षण संस्थानों छात्रों की जिज्ञासा से संबंधित प्रश्नों के माध्यम से उन्हें संविधान की संपूर्ण जानकारी दी गई।

# गुरुग्राम: पुलिस अधिकारियों ने ली संविधान के प्रति सम्मान की शपथ



गुरुग्राम। हमारा संविधान हमारा अभिमान कार्यक्रम के अवसर पर शुक्रवार को गुरुग्राम पुलिस आयुक्त कार्यालय परिसर में शपथ समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों को संविधान के प्रति सम्मान की शपथ दिलाई गई।

हमारा संविधान हमारा अभिमान कार्यक्रम के तहत पुलिस उपायुक्त मुख्यालय अर्पित जैन द्वारा पुलिसकर्मियों को शपथ दिलाई कि-हम भारत के लोग, भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व सम्पन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक एवं राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता प्रतिष्ठा और अवसर की समानता प्राप्त कराने के लिए तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा एवं राष्ट्र की एकता और अखण्डता सुनिश्चित करने वाली बन्धुता बढाने के लिये दृढ संकल्प होकर एतद् द्वारा इस सविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं। अर्पित जैन ने कहा कि भारतीय संविधान सभा द्वारा स्वतंत्रता प्राप्त होने के पश्चात 26 नवंबर 1949 को संविधान अपनाया गया था। तब से 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। संविधान को अपनाने के 75 वर्ष पूरे होने पर वर्ष भर हमारा संविधान हमारा अभिमान के तहत कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पुलिस उपायुक्त ने कहा कि भारत का संविधान विश्व का सबसे विस्तृत तथा लिखित संविधान हैं। भारतीय संविधान में प्रत्येक भारतीय को समान अवसर प्रदान किए गए हैं। जिसके कारण प्रत्येक वर्ग के हर व्यक्ति को किसी भी पद पर जाने के अवसर प्राप्त होते है। पुलिस बल का सदस्य होने के कारण प्रत्येक पुलिसकर्मी का कर्तव्य है कि वह संविधान के सभी प्रावधानों का पालन करे जिससे आमजन को जीवन यापन के लिए एक सुरक्षित वातावरण प्राप्त हो सके।

# यमराज ने जीवन बचाने के लिए सीट बेल्ट व हेलमेट पहनने की दी सलाह

गुरुग्राम। सडक सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरुक करने, दुपहिया वाहनों पर हेलमेट लगाकर यात्रा करने और गाडिों में सीट बेल्ट लगाकर यात्रा करने के प्रति जागरुक किया गया। इस दौरान गुरुग्राम पुलिस के यमराज भी सडकों पर उतरे और लोगों को जागरुक करते नजर आए। सहायक पुलिस आयुक्त यातायात पूर्व सुरेन्द्र कौर की देखरेख में यातायात पुलिस गुरुग्राम और रोड सेफ्टी ऑफिसर जगदीश बवेजा की सहायता से लोगों की सुरक्षा और जागरुकता के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। सडक सुरक्षा जीवन रक्षा 2025 के तहत यातायात नियमों की जागरुकता का कार्यक्रम यमराज के रूप में कलाकार की सहायता से बादशाहपुर क्षेत्र एरिया और गुरुग्राम शहर में विभिन्न जगहों पर आयोजित कराया गया। इन सभी आयोजनों के दौरान यमराज की भूमिका निभा रहे किरदार ने आने-जाने वाले वाहन चालकों को यातायात नियमों की पालना करने बारे सचेत करते हुए जागरूक किया। इस दौरान करीब 250 हेलमेट पर रिफ्लेक्टिव टेप भी लगाई गई। यातायात पुलिस की इस अनूठी पहल पर लोगों ने खूब तारीफ और सराहना की। यमराज और यातायात पुलिस गुरुग्राम ने बताया कि जान है तो जहान है। जल्दी से देरी भली दुपहिया वाहन चालक हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें। रॉन्ग साइड ड्राइविंग ना करें। सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें, उचित दूरी, नियंत्रित गति आदि यातायात नियमों की पालना करें। यमराज ने बताया कि आप सभी नागरिक यातायात नियमों की पालना करने के साथ अपनी-अपनी जिम्मेदारी समजें। सडक सुरक्षा अभियान को कामयाब बनाने में अपना सहयोग दे।

## नोएडा के अलग-अलग क्षेत्रों में मिले तीन लोगों के शव

नोएडा (उप्र), 17 जनवरी (वेब वार्ता)। नोएडा के अलग-अलग क्षेत्रों में तीन लोगों के शव मिले हैं। पुलिस ने यह जानकारी दी। दादरी थाने के प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार ने बताया कि बृहस्पतिवार को पुलिस को सूचना मिली कि अजायबपुर के डाबरा गोलचक्कर के पास एक अज्ञात महिला का शव जली अवस्था में पड़ा है। उन्होंने बताया कि इस मृत महिला की उम्र 19 वर्ष है। उन्होंने बताया कि उसकी मौत कैसे हुई तथा वह कौन है, इस बात का पता लगाया जा रहा है। कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया है और जांच के लिए पुलिस की तीन टीम बनायी गयी हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि एक अन्य मामले में थाना दादरी क्षेत्र में 32 वर्षीय एक व्यक्ति का शव कल मिला जिसे पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया।

# ईशान की गेंदबाजी से वीनस क्रिकेट एकेडमी ने 205 रन से जीत दर्ज की



गाजियाबाद। जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय युवा केंद्र में खेले जा रहे 42वें नेहरू क्रिकेट टूर्नामेंट में शुक्रवार को क्रिकेट मैच में वीनस क्रिकेट एकेडमी ने ईशान भारद्वाज की घातक गेंदबाजी से डीआरजेपी एकेडमी को 205 रन के बड़े अंतर से मात दी। मैन ऑफ द मैच ईशान ने घातक गेंदबाजी करते हुए पांच विकेट झटके। मुकाबले में टॉस जीतकर वीनस क्रिकेट एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और निर्धारित 40 ओवर में सात विकेट के नुकसान पर 331 रन का स्कोर बनाया। बल्लेबाज आदित्य ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 202 रन बनाए। मोहम्मद कैफ ने 91, अविजित ने 34 और दीपक ने 30 रन का योगदान दिया। विपक्षी टीम की तरफ से तुषार ने दो और अभिषेक और आर्यन गर्ग को एक-एक विकेट हासिल हुआ। विशाल लक्ष्य को हासिल करने उतरी डीआरजेपी क्रिकेट एकेडमी के बल्लेबाज विरोधी टीम के गेंदबाज ईशान भारद्वाज के सामने 24.3 ओवर में 126 रन पर ही बिखर गए। ईशान ने घातक गेंदबाजी करते हुए 35 रन देकर पांच विकेट झटके। इसके अलावा आयुष चौधरी को दो विकेट और लक्ष्य प्रताप को एक विकेट हासिल। डीआरजेपी की टीम से प्रशांत किशोर ने सबसे ज्यादा 36 रन, तुषार ने 18, अविदान ने 9 और विशाल ने चार बनाए। मैच में घातक गेंदबाजी करते हुए पांच विकेट लेने के लिए ईशान भारद्वाज को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

# डीएम ने की सीएम डैशबोर्ड में विभागीय रैंक एवं विकास कार्यों की समीक्षा

## सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा में खराब रैंकिंग वाले विभागों को रैंकिंग सुधार करने के दिया निर्देश

प्रात: किरण संवाददाता



अमरोहा। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड में विभागीय कार्यों की प्रगति और रैंक की समीक्षा व जनपद के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सभी विभागों से एक-एक करके पिछले माह में रैंकिंग और वर्तमान प्रगति की जानकारी ली।जिलाधिकारी ने खराब रैंकिंग वाले विभागों को प्राथमिकता से सुधार करने के निर्देश दिये।उन्होंने जिला कृषि अधिकारी को निर्देश दिए कि फार्मर रजिस्ट्री को गंभीरता से लें और अधिक से अधिक फार्मर रजिस्ट्री कराये।विद्यालयों के निरीक्षण के लिए जिन अधिकारियों को लगाया गया है वह विद्यालय का निरीक्षण करें।जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों से सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा कर निर्देशित करते हुए कहा कि किसी भी स्थिति में जनपद की रैंक गिरनी नहीं चाहिए जो लक्ष्य दिया गया है उसे लक्ष्य के अनुसार शतप्रतिशत कार्य हो।खराब रैंकिंग वाले विभाग अपनी प्रगति सुधारें।विकास कार्यों की समीक्षा में जिलाधिकारी ने प्रत्येक विकास खंड में लक्ष्य के सापेक्ष कितने तालाब चिन्हित कर खुदाई का कार्य कराया गया इसकी समीक्षा किया।खण्ड विकास अधिकारी धनौरा से जानकारी लेने पर कोई सन्तोषक जनक जवाब न मिलने पर फटकार लगाकर नाराजगी व्यक्त की कहा कि कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है लापरवाही की जा रही है कड़ी कार्यवाही की हिदायद दी। जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी से ग्राम पंचायतों में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट घर घर कूड़ा कलेक्शन आर आर सी सेंटर के संचालन की जानकारी लेकर आवश्यक कार्यवाही कराये जाने के निर्देश दिये।

कहा कि साथ ही यूजिंग चार्ज भी वसूला जाय इसके प्रॉपर रजिस्टर बनाकर ग्राम पंचायत में पैसा जमा किया जाए जो धनराशि वसूला जाए पारदर्शिता के साथ उसको विकास के कार्य मे खर्च किया जाए। जिलाधिकारी ने सभी खंड विकास अधिकारियों से एक एक करके नेपियर घास की बुवाई की समीक्षा विकास खण्ड वार किया।उप जिलाधिकारियों से मिलकर अधिक से अधिक हरे चारे के लिए नेपियर घास की बुवाई कराए जाने के निर्देश दिए ।जिलाधिकारी ने आंगनबाड़ी केंद्रों का शतप्रतिशत विद्युतीकरण कराये जाने के खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए। निराश्रित पेंशन कन्या सुमंगला के प्राप्त आवेदन का सत्यापन समय से ठीक ढंग से कराने के निर्देश दिये । कन्या सुमंगला के लाभर्थियों की सूची मुख्य चिकित्सा अधिकारी और जिला विद्यालय निरीक्षक को शीघ्र उपलब्ध कराए जाने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिया। जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी को निर्देश दिये कि पीडीएस दुकानों के संचालन के लिए जो भी कार्य लंबित है उसको पूर्ण कराकर संचालन कराया जाए इसमे कोई लापरवाही न हो।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र परियोजना निदेशक अमरेन्द्र प्रताप जिला विकास अधिकारी जिला बन अधिकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# गुरुग्राम: तहसीलदार ने समाधान शिविर में 18 शिकायतों की सुनवाई की

गुरुग्राम। समाधान शिविर में शुक्रवार को 18 शिकायतों की सुनवाई की गई। तहसीलदार शिखा गर्ग ने जनसमस्याओं का निवारण करने के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किए। लघु सचिवालय सभागार में आयोजित हुए समाधान शिविर में तहसीलदार शिखा गर्ग ने लोगों की शिकायतों को सुना और तत्काल उन पर उचित कार्रवाई के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम जिला में समाधान शिविरों के माध्यम से रोजाना जन शिकायतों का निवारण करवाया जा रहा है। उपायुक्त अजय कुमार के निर्देश हैं कि इन शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करवाया जाए। इसलिए किसी भी विभाग की शिकायत को पूरी गंभीरता से लेते हुए उसमें प्रभावी कार्यवाही करवाई जाती है। शुक्रवार को समाधान शिविर में परिवार पहचान-पत्र, जमीन का मुआवजा, पुलिस विभाग से संबंधित मामले, बिजली वितरण निगम, नगर निगम आदि से संबंधित शिकायतों पर सुनवाई की गई। इस अवसर पर डिप्टी सीएमओ डा. अनु, डीटीपी ऑफिस से योजना अधिकारी पुनीत छोंकर, तहसील कल्याण अधिकारी पंकज इत्यादि मौजूद रहे।

# अधिसूचित सेवाओं को निर्धारित समय सीमा में उपलब्ध कराएं अधिकारी: टीसी गुप्ता

- हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग के मुख्य आयुक्त ने निगम अधिकारियों के साथ की बैठक
- अधिनियम को प्रभावी रूप से लागू करने में हरियाणा देश में प्रथम स्थान पर

प्रात: किरण संवाददाता



गुरुग्राम । हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग के मुख्य आयुक्त टीसी गुप्ता ने शुक्रवार को नगर निगम गुरुग्राम कार्यालय में अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में सेवा का अधिकार अधिनियम-2014 के तहत अधिसूचित सेवाओं को तय समय सीमा में प्रदान करने के निर्देश दिए गए।

मुख्य आयुक्त टीसी गुप्ता ने बताया कि हरियाणा इस अधिनियम को प्रभावी रूप से लागू करने में देश में प्रथम स्थान पर है। उन्होंने कहा हरियाणा का मॉडल अन्य राज्यों के लिए मार्गदर्शक बन रहा है। यदि यह अधिनियम देशभर में हरियाणा की तरह प्रभावी रूप से लागू हो जाए, तो नागरिकों को बड़ी राहत मिलेगी। अधिनियम के तहत अब तक 802 सेवाओं को अधिसूचित किया गया है। ये सेवाएं जन्म से मृत्यु तक, गरीब से अमीर तक और बच्चों से बुजुर्गों तक सभी के लिए ध्यान में रखकर अधिसूचित की गई हैं।

मुख्य आयुक्त ने बताया कि ऑटो अपील सिस्टम पोर्टल पर आई किसी भी अपील को कोई भी व्यक्ति देख सकता है। इसके अलावा, अनपढ़ व्यक्ति भी कॉल सेंटर पर कॉल करके अपनी अपील दर्ज करा सकता है। इस अधिनियम के प्रभावी कार्यान्वयन का उद्देश्य नागरिकों को पारदर्शी, समयबद्ध और सुलभ सेवाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे नागरिकों की शिकायतों और अपीलों को प्राथमिकता से निपटाएं।

नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त अशोक कुमार गर्ग ने मुख्य आयुक्त एवं आयोग के अन्य सदस्यों का स्वागत किया तथा उन्हें आश्वस्त किया कि नगर निगम गुरुग्राम से संबंधित सेवाओं को निर्धारित समय सीमा में उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि नागरिकों को किसी भी प्रकार की परेशानी ना होने पाए। इस मौके पर आयोग के सचिव वत्सल वशिष्ठ, नगर निगम गुरुग्राम के अतिरिक्त आयुक्त महावीर प्रसाद, संयुक्त आयुक्त अखिलेश कुमार यादव, विशाल कुमार व डा. जयवीर यादव, चीफ इंजीनियर मनोज यादव, डीटीपी सिद्धार्थ खंडेलवाल, चीफ मेडिकल ऑफिसर डा. आशीष सिंगला सहित कार्यकारी अभियंता व अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

# महाकुंभ में स्वच्छता के उच्च तकनीकी समाधान

प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ क्षेत्र में सूर्योदय होने के साथ ही महा-आयोजन की व्यापकता और विशालता दिखने लगती है। वहां उपस्थित विशाल मानव समूह की केवल कल्पना कीजिए जहां प्रत्येक व्यक्ति आस्था और भक्ति के सागर में हिलोरें ले रहा है। लेकिन विश्व की इस विस्मयकारी महाघटना में पर्दे के पीछे अथक परिश्रम करने वाले मूक नायक के तौर पर उन्नत अपशिष्ट प्रबंधन प्रौद्योगिकियां काम कर रही हैं। एक भव्य संगीत सिम्फनी के अनाम परिचालकों की तरह ये नवाचार सुनिश्चित करते हैं कि सफाई और स्वच्छता, संगीत के हर सुर-लहरी की तरह पूरी तरह लयबद्ध हो। महाकुंभ में उच्च तकनीक वाले सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट से लेकर प्राकृतिक शुद्धिकरण तालाबों तक, प्रत्येक उपाय पर्यावरण की शुद्धता बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। परंपरा और प्रौद्योगिकी का यह सामंजस्यपूर्ण मिश्रण न केवल महाकुंभ के आध्यात्मिक सार को संरक्षित करता है, बल्कि दुनिया भर में भविष्य के बड़े पैमाने पर आयोजित होने वाले समारोहों के लिए एक मानक भी स्थापित करता है।एक हलचल भरे शहर की कल्पना करें जो रातोंरात अस्तित्व में आ गया हो, जहां करोड़ों लोग एक भव्य आयोजन के लिए जुटे हों। 45 दिनों के इस विशाल धार्मिक आयोजन में जिसमें अनुमानित तौर पर 40 करोड़ आगंतुक पहुंचे हों, वहां हर दिन उत्पन्न कचरे का प्रबंधन हैरत में डालने वाला है। हालांकि इससे अधिकारी विचलित नहीं हुए और उन्होंने इस कठिन कार्य के लिए भारत के दो प्रमुख वैज्ञानिक संस्थानों, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन और भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (बार्क) की मदद ली है। महाकुंभ में उत्पन्न अपशिष्ट दिमाग को चकरा देने वाला है। वहां हर दिन लगभग 16 मिलियन लीटर मल विष्ठा, 240 मिलियन लीटर ग्रे-वाटर (शौचालय को छोड़कर अपशिष्ट जल) और करोड़ों तीर्थयात्रियों द्वारा बड़े पैमाने पर उत्पन्न ठोस अपशिष्ट शामिल हैं। इसके निपटान प्रबंधन के लिए परिष्कृत समाधानों की आवश्यकता पड़ी और तभी उन्नत प्रौद्योगिकियों का इस्तेमाल काम आया। इनमें से एक हाइब्रिड ग्रेनुलर सीक्वेंसिंग बैच रिएक्टर (एचजीएसबीआर) है, जिसे इसरो और बार्क के सहयोग से विकसित किया गया है। ये उच्च तकनीक की वॉशिंग मशीन जैसा है जो कपड़े साफ करने की बजाय सीवेज का निपटान करता है। इस तकनीक का उपयोग तीन प्रीफैब्रिकेटेड मल विष्ठा ट्रीटमेंट प्लांट (एफएसटीपी) में किया जा रहा है, जो मानव अपशिष्ट को कुशलतापूर्वक संसाधित कर सुनिश्चित करता है कि वातावरण स्वच्छ और सुरक्षित रहे। वहां एक अन्य तकनीक जीओ ट्यूब टेक्नोलॉजी अपनाई जा रही है जो कचरे के नियंत्रण और उपचार में सहायक है। यह सुनिश्चित करती है कि पर्यावरण में केवल स्वच्छ पानी ही छोड़ा जाए। यह एक विशाल चाय बैग की तरह है जो बड़ी मात्रा में तरल अपशिष्ट सोखकर उसे साफ करता है। महाकुंभ में स्वच्छता के लिए इस्तेमाल की जा रही एक अन्य तकनीक बायोरिमेडिएशन है। यह बड़े तालाबों के लाभकारी सूक्ष्मजीवों जैसा है जो प्रदूषकों को विखंडित कर पानी को शुद्ध करता है। इस प्राकृतिक और पर्यावरण अनुकूल विधि को लगभग 75 बड़े तालाबों में एकत्र किए गए ग्रेवाटर में इस्तेमाल की जाएगी ताकि जल को प्रभावी और सुरक्षित रूप से उपचारित किया जाए। उत्तर प्रदेश सरकार ने 7,000 करोड़ रुपये के कुल महाकुंभ बजट में अपशिष्ट प्रबंधन के लिए महत्वपूर्ण प्रतिबद्धता दशार्यी है। वहां अपशिष्ट और जल प्रबंधन के लिए 1,600 करोड़ रुपए और खुले में शौच मुक्त (ओडीएफ) बुनियादी ढांचे के लिए 316 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। यह वित्तीय और ढांचागत प्रतिबद्धता आयोजन के दौरान स्वच्छता और साफ-सफाई बनाए रखने के महत्व को रेखांकित करता है। स्वच्छता उपायों में इन प्रौद्योगिकियों के इस्तेमाल का उद्देश्य महत्वपूर्ण पर्यावरणीय चिंताओं को कम करना है। वे नदी के जल प्रदूषण को रोकते हैं, अपशिष्ट और सीवेज से संभावित स्वास्थ्य जोखिमों को कम करते हैं, और बड़े पैमाने पर लोगों के एकत्रित होने के पारिस्थितिकी नुकसान में कमी लाते हैं। अपशिष्ट प्रबंधन परिचालन रणनीति में मैनुअल हैंडलिंग को कम से कम करना, उन्नत तकनीकों का उपयोग कर स्त्रोत-स्तरीय अपशिष्ट पृथक्करण पर जोर देना और व्यापक निपटान तंत्र को लागू करना शामिल है। इसके अतिरिक्त वहां अन्य आरंभिक उपायों में 1 लाख 45 हजार पोर्टेबल शौचालयों की स्थापना, निरंतर सफाई के लिए बड़ी संख्या में सफाई कर्मियों की तैनाती, पर्याप्त चिकित्सा सुविधा की व्यवस्था और एक व्यापक अपशिष्ट संग्रह और प्रबंधन बुनियादी ढांचे शामिल हैं।

# मेटा की माफी से सोशल मीडिया मंचों को सख्त सन्देश

**माफी के बाद जुकरबर्ग जैसे मालिकों को भी यह सुनिश्चित होगा कि उनके अधीन चलने वाले सोशल मीडिया मंचों पर भारत के प्रति किसी झूठ, भ्रम एवं असत्य बयानी का सिक्का न चले। क्योंकि भारत की उदारता को उसकी कमजोरी मानने की मानसिकता घातक हो सकती है। भारत को लेकर कोई गलत सूचना संचारित-प्रसारित न हो, तथ्यों की प्रामाणिकता एवं सच्चाई को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। मनगढ़ंत या झूठी सूचनाओं का प्रचार- संचार अब भारत के लिये सहनीय नहीं है। फेसबुक या अन्य सोशल मंचों पर बहुत सारी झूठी, भ्रामक, विध्वंसक या फर्जी सूचनाएं समय-समय पर घूमती रहती हैं, जिससे भारत की राष्ट्रीय एकता, साम्प्रदायिक सौहार्द, इंसानी सद्भावना आहत होती रही है।**





**ललित गर्ग**
**(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं)**

फेसबुक के लिये भारत एक संभावनाओं भरा बड़ा बाजार होने के बावजूद उसकी भारत के प्रति सोच भ्रामक, विवादास्पद एवं नकारात्मक रही है। फेसबुक और मेटा भारत के तथ्यों के साथ छेड़छाड़ और फेकन्यूज को लेकर विवादों में घिरती रही हैं। हाल ही में मेटा के सीईओ मार्क जकरबर्ग एक बार फिर भारत को लेकर दिये गलत बयान के मामले में फंस गए हैं। जुकरबर्ग ने एक पॉडकास्ट में कहा था कि कोरोना के बाद दुनिया के कई देशों में मौजूदा सरकारें गिर गईं। भारत के लोकसभा चुनाव में भी नरेन्द्र मोदी सरकार हार गई। यह जनता का सरकारों में घटता भरोसा दिखाता है। इस बयान के बाद संसद की आईटी एंड कम्युनिकेशन मामलों की स्टैंडिंग कमिटी के अध्यक्ष और भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा था कि इस गलत बयान पर कंपनी को माफी मांगनी चाहिए। वरना हमारी समिति उन्हें मानहानि का नोटिस भेजेगी। भारत सरकार की सख्त आपत्ति को देखते हुए भले ही मेटा ने माफी मांग ली हो, लेकिन मार्क भरोसे के लायक नहीं है। यह माफी जहां जरूरी थी वही अब स्वागतयोग्य भी है। लेकिन मार्क का भारत के प्रति नजरिया गैर जिम्मेदाराना, लापरवाहीपूर्ण एवं दोषपूर्ण है। ऐसी निरंकुश सोच एवं उच्छृंखल मानसिकता की बुनियाद पर संबंधों की खड़ी होने वाली ईमारत खोखली एवं विनाशकारी ही होती है।

यह वाकई हैरत की बात है कि जकरबर्ग ने भारत को भी उन देशों में शामिल कर लिया जहां पिछले साल चुनाव में सरकारों ने सत्ता गंवाई। तथ्य यह है कि भाजपा की सीटें भले कम हुई हों, लेकिन सत्तारूढ़ गठबंधन एनडीए ने बहुमत हासिल कर सरकार में वापसी की एवं सफलतापूर्वक सरकार को चला रही है। नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बने और न केवल देश में बल्कि दुनिया में भारत का परचम फहरा रहे है। इस तथ्य से जकरबर्ग कैसे अनजान हो सकते हैं? क्या वह जानबूझकर भारत सरकार के बारे में गलत सूचनाएं फैला रहे हैं? क्या यह शक्तिशाली एवं विकसित राष्ट्रों के साथ-साथ वहां की बड़ी आर्थिक शक्तियों की भारत के प्रति विरोधाभासी दुर्भावना नहीं है। कैसे मान लिया जाये कि यह गलती अनजाने में हुई है? क्या दुनिया के सबसे बड़े सोशल मीडिया मंच फेसबुक को संभालने वाली इतनी बड़ी कंपनी के मालिक से ऐसी गलती की उम्मीद की जा सकती है और ऐसी गलती उनको शोभा देती है कि वह भारत जैसे देश के चुनाव परिणाम से परिचित न हों? अगर यह गलती जुकरबर्ग से भूल या अनजाने में हुई है, तो भी यह गंभीर बात है। मेटा इंडिया भी जुकरबर्ग की ही कंपनी है, जिसके एक आला अधिकारी ने कहा है कि अमेरिकी बहुराष्ट्रीय प्रौद्योगिकी समूह मेटा के लिए भारत एक अविश्वसनीय रूप से महत्वपूर्ण एवं संभावनाभरा खास देश बना हुआ है। मेटा अपने व्यापार को भारत में विस्तारित करने के लिये विभिन्न योजनाओं पर काम भी कर रहा है। भारत मेटा के लिए बहुत अहम देश है। फेसबुक, इंस्टाग्राम और वॉट्सएप की पेरेंट कंपनी मेटा चेन्नई में रिलायंस इंडस्ट्रीज के कैंपस में भारत में अपना पहला डेटा सेंटर स्थापित कर सकती है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मार्च 2024 में जामनगर में हुए बिजनेसमैन मुकेश अंबानी के छोटे बेटे अनंत अंबानी की प्री वेडिंग फंक्शन में जुकरबर्ग शामिल हुए थे। तभी उन्होंने रिलायंस के साथ इसको लेकर एक समझौता किया था। इस तरह मेटा के लिए भारत अहम है, तो इसके मालिक को भारत का नाम बहुत संभलकर एवं सोच समझकर लेना चाहिए। वैसे भी भारत सरकार अमेरिका, यूरोपीय देशों या चीन की तरह आक्रामक एवं उग्र नहीं है। आक्रामक देशों में तो सरकारें फेसबुक या मेटा की गलतियों पर उसे न केवल सबक सीखाती है बल्कि कई बार ऐसी गलतियों के चलते कंपनियों को भारी जुमार्ना भी चुकाना पड़ता है। उन देशों की कड़ाई का ही नतीजा है कि सोशल मीडिया कंपनियां इन देशों में बहुत सजग रहती हैं, जबकि भारत के मामले में उनकी नीति बदल जाती है। भारत की उदारता का ये कंपनियां अधिकतम दुरुपयोग करना चाहती हैं। भारत को भी उदारता, सरलता एवं लचीलेपन की जगह कठोर एवं सख्त रवैया अपनाना चाहिए क्योंकि भारत अब दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनने के साथ दुनिया में अपनी एक स्वतंत्र एवं ठोस जगह बना चुका है। जुकरबर्ग से जुड़ा यह ताजा मामला ऐसे ही लोगों के लिये एक सबक एवं चेतावनी बनना चाहिए। भारत सरकार को चाहिए कि वह ऐसी बहुराष्ट्रीय कंपनियों के मालिकों और अधिकारियों को चेतावनी के शब्दों में सचेत कर दे कि वे भारत के महत्व को समझें, पर्याप्त सजग एवं सावधान रहें। भारतीयों को पता है कि साल 2019 में अमेरिका में फेडरल ट्रेड कमीशन ने उपयोगकर्ता की गोपनीयता का उल्लंघन करने के लिए फेसबुक पर पांच अरब डॉलर का जुमार्ना लगाया था। मेटा प्रमुख मार्क के भ्रामक एवं गुमराह करने वाले बयान पर केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भी प्रतिक्रिया दी और इसे “गलत जानकारी” करार देते हुए तथ्य और विश्वसनीयता बनाए रखने का आह्वान किया। मेटा के पब्लिक पॉलिसी के वाइस प्रेसिडेंट, शिवनाथ ठुकराल ने अश्विनी वैष्णव के पोस्ट पर जवाब देते हुए लिखा, “मार्क जुकरबर्ग का यह कहना कि 2024 के चुनावों में कई देशों में सत्ताधारी पार्टियां फिर से नहीं चुनी गईं, कई देशों के लिए सही है, लेकिन भारत के लिए नहीं। हम इस अनजाने में हुई गलती के लिए माफी मांगते हैं। भारत मेटा के लिए बेहद महत्वपूर्ण देश है और हम इसके इनोवेशन से भरे भविष्य का हिस्सा बनने के लिए उत्साहित हैं” भारत को अपना बाजार मानने वाले मेटा के लिये ऐसी भूल अनायास या जानबूझकर जैसे भी हो, होना दुर्भाग्यपूर्ण है। क्योंकि भारत जैसे सशक्त एवं ताकतवर लोकतांत्रिक देश के लिये गलत जानकारी प्रसारित करना देश की छवि को धूमिल करती है। यह तो भारत की उदारता, सहिष्णुता एवं भलमनसाहत है कि उसने ऐसी अक्षम्य गलती पर भी माफी से संतोष कर लिया, वरना भारी जुमार्ना या अन्य कठोर सजा के प्रावधान हो सकते थे। फेसबुक जैसे सोशल मीडिया मंचों का इस्तेमाल सिर्फ अधिक से अधिक मुनाफा हासिल करने के मकसद से हो रहा है। लेकिन इसके लिये समाज को नुकसान पहुंचाना कैसे जायज हो सकता है? इस तरह की गैर जिम्मेदारी एवं लापरवाही खतरनाक हो सकती है और इसकी इजाजत नहीं दी जा सकती। ताजा विवाद को सरकार ने गंभीरता से लिया है, यह अच्छी बात है। लेकिन जरूरी है कि चिंता इसी मामले तक सीमित न रहे।

# क्या आप लगा पाएगी दिल्ली में चुनावी चौका

आगामी पांच फरवरी को दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए वोट डाले जाएंगे। चुनाव जीतने के लिए सभी राजनीतिक दल जोड़-तोड़ करने में जुट गए हैं। चुनाव में मुख्य मुकाबला भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), आम आदमी पार्टी (आप) व कांग्रेस पार्टी के बीच होना तय माना जा रहा है। पिछले दो विधानसभा चुनाव में मुख्य मुकाबला आप व भाजपा के बीच हुआ था। कांग्रेस का प्रदर्शन बहुत खराब रहा था। मगर इस बार कांग्रेस पार्टी पूरे दमखम के साथ चुनाव लड़ने जा रही है। पिछले लोकसभा चुनाव में जहां कांग्रेस पार्टी ने आम आदमी पार्टी से गठबंधन कर चुनाव लड़ा था। वहीं विधानसभा चुनाव कांग्रेस अकेले ही लड़ेगी। कांग्रेस के अकेले चुनाव लड़ने व पिछले लोकसभा चुनाव में अच्छा प्रदर्शन करने के कारण दिल्ली विधानसभा चुनाव में मुकाबला त्रिकोणात्मक होने की संभावना बनने लगी है। दिल्ली में तीन बार सरकार बनाकर आप ने मजबूत पकड़ बनायी हैं। वहीं लोकसभा चुनाव में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद भाजपा आप के सामने टिक नहीं पा रही है। आप के अरविंद केजरीवाल ने कांग्रेस पार्टी के समर्थन से 28 दिसंबर 2013 को पहली बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। मगर कांग्रेस द्वारा समर्थन वापस लेने के चलते 49 दिन में ही सरकार गिर गई थी। फरवरी 2015 में हुए विधानसभा चुनाव में आप ने 67 सीटें जीतकर एक नया इतिहास रच दिया था। आप को 54.34 प्रतिशत वोट मिले थे। अरविंद केजरीवाल ने 14 फरवरी 2015 को दूसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। उस चुनाव में भाजपा को मात्र तीन सीट तथा 32.19 प्रतिशत वोट मिले थे। कांग्रेस को एक भी सीट नहीं मिली तथा वोट भी घटकर 9.65 प्रतिशत रह गये थे। 2020 के विधानसभा चुनाव में आप ने 62 सीटे जीतकर 53.57 प्रतिशत वोट प्राप्त किए थे। 16 फरवरी 2020 को अरविंद केजरीवाल तीसरी बार दिल्ली के मुख्यमंत्री बने थे। 2020 के चुनाव में भाजपा की सीट तीन से बढ़कर आठ तक पहुंच गई थी तथा वोटो का प्रतिशत भी बढ़कर 38.51 प्रतिशत हो गया था। कांग्रेस को इस बार भी कुछ नही मिला था। कांग्रेस को 4.26 प्रतिशत वोट ही मिले थे। कांग्रेस के अधिकांश प्रत्याशियों की जमानत जप्त हो गई थी। 2 अक्टूबर 2012 को गांधी जयंती के दिन आम आदमी पार्टी का गठन किया गया था। पार्टी के गठन के ठीक एक साल एक महीने और दो दिन बाद 4 दिसंबर 2013 को दिल्ली विधानसभा चुनाव के वोट डाले गए थे। 8 दिसंबर 2013 को चुनाव के नतीजे आए तो आप को 28 सीटें तथा 29.49 प्रतिशत वोट मिले थे। पार्टी अध्यक्ष अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की मुख्यमंत्री शीला दीक्षित को उनकी नई दिल्ली सीट पर करीब 26000 वोटो से हराया था। उस चुनाव में भाजपा को 31 सीट व 33.07 प्रतिशत वोट मिले थे। वहीं कांग्रेस को 8 सीट व 24.55 प्रतिशत वोट मिले थे। उस वक्त कांग्रेस ने भाजपा को सत्ता से दूर रखने के चक्कर में आप को समर्थन देकर अरविंद केजरीवाल को पहली बार मुख्यमंत्री बनवाया था। कांग्रेस की यही भूल अब तक कांग्रेस को लगातार जीरो पर आउट कर रही है। उस वक्त यदि कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी को समर्थन नहीं दिया होता तो आगे विधानसभा चुनाव के नतीजे अलग हो सकते थे। मगर अपनी भूल का कांग्रेस आज तक खामियाजा उठा रही है। 1998 से 2008 तक लगातार तीन विधानसभा चुनाव जीत कर सरकार बनाने वाली कांग्रेस 2013 में मात्र 8 सीटों पर सिमट गई थी। कांग्रेस की एक भूल उस पर इतनी भारी पड़ गई कि वह आज तक संभल नहीं पा रही है। दिल्ली में लोकसभा चुनाव के करीब 8 महीने बाद विधानसभा चुनाव होते हैं।

# दिल्ली में किसकी बनेगी सरकार - कौन लगायेगा चौका

**वहीं, आम आदमी पार्टी की मौजूदा योजनाओं की प्रभावशीलता और उनका क्रियान्वयन कितना कारगर होता है। अब देखना होगा कि चुनावी माहौल में महिलाओं के लिए योजनाएं केवल वादे तो नहीं हैं। कौन-सी पार्टी महिलाओं की उम्मीदों पर खरा उतरती है और दिल्ली की सत्ता पर काबिज होती है। देश की नजर अब दिल्ली की मतदाताओं पर होगी। दिल्ली में सरकार बनाने के लिए आम आदमी पार्टी का चौका लगता है या भाजपा को मौका मिलता है या फिर कांग्रेस की वापसी होती है। यह सब पता चलेगा 5 फरवरी को मतदान होने और 8 फरवरी को नतीजे घोषित होने पर।**






**जितेन्द्र कुमार सिन्हा**
**लेखक**

दिल्ली विधान सभा चुनाव में आम आदमी पार्टी (आप) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बीच कांटे की टक्कर होने की पूरी उम्मीद है। जबकि कांग्रेस भी अपनी स्थिति मजबूत करने में लगी हुई है। ऐसा लगता है कि कांग्रेस यदि अपनी स्थिति मजबूत कर बहुमत से पीछे रही तो आम आदमी पार्टी के लिए बहुत ही मुश्किल स्थिति होगी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लिए चुनाव परिणाम काफी फायदेमंद साबित होगी। दिल्ली विधान सभा के 70 सीटों के लिए चुनाव का विगुल बज चुका है और चुनाव प्रक्रिया के लिए अधिसूचना 10 जनवरी को निकल चुका है। नामांकन 17 जनवरी तक करना है। नामांक पर्चा वापसी की तिथि 20 जनवरी है, मतदान 5 फरवरी को एक ही चरण में सभी 70 विधानसभा क्षेत्रों में होगी और 8 फरवरी को मतगणना, का एलान निर्वाचन आयोग कर चुका है। विपक्ष द्वारा चुनाव हारने पर हार का ठीकरा ईवीएम पर फोड़ दिया जाता है और विपक्ष कहते हैं कि ईवीएम से चुनाव में पारदर्शिता नहीं है? इस प्रश्न का उत्तर मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार ने कहा कि परिणाम में ही प्रमाण है। 2020 से अब तक 30 राज्यों के विधानसभा चुनाव का डेटा रखते हुए बताया कि यहां 15 राज्यों में अलग- अलग सरकारें बनीं हैं। उन्होंने विपक्ष के सवालों पर यहां तक कह दिया कि पारदर्शी चुनाव व्यवस्था पर शक का इलाज तो हकीम लुकमान के पास भी नहीं है। मुख्य चुनाव आयुक्त ने विपक्ष के इस प्रश्न का भी जवाब दिया कि शाम 5 बजे के बाद कैसे वोट बढ़ जाते हैं? उन्होंने कहा कि वोटर टर्नआउट में पोस्टल बैलेट के आंकड़े नहीं होते हैं। कई स्थानों पर पोलिंग पार्टियां देर रात तक पहुंचती हैं। सुबह तक आंकड़े अपडेट होते हैं। ऐप में सिर्फ ईवीएम के वोट प्रतिशत ही दिखते हैं। दिल्ली विधान सभा चुनाव में वोट प्रतिशत पर अगर ध्यान दिया जाए तो 2013 में कांग्रेस पार्टी को 24.55%, आम आदमी पार्टी को 29.49% और भारतीय जनता पार्टी को 33.07% वोट मिले थे। वहीं, 2015 में कांग्रेस पार्टी को 9.65%, आम आदमी पार्टी को 54.34% और भारतीय जनता पार्टी को 32.19% वोट मिले थे। 2020 में कांग्रेस पार्टी को सिर्फ 4.26%, आम आदमी पार्टी को 53.57 प्रतिशत और भारतीय जनता पार्टी को 38.51% वोट मिले थे। निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव की घोषणा करने के साथ ही दिल्ली में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई। इस चुनाव में चुनाव की परीक्षा पार्टियों और दिल्ली के मतदाताओं की होगी। देखना है कि दिल्ली की मतदाता अपनी समस्याओं के समाधान के लिए किस पार्टी को चुनती है। दिल्ली विधानसभा चुनाव अहम होती है क्योंकि इसका असर राष्ट्रव्यापी होता है। दिल्ली सरकार की संवैधानिक शक्तियां भले ही सीमित है, मगर राष्ट्रीय मीडिया के केन्द्र में होने के कारण नेताओं की राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय पहचान शीघ्र बन जाती है। दिल्ली विधान सभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी, भारतीय जनता पार्टी और आम आदमी पार्टी मुख्य दावेदार हैं। इस चुनाव में तीनों पार्टियां “करो या मरो” की स्थिति में है। भारतीय जनता पार्टी 1993 में दिल्ली विधान सभा चुनाव जीती थी, उसके बाद से उसे जीत का इंतजार है। वहीं, 1998, 2003 और 2008 में कांग्रेस दिल्ली विधान सभा चुनाव जीतकर सरकार बनाई थी, जबकि 2013, 2015 और 2020 में आम आदमी पार्टी ने चुनाव जीतकर सरकार बनाई। दिल्ली विधान सभा सीटों के लिहाज से कांग्रेस के पास खोने के लिए कुछ भी नहीं, जबकि कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी के साथ मिलकर चुनाव लड़ी थी और कांग्रेस की वोट प्रतिशत बढ़ी थी, अब देखना होगा कि कांग्रेस विधान सभा चुनाव में वोट प्रतिशत को बनाये रख पाती है या नहीं। वहीं आम आदमी पार्टी के लिए चौथी बार जीत दर्ज करना बेहद ही आम आदमी पार्टी के लिए अहम चुनाव है। भारतीय जनता पार्टी के लिए भी वोट प्रतिशत के आधार पर यह चुनाव अहम है। दिल्ली विधान सभा में कांग्रेस मजबूती से अपनी पैर जमाने की हर कोशिश कर रही है वहीं,आम आदमी पार्टी बेहतर सेवाओं और नए दांव के भरोसे चौथी बार जीत दर्ज करने की कोशिश में है। भारतीय जनता पार्टी दिल्ली दंगा, राष्ट्रवाद, हिंदुत्व का एजेंडा, बदहाल सड़कें, किसानों की उपेक्षा, स्कूल और अस्पतालों की बदहाली का मुद्दा तथा नरेन्द्र मोदी की गारंटी पर भरोसा के मुद्दे पर आक्रामक रहेगी। दिल्ली विधान सभा चुनाव में चुनावी मुद्दे सभी राजनीतिक पार्टियों को परेशान करेगी। आम आदमी पार्टी को भ्रष्टाचार के मुद्दे, मनी लॉन्ड्रिंग और शराब घोटाला, अरविंद केजरीवाल के मुख्यमंत्री रहते हुए उनके आवास का रेनोवेशन शीशमहल का मुद्दा, यमुना में गंदगी, यमुना नदी की सफाई नहीं होना, दिल्ली में कचरे के पहाड़ होना और अरविंद केजरीवाल पर दोहरे मापदंड अपनाने का आरोप मुद्दे पर कांग्रेस पार्टी और भारतीय जनता पार्टी घेर रही है। वहीं कांग्रेस अपने पुराने काम को और शीला दीक्षित सरकार के समय हुए कार्यों को याद दिला कर अपने परंपरागत मतदाताओं की वापसी की कोशिश कर रही है, ताकि लोक सभा चुनाव में बढ़े वोट प्रतिशत विधान सभा में बरकरार रहे। आम आदमी पार्टी महिलाओं के लिए “महिला सम्मान योजना” का वादा, पुजारियों और ग्रंथियों को “18 हजार रुपए प्रति माह सम्मान” का वादा कर रही है और स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार के भरोसे चुनाव जीतना चाह रही है। वहीं भारतीय जनता पार्टी “लाडली बहना”, दिल्ली दंगे के साथ राष्ट्रवाद और हिंदुत्व के एजेंडे पर जीत दर्ज कराना चाह रही है। चुनावों की दस्तक के साथ ही राजनीतिक पार्टियां अपनी प्रचार अभियान को धार देना शुरू कर दिया है। चुनावी घोषणा पत्र और अभियान यह तय करेगा कि भारतीय जनता पार्टी की लाडली बहना की उम्मीदें महिलाओं के बीच कितनी मजबूती से पैठ बना पाती हैं।

# अस्पतालों में लूट सके तो लूट

**रजनीश कपूर**

कुछ समय पहले मुंबई के सात नामी अस्पतालों के खिलाफ ऐसा ही नाजायज बिलिंग और मरीजों से ठगी के मामले में केस दर्ज हुआ। हृदय रोग में इस्तेमाल किए जाने वाले स्टेंट की मरीजों से औसत मूल्य लगभग 2 लाख रुपए वसूला जा रहा है। जबकि इसकी असल कीमत 10 से 15 हजार ही होती है। दरअसल इस स्टेंट को आयात करने वाला व्यक्ति इसे डिस्ट्रीब्यूटर को 40 हजार का बेचता है। अस्पताल को यह स्टेंट 80 से 90 हजार का मिलता है। राष्ट्रट्रपति ज्ञानी जैल सिंह ने बड़े शायराना अन्दाज में एक बार डॉक्टरों को सम्मान दिया था। अपने भाषण में उन्होंने एक शेर सुनाया, गल एक है किसको खुदा कहूँ”। पूरे हॉल में तालियां बजी। यह बात स्पष्ट हो गई कि ज्ञानी जी जो संदेश देना चाहते थे वह सही जगह पहुँचा। दरअसल डॉक्टरों का सम्मान हर कोई इसी उम्मीद से करता है कि भगवान और माता-पिता के बाद यदि कोई पूजनीय है तो वह डॉक्टर भी हैं। परंतु यदि कुछ चुनिंदा और लालची डॉक्टर अपने पेशे से बेईमानी करने लगें तो लोगों का डॉक्टरों की पूरी जमात पर से ही विश्वास उठने लगेगा। इन दिनों आए दिन यह देखने को मिलता है कि जब किसी मरीज को इलाज के लिए किसी बड़े प्राइवेट अस्पताल में जाना पड़ता है तो उसे काफी खर्च करना पड़ता है। हमारे देश में स्वास्थ्य सेवाएँ अभी इतनी बेहतर नहीं हुई है कि हर क्लेम का नाम सुनते ही अस्पताल वाले आपसे अनाप-शनाप पैसे लेने लग जाते हैं। साथ ही आपके इलाज में जुटे डॉक्टर भी ऐसे तमाम टेस्ट आदि लिखवा देते हैं जिनकी शायद जरूरत ही न हो। बीमा कंपनियों और कुछ निजी अस्पतालों के क्लेम” के गोरखधंधे के बारे में आये दिन शोर मचाता रहता है। क्या यह कहना सही नहीं होगा कि सेवा भाव से चलने वाले कुछ चैरिटेबल अस्पतालों को छोड़ कर कई नामी प्राइवेट अस्पताल मरीजों को केवल कमाई का जरिया ही मानते हैं? कुछ समय पहले मुंबई के सात नामी अस्पतालों के खिलाफ ऐसा ही नाजायज बिलिंग और मरीजों से ठगी के मामले में केस दर्ज हुआ। इन अस्पतालों ने मरीजों से दवा पर छपे हुए दामों से कहीं अधिक रुपये वसूले। जब मामला जाँच एजेंसियों के पास पहुँचा तो सच सामने आया और इनके खिलाफ केस दर्ज हुए। जाँच में यह पाया गया कि जिस दर पर सप्लाई की जा रही थी, उसमें और मरीजों से लिये जाने वाली रकम में भारी अंतर था। इतना ही नहीं कई दवाओं और जरूरी सामग्री पर तो यह भी स्पष्ट रूप से नहीं लिखा था कि इस विदेशी दवा या जरूरी वस्तु को किसने आयात किया और कब आयात किया। साथ ही इन पर मैन्यूफैक्चरिंग की तिथि भी नहीं छपी थी। इसके साथ ही कई दवाओं और वस्तुओं पर तो अधिकतम विक्रय दर (एमआरपी) भी नहीं छपा था। अन्य उपभोक्ता वस्तुओं की तरह मेडिकल वस्तुओं की बिक्री में ऐसा करना गैर-कानूनी है। परंतु शायद इन बड़े अस्पतालों के रसूख के चलते कोई आवाज नहीं उठाता या यदि कोई आवाज उठाए तो मामले की तह तक नहीं पहुँचने दिया जाता। जानकारों के मुताबिक हृदय रोग में इस्तेमाल किए जाने वाले स्टेंट की मरीजों से औसत मूल्य लगभग 2 लाख रुपए वसूला जा रहा है। जबकि इसकी असल कीमत 10 से 15 हजार ही होती है। दरअसल इस स्टेंट को आयात करने वाला व्यक्ति इसे डिस्ट्रीब्यूटर को 40 हजार का बेचता है। अस्पताल को यह स्टेंट 80 से 90 हजार का मिलता है। अस्पताल इसे मरीज को 1.75 लाख से 2 लाख का बेचते हैं। जरा सोचिए जिस वस्तु की कीमत 10 से 15 हजार होती है और उसमें भी इसे बनाने वाले का मुनाफा शामिल है, उसे कई गुना दामों पर बेच कर न सिर्फ. मोटा मुनाफा कमाया जा रहा है बल्कि मरीजों की मजबूरी का भरपूर फायदा भी उठाया जा रहा है। इसलिए आज के युग में सभी को जागरूक और जानकार होने की जरूरत है। कैशलेस यानी कि मुफ़्त का इलाज। मुफ़्त के इलाज के लालच में मरीज और उसके तीमारदार भी अस्पताल के झाँसे में आ जाते हैं और बिना पढ़े कई सारे कागजों पर हस्ताक्षर भी कर देते हैं। फिर क्या, अस्पताल आपके साथ राजाओं की तरह का व्यवहार करता है। इस दिखावट की आड़ में अस्पताल ऐसे तमाम टेस्ट और जाँच शुरू कर देता है जिनकी इलाज की दृष्टि से जरा भी आवश्यकता नहीं होती। ऐसा केवल बीमा कंपनी को एक मोटा बिल भेजने की मंशा से किया जाता है। जब तक देश में स्वास्थ्य सेवाओं के लिए तय मापदंड नहीं बनेंगे और उन्हें सख़्ती से लागू नहीं किया जाएगा तब-तब ऐसा होता रहेगा। सरकार को चाहिए कि हर इलाज के लिए मापदंडों को तय किया।

# आस्था, मनोरंजन और रोजगार का संगम बना खिचड़ी मेला

प्रात: किरण संवाददाता

गोरखपुर। नाथपंथ के विश्व प्रसिद्ध गोरखनाथ मंदिर में आयोजित खिचड़ी मेला आस्था, मनोरंजन और रोजगार का संगम बन गया है। यहां बाबा गोरखनाथ का दर्शन कर खिचड़ी चढ़ाने के बाद श्रद्धालु मेले में मनोरंजन कर जरूरी सामानों की खूब खरीदारी कर रहे हैं। मेले में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़ इतनी अधिक है कि यहां दुकान लगाने वालों का रोजगार-कारोबार उनकी आर्थिकी में अभूतपूर्व वृद्धि कर रहा है। मकर संक्रांति के दिन मंगलवार को गोरखनाथ मंदिर में 15 लाख से अधिक श्रद्धालुओं का आगमन हुआ। बुधवार और गुरुवार को भी समूचा मेला परिसर श्रद्धालुओं की भीड़ से खचाखच भरा रहा। खिचड़ी मेला महाशिवरात्रि तक जारी रहेगा। गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में यहां श्रद्धालुओं से लेकर कारोबारियों तक के लिए सुरक्षा, सुविधा और सहूलियत के विशेष प्रबंध किए गए हैं।

गोरखनाथ मंदिर में इस साल मकर संक्रांति के दिन उमड़ा आस्था का जनसैलाब अभूतपूर्व रहा। इस पावन पर्व पर पंद्रह लाख से अधिक श्रद्धालुओं का मंदिर आना हुआ। श्रद्धा का उफान ऐसा था कि भोर से लेकर शाम तक गोरखनाथ मंदिर आने वाले दो प्रमुख मार्गों (धर्मशाला से और बरगदवा से) पर कुल मिलाकर



करीब तीन किलोमीटर तक श्रद्धालुओं की कतार नहीं टूटी। यह कतार लंबाई में तो थी ही, चौड़ाई में भी पूरे सड़क को कवर किए हुए थी। मकर संक्रांति के दिन खिचड़ी मेले के दुकानदारों की आर्थिकी में आकाशीय समृद्धि हुई। अनुमान लगाया जा रहा है कि खिचड़ी मेले के दौरान मकर संक्रांति पर प्रति श्रद्धालु द्वारा प्रसाद, फूलमाला, मनोरंजन, नाश्ता और जरूरी सामानों की खरीदारी पर औसतन 300 रुपये ही खर्च किए गए हों तो गुरु गोरखनाथ के प्रति उमड़ी श्रद्धा ने एक दिन में ही 45 करोड़ रुपये की आर्थिक गतिविधियों को गति दी।

मेला प्रबंधक शिव शंकर उपाध्याय बताते हैं कि खिचड़ी मेले में आने वाले दुकानदारों का कारोबार प्रतिवर्ष बहुत ही अच्छा होता है और इस बार इसमें और भी अप्रत्याशित वृद्धि होती दिख रही है। मेले में करीब छह सौ दुकानें सजी हैं। दुकान लगाने वाले 90 प्रतिशत कारोबारी प्रदेश के अन्य जिलों या अन्य राज्यों से हैं। यहां राजस्थान, दिल्ली कोलकाता के अलावा प्रदेश के मुरादाबाद, सहारनपुर, इटावा, बुलंदशहर आदि जिलों से बड़ी संख्या में कारोबारियों ने दुकानें लगाई हैं। इस बार आस्था का जन ज्वार देखकर सभी बेहद प्रफुल्लित हैं। मंदिर परिसर में डेढ़-दो माह तक लगने वाला खिचड़ी मेला भी जाति-धर्म के बंटवारे से इतर बड़ी संख्या में लोगों की आजीविका का माध्यम बना हुआ है। मंदिर परिसर में नियमित रोजगार करने वालों से लेकर मेला में दुकान लगाने वालों तक, बड़ी भागीदारी अल्पसंख्यक समुदाय के

## संक्षिप्त खबरें

### एसपी ने दिया पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षण

अमरोहा। पुलिस विभाग कार्यालयों में कार्य डिजिटल व पेपरलेस तरीके से जल्द पूरा कराने के लिए ई-ऑफिस प्रणाली लागू की जाएगी। इसके मद्देनजर शुक्रवार को जोया मार्ग पर संचालित लिटिल स्कॉलर्स एकेडमी में एसपी अमित कुमार आनंद ने पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षण दिया। बताया कि ई-आफिस एक डिजिटल वर्क प्लेस सोल्यूशन है, जिसका निर्माण एनआईसी स्तर पर किया गया है। इसका उद्देश्य कार्यालय के सभीा पत्र/पत्रावली/फाइल का डिजिटलाइजेशन कर कार्यालय के कामकाज का सरलीकरण करना है। कहा कि जिले में जल्द ही ई-ऑफिस प्रणाली को लागू किया जाएगा।

### एक दिवसीय रामलीला के लिए किया झंडा पूजन

हसनपुर। अयोध्या में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूर्ण होने पर स्थानीय झारखंड महादेव शिवाला मंदिर में 22 जनवरी को एक दिवसीय रामलीला का आयोजन किया जाएगा। आयोजन को लेकर शुक्रवार को श्रीशिव महामंडल रामलीला समिति पदाधिकारियों ने झंडा पूजन किया। पूजन पंडित महेश शर्मा ने संपादित कराया। मुख्य यजमान आदेश अग्रवाल रहे। समिति प्रबंधक राकेश अग्रवाल ने बताया कि वृंदावन के कलाकार एक दिवसीय यहां रामलीला का मंचन करेंगे। इस दौरान अध्यक्ष पुनीत अग्रवाल, योगेंद्र शर्मा, संजय गर्ग, गिरधारी लाल सैनी, लोकेश अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, राजपाल सैनी, जयपाल सैनी, बृजपाल ठाकुर, धर्मेंद्र रस्तोगी, प्रवीण प्रजापति, अंकुर प्रजापति, वेद प्रकाश यादव आदि मौजूद रहे।

### सेक्टर मजिस्ट्रेट की निगरानी में होंगी प्रयोगात्मक परीक्षाएं

अमरोहा। एक से आठ फरवरी तक चलने वाली यूपी बोर्ड की प्रयोगात्मक परीक्षाएं इस बार सेक्टर मजिस्ट्रेट की निगरानी में होंगी। जिले में इंटर के पंजीकृत 24 हजार से अधिक परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। नकल विहीन परीक्षा के लिए बोर्ड से ऑनलाइन परीक्षकों की तैनाती होगी। सीसीटीवी से भी निगरानी की जाएगी। फिलहाल, सेक्टर मजिस्ट्रेटों की तैनाती की प्रक्रिया शुरू कर 36 सेक्टर मजिस्ट्रेट प्रस्तावित किए गए हैं। सात से आठ कालेजों पर एक सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किया जाएगा। डीआईओएस विष्णु प्रताप सिंह ने बताया कि परीक्षा के संबंध में जल्द ही केंद्र व्यवस्थापक व प्रधानाचार्यों की बैठक होगी।

### डीएम ने किया ईवीएम व वीवीपैट वेयरहाउस का निरीक्षण

अमरोहा। डीएम निधि गुप्ता ने शुक्रवार को ईवीएम व वीवीपैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। उन्होंने सीसीटीवी कैमरा, डबल लॉक और सील को चेक किया। निरीक्षण में सब कुछ ठीक मिला। इस दौरान एडीएम वित्त एवं राजस्व बृजेश कुमार त्रिपाठी समेत अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन द्वारा निशुल्क उपकरणों का वितरण कल: एमआर पाशा

स्योहारा/बुढनपुर।राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा ने प्रेस वार्ता करते हुए बताया कि दिव्यांग,वृद्ध,विधवा,,युवा गरीब-मजदूर आदि के लिए निशुल्क उपकरणों का कैम्प का आयोजन 19 जनवरी को आयोजन किया जा रहा है जिसमें निशुल्क कंबल, ट्राई साइकिल, व्हील चेयर, वैशाखी,कैलिपर्स आदि का वितरण कार्यक्रम का आयोजन दिव्यांग, गरीब, जरूरतमंद, वृद्ध,विधवा आदि को निशुल्क वितरण किया जाएगा।राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा ने कहा कि हमारा संगठन हर वर्ष जनवरी माह में विशाल कार्यक्रम जैसे कंबल, लिहाफ,ट्राई साइकिल,व्हीलचेयर, कैलिपर्स, वैशाखी, आदि का निशुल्क वितरण किया जाता है। इस वर्ष भी विशाल कार्यक्रम का आयोजन 19 जनवरी 2025 को पार्कर पब्लिक स्कूल बुढ़नपुर में सुबह 10:00 बजे किया जाएगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष एम आर पाशा ने सभी दिव्यांग,वृद्ध,विधवा,युवा, गरीब-मजदूरों आदि से अपील कि सभी समय से पहुंच कर निशुल्क कंबल, ट्राई साइकिल, व्हील चेयर, वैशाखी, कैलिपर्स आदि का लाभ उठाए।

## दो मोटरसाइकिल में टक्कर के बाद इनपर सवार चार लोग ट्रक की चपेट में आए, दो की मौत

प्रात: किरण संवाददाता



सहारनपुर। सहारनपुर जिले में दो मोटरसाइकिल में आमने-सामने की टक्कर के बाद सड़क पर गिरे इनपर सवार चार लोग तेज गति से आ रहे एक ट्रक की चपेट में आ गए जिससे दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सागर जैन ने बताया कि बृहस्पतिवार रात कलसिया छुटमलपुर मार्ग पर देहात कोतवाली क्षेत्र के निवासी 40 वर्षीय अनिल अपनी पत्नी पूनम (35 ) के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर घर लौट रहे थे, तभी उनकी मोटरसाइकिल की टक्कर संसारपुर के निकट सामने से आ रही एक अन्य मोटरसाइकिल से हो गई जिसपर इस्माइलपुर निवासी विनय और मोन्टू सवार थे। उन्होंने कहा कि इस घटना के बाद चारों मोटरसाइकिल सवार सड़क पर गिरने के बाद तेज गति से आ रहे एक ट्रक के चपेट में आ गए।

पुलिस ने बताया कि ट्रक ने अनिल, विनय, पूनम और मोन्टू को कुचल दिया और अनिल और विनय की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि महिला पूनम ओर मोन्टू गम्भीर रूप से घायल हो गये। अनिल एक शादी समारोह से लौट रहे थे। सूचना मिलते ही थाना बेहट पुलिस मोके पर पहुंची और चारों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में ले गई जहां दो लोगों को मृत घोषित कर दिया गया और दोनों घायलों को किसी बड़े अस्पताल में भेजा गया है। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिये भिजवा दिया है।

## सड़क हादसे रोकने के लिए डीएम के आदेश, नो हेलमेट नो फ्यूल



- पेट्रोल पंप संचालकों को चेतावनी, बिना हेलमेट दिया पेट्रोल तो होगी कार्रवाई
- पेट्रोल पंप संचालकों को पेट्रोल पंप परिसर में पांच दिन में जागरूकता संबंधी बड़े होर्डिंग लगाने के निर्देश
- पेट्रोल पंप पर सीसीटीवी कैमरे सुचारू रूप से चलाने के आदेश, ताकि किसी भी विवादित स्थिति को आसानी से निबटा जा सकें

प्रात: किरण संवाददाता

अमरोहा। सड़क हादसों में होने वाली मौतों में कमी लाने के लिए शासन ने नो हेलमेट नो फ्यूल का आदेश जारी किया है। जिले में यह व्यवस्था 26 जनवरी से लागू होगी। अब चालक और उसके पीछे बैठे यात्री को हेलमेट लगाना अनिवार्य है, वरना किसी भी पंप पर उन्हें पेट्रोल नहीं मिलेगा। इतना ही नहीं पेट्रोल पंप संचालक प्रतिदिन दो पहिया वाहन चालकों को जागरूक करेंगे। बिना हेलमेट पेट्रोल देते पकड़े जाने पर पंप संचालक के खिलाफ भी कार्रवाई होगी। परिवहन विभाग ने पेट्रोल पंप मालिकों को नोटिस जारी किए हैं। वहीं डीएम ने भी आदेश जारी कर दिया है। एआरटीओ प्रवर्तन महेश शर्मा ने सड़क हादसों में हो रही मौतों में कमी लाने के लिए नो हेलमेट नो फ्यूल नीति लागू की गई है। इसके तहत दोपहिया वाहन चालकों को बिना हेलमेट के पेट्रोल न देने का निर्णय लिया गया है। सभी पेट्रोल पंप संचालकों को निर्देश दिया है कि बिना हेलमेट लगाकर आए दोपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल न दें। उन्होंने पेट्रोल पंप संचालकों को पेट्रोल पंप परिसर में पांच दिन में जागरूकता संबंधी बड़े होर्डिंग लगाने को कहा है। यह भी स्पष्ट किया कि सभी पेट्रोल पंप हमेशा सीसीटीवी कैमरे की निगाह में रहें, ताकि किसी भी विवाद की स्थिति में सीसी फुटेज की मदद से आवश्यक निर्णय लिया जा सके। उन्होंने कहा कि यह निर्णय हेलमेट नहीं पहनने के कारण सड़क दुर्घटनाओं में होने वाले मौतों पर अंकुश लगाने के लिए किया गया है। सभी बाइक चालक भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप हेलमेट का प्रयोग करें। वहीं शासन के निर्देश पर डीएम निधि गुप्ता वत्स ने भी इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं। उन्होंने अपने आदेश में पेट्रोल पंप संचालकों से इस आदेश का समुचित प्रचार-प्रसार करने के निर्देश भी दिए हैं। साथ ही सभी पंप पर सीसीटीवी कैमरे सक्रिय रखने के निर्देश भी दिए हैं।

## धार्मिक पर्यटन में बूम से सर्वाधिक लाभ में होगा यूपी

प्रात: किरण संवाददाता



लखनऊ। वैश्विक पर्यटन की अर्थव्यवस्था 2032 तक 2.2 अरब डॉलर तक होगी। ताजा रुझानों और करीब 500 ऐसे प्रसिद्ध स्थलों के कारण भारत की इसमें महत्वपूर्ण हिस्सेदारी होगी। इस हिस्से में एक बड़ा योगदान उत्तर प्रदेश का होगा।

भगवान राम की जन्मभूमि अयोध्या, उनके वनवास का सबसे प्रमुख पड़ाव चित्रकूट, मां विंध्येश्वरी धाम, श्रीकृष्ण, राधा और ग्वालबालों की यादें सजोए मथुरा, वृंदावन, बरसाना, नंदगांव, गोवर्धन, तीर्थराज प्रयाग, तीनों लोकों से न्यारी भगवान शिव की काशी के कारण धार्मिक और आध्यात्मिक पर्यटन के लिहाज से उत्तर प्रदेश का बेहद महत्वपूर्ण स्थान है। ऐसे स्थलों के साथ कुछ और इस तरह के स्थलों का विकास हो, यह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा ही नहीं संकल्प भी है। ऐसा हुआ है और हो भी रहा है। इसके नतीजे भी दिख रहे हैं।

काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के निर्माण के बाद वाराणसी और आसपास के क्षेत्रों में वर्ष 2023 में 10 करोड़ से अधिक पर्यटक और श्रद्धालु आए। इसी तरह अयोध्या में राम जन्मभूमि पर भगवान श्रीराम का दिव्य एवं भव्य मंदिर बनने के बाद यहां रोज आने वाले पर्यटकों और श्रद्धालुओं की संख्या एक से डेढ़ लाख तक है। यह देश के किसी भी धार्मिक स्थल पर आने वाले पर्यटकों और श्रद्धालुओं से अधिक है।

एक रिपोर्ट के अनुसार पंजाब स्थित सिखों के सबसे पवित्र स्थल स्वर्ण मंदिर में रोजाना आने वाले पर्यटकों और श्रद्धालुओं की संख्या औसत एक लाख के करीब है। जम्मू कश्मीर में मां वैष्णो देवी पहुंचने वालों की औसत संख्या 32 से 40 हजार है। इस तरह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन और उनके अनुरूप किए गए प्रयासों के कारण धार्मिक और आध्यात्मिक पर्यटन, धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण एवं संवर्धन के साथ प्रदेश की आर्थिक तरक्की का जरिया भी बन रहा है। यही मुख्यमंत्री की मंशा भी है।

अब नीति आयोग के सुझाव पर योगी सरकार वाराणसी और प्रयागराज को मिलाकर एक नया धार्मिक क्षेत्र विकसित करने जा रही है। इस धार्मिक क्षेत्र में प्रयागराज और वाराणसी के अलावा चंदौली, गाजीपुर, जौनपुर, मीरजापुर, भदोही जिले शामिल होंगे। इस क्षेत्र का आकार 22 हजार वर्ग किलोमीटर से अधिक का होगा। इससे करीब 2 करोड़ 38 लाख से अधिक लोगों के जीवन पर सकारात्मक असर पड़ेगा। इस परिकल्पना के साकार होने पर उत्तर प्रदेश के धार्मिक पर्यटन को पंख लग जाएंगे।

उल्लेखनीय है कि धार्मिक पर्यटन के साथ योगी सरकार का फोकस संबंधित क्षेत्र के बुनियादी विकास पर भी होता है। अयोध्या और रामसनेही घाट के बीच एक इंडस्ट्रियल सेक्टर बनाने की योजना है। यही काम केंद्र सरकार की मदद से प्रयागराज में भी किया जाना है। इसी क्रम में प्रयागराज और वाराणसी धार्मिक क्षेत्र में भी औद्योगिक क्षेत्र और नॉलेज पार्क बनाने की योजना है। इससे पर्यटन के अलावा इन क्षेत्रों में भी स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा। इस क्षेत्र में आने वाले कई जिले पूर्वांचल के हैं, लिहाजा पूर्वांचल की प्रगति को भी नया आयाम मिलेगा।

## श्री वेंक्टेश्वरा में जल्द शुरू होगी लीवर प्रत्यारोपण यूनिट

- डा. सिंघवी के वेंक्टेश्वरा समूह से जुड़ने से विम्स की स्वास्थ्य सेवाएं विशेष रूप से गैस्ट्रो विभाग होगा विश्वस्तरीय: श्री सुधीर गिरि
- पश्चिमी यू.पी. में अन्त्योदय तक सस्ती सुलभ विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच सुनिश्चित कराना ही वेंक्टेश्वरा का अन्तिम ध्येय: डा. राजीव त्यागी

प्रात: किरण संवाददाता



अमरोहा।श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय एवं सर गंगाराम सुपरस्पेशियलिटी हॉस्पिटल नयी दिल्ली के लीवर प्रत्यारोपण विभाग के निदेशक विख्यात लीवर कैंसर सर्जन डा. सुरेश सिंघवी के बीच वेंक्टेश्वरा के मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल विम्स में लीवर प्रत्यारोपण एवं लीवर कैंसर सर्जरी की यूनिट शुरू करने पर सहमति बन गयी है ` इस आशय की जानकारी आज वेंक्टेश्वरा संस्थान में अपनी टीम के साथ आयें सर गंगाराम हॉस्पिटल के डायरेक्टर डा. सुरेश सिंघवी एवं वेंक्टेश्वरा समूह के संस्थापक अध्यक्ष श्री सुधीर गिरि के बीच लीवर प्रत्यारोपण यूनिट शुरू करने पर सहमति होने पर संस्थापक अध्यक्ष के आधिकारिक प्रतिनिधि एवं विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति डा. राजीव त्यागी ने दी। श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय के डा. सी.वी.रमन सभागार में अपनी टीम के साथ पहुंचे विख्यात गैस्ट्रो / आंकों (कैंसर) सर्जन एवं सर गंगाराम हॉस्पिटल नयी दिल्ली में लीवर प्रत्यारोपण विभाग के निदेशक डा. सुरेश सिंघवी का यहां संस्थापक अध्यक्ष श्री सुधीर गिरि एवं प्रतिकुलाधिपति डा. राजीव त्यागी ने बुके, पटका,पगड़ी पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनन्दन किया।अपने सम्बोधन में डा. सिंघवी ने कहा कि हम जल्द ही यहां लीवर ट्रांसप्लांटेशन यूनिट शुरू करने जा रहे है। अब पश्चिमी यू.पी. के लोगो विशेष रूप से मेरठ, मुरादाबाद के लोगो को लीवर कैंसर, लीवर प्रत्यारोपण एवं पैंक्रियाज की गम्भीर बिमारियों एवं सर्जरी के लिए दिल्ली, गुरुग्राम की दौड़ नही लगानी पड़ेगी। वेंक्टेश्वरा मेडिकल कॉलेज के डीन अकेडमिक डा. संजीव एच भट्ट ने मेडिकल कॉलेज में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में विस्तार से बताया। वही मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. आई.बी. राजू ने पन्द्रह सौ बेडेड विम्स मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल में उपलब्ध चिकित्सकीय सेवाओं के बारें में डा. सिंघवी को जानकारी दीःइ स अवसर पर कुलपति प्रो. (डा.) कृष्णकान्त दवे, डा. संजीव भट्ट, डा. आई.बी.राजू, कुलसचिव डा. पीयूष पाण्डेय, डा. कीर्ति पसरीचा, डा. राजेश सिंह, ग्रुप एडवाईजर डा. आर एस शर्मा मेरठ परिसर से निदेशक डा. प्रताप एवं मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे। कुलपति प्रो. (डा.) कृष्णकान्त दवे ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# महाकुंभ में काशी आने वाले श्रद्धालुओं को दी जाए उच्च स्तरीय बुनियादी सुविधा : मुख्यमंत्री आदित्यनाथ

प्रात: किरण संवाददाता



वाराणसी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज महाकुंभ के दौरान काशी आने वाले श्रद्धालुओं को उच्च स्तरीय बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराये जाने का निर्देश दिया। आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को शुरू हुए दो दिवसीय वाराणसी दौरे पर सर्किट हाउस में महाकुंभ से संबंधित तैयारियों, विकास परियोजनाओं और कानून व्यवस्था की व्यापक समीक्षा की। यहां जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री ने शीतलहर को देखते हुए व्यापक व्यवस्था की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने श्रद्धालुओं के आवासों पर अलाव, शौचालय, सफाई, पेयजल, प्रकाश और सुरक्षा की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। बयान के अनुसार, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने गंगा घाटों पर कड़े सुरक्षा उपाय करने का आह्वान किया। उन्होंने बस स्टैंड पर उचित व्यवस्था करने का आदेश दिया ताकि श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो।

बयान में कहा गया है, ह्यह्यमहाकुंभ के दौरान काशी में आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए उन्होंने अधिकारियों को भीड़ प्रबंधन के प्रभावी उपाय सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।ह्लह्ल

इसमें कहा गया है, ह्यह्यउन्होंने यातायात व्यवस्था में सुधार के लिए भी कहा और महिला पुलिस अधिकारियों, होमगार्ड और पीआरडी कर्मियों को प्रशिक्षित करने और उनकी तैनाती करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने 24 घंटे सघन गश्त के महत्व पर बल दिया और पुलिस को ऑटो-रिक्शा, ई-रिक्शा और टैक्सी चालकों के साथ-साथ रेहड़ी-पटरी वालों और होटलों, छात्रावासों और होमस्टे में ठहरने वाले मेहमानों की गहन जांच करने का निर्देश दिया, ताकि अवांछनीय तत्वों पर नजर रखी जा सके और उन्हें रोका जा सके।

साइबर अपराध से निपटने की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने अधिकारियों से शिक्षण संस्थानों में प्रशिक्षण और पहुंच के प्रयासों सहित व्यापक जागरूकता अभियान शुरू करने का आग्रह किया। उन्होंने नशीली दवाओं के दुरुपयोग और हुक्का बार जैसी अवैध गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने आगामी ह्यकाशी तमिल संगममह्ल की तैयारियों की भी समीक्षा की और अधिकारियों को इसका सुचारू और सफल आयोजन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने इस आयोजन में बेहतर समन्वय के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति का निर्देश दिया। इसके अलावा, उन्होंने जिला मजिस्ट्रेट को लंबित राजस्व मामलों के गुण-दोष के आधार पर समाधान में तेजी लाने का निर्देश दिया।

वरुणा रिवरफ्रंट परियोजना के संबंध में उन्होंने आवश्यक कार्यवाही में तेजी लाने के लिए पहले दिए गए निदेशों को दोहराया तथा वाराणसी-विंध्य क्षेत्र विकास पहल के तहत प्रस्तावित कार्यों के तेजी से क्रियान्वयन पर जोर दिया। वाराणसी में सीवरेज लीकेज की समस्या पर उन्होंने जल निगम (शहरी) तथा नगर निगम को इन समस्याओं का व्यापक समाधान करने तथा सड़कों और गलियों में सीवर ओवरफ्लो की किसी भी शिकायत को रोकने का निर्देश दिया। उन्होंने पेयजल आपूर्ति तथा सीवरेज व्यवस्था में महत्वपूर्ण सुधार पर भी जोर दिया। मुख्यमंत्री ने जल निगम के पाइपलाइन बिछाने के कार्य से प्रभावित सड़कों की तत्काल मरम्मत के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री के स्वच्छता मिशन के साथ तालमेल बिठाते हुए शहर को साफ-सुथरा और सिंगल-यूज प्लास्टिक से मुक्त रखने में समुदाय और जनप्रतिनिधियों की भागीदारी का आह्वान किया। उन्होंने अधिकारियों को सड़क निर्माण और चौड़ीकरण परियोजनाओं से प्रभावित लोगों को उचित मुआवजा देने का निर्देश दिया।

कानून-व्यवस्था पर कड़ा रुख अपनाते हुए मुख्यमंत्री ने किसान यूनियन और ट्रेड यूनियन गतिविधियों की आड़ में व्यवधान पैदा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के आदेश दिए। बयान के अनुसार, उन्होंने सजा पूरी कर चुके विचाराधीन कैदियों पर निर्णय लेने में तेजी लाने और उनकी समय पर रिहाई सुनिश्चित करने का भी आग्रह किया।

## सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने आप विधायक पर भाजपा प्रवक्ता की टिप्पणी की निंदा की

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक राष्ट्रीय प्रवक्ता की आप विधायक पर कथित टिप्पणी की निंदा करते हुए कहा कि इस शब्द-बाण से अपमानित हुए पूर्वांचली, इसे कभी नहीं भूलेंगे। सपा प्रमुख ने भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला की विवादास्पद टिप्पणी का हवाला देते हुए एक्स पर पोस्ट में कहा भाजपा के एक राष्ट्रीय प्रवक्ता द्वारा एक राष्ट्रीय न्यूज चैनल पर आम आदमी पार्टी, दिल्ली के एक निर्वाचित विधायक के उपनाम को बिगाड़कर, उस उपनाम के लिए अत्यंत आपत्तिजनक अपशब्द का इस्तेमाल करना दुर्भाग्यपूर्ण ही नहीं बल्कि घोर निंदनीय भी है। यादव ने कहा यह कथन भाजपा की उप्र, बिहार और पूर्वांचलियों के प्रति उस संकीर्ण सोच को दर्शाता है, जो हमेशा नकारात्मक रही है। ये किसी माफी से खत्म होनेवाला मामला नहीं है। सपा प्रमुख ने कहा इस शब्द-बाण से अपमानित हुए पूर्वांचली, इसे कभी भूलेंगे नहीं। यूपी-बिहार कहे आज का, नहीं चाहिए भाजपा ! शहजाद पूनावाला ने एक समाचार चैनल पर तीखी बहस में आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक ऋतुराज झा के उपनाम का इस्तेमाल कर उन पर कटाक्ष किया था, जिसे आम आदमी पार्टी (आप) ने अपमानजनक बताया था।

## जालौन में घने कोहरे में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत, एक अन्य घायल

जालौन। जालौन कोतवाली क्षेत्र में घने कोहरे के बीच एक अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गयी और एक अन्य घायल हो गया। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। जालौन कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) वीरेंद्र कुमार पटेल ने बताया कि बृहस्पतिवार देर रात्रि 12 से एक बजे के बीच यह सूचना मिली कि जालौन राज्य राजमार्ग पर कन्हैया लाल विष्णु चरण महाविद्यालय के पास एक बाइक पर सवार तीन युवक हादसे के शिकार हो गए हैं।उन्होंने कहा कि इस सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने तत्काल तीनों घायलों को जालौन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां पर डॉक्टर ने सफीक (25) निवासी गिदोसा को मृत घोषित कर दिया। इलाज के दौरान चमकू (26) ने भी दम तोड़ दिया, जबकि तीसरे घायल भूरे को गंभीर अवस्था में मेडिकल कॉलेज उरई भेजा गया है।

एसएचओ ने बताया कि पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश की जा रही है।

## अदालत ने 2008 में चक्का जाम करने के मामले में सजा के खिलाफ आजम खान की अपील खारिज की



मुरादाबाद। मुरादाबाद जिले की सांसद-विधायक अदालत ने समाजवादी पार्टी (सपा) के वरिष्ठ नेता आजम खान की अपील खारिज कर दी है। छजलैट में यातायात अवरुद्ध करने के मामले में निचली अदालत द्वारा सुनाई गयी सजा के खिलाफ यह अपील दायर की गयी थी। एक अधिवक्ता ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पूर्व मंत्री आजम खान वर्ष 2008 में छजलैट पुलिस थाना क्षेत्र में चक्का जाम करने के मामले में विशेष सांसद-विधायक अदालत द्वारा सुनाई गयी दो साल की सजा के बाद सीतापुर जेल में बंद हैं। अदालत ने इसी मामले में उनके बेटे अब्दुल्ला आजम को भी दो साल की सजा और तीन हजार रुपये जुर्माने से दंडित किया था। अदालत ने बृहस्पतिवार को मुरादाबाद की निचली अदालत द्वारा पहले लगाई गई दो साल की कैद और तीन हजार जुर्माने को बरकरार रखा। यह मामला 2008 की एक घटना से जुड़ा है, जब आजम खान और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम पर छजलैट पुलिस थाने के बाहर सड़क जाम करने का आरोप लगाया गया था। विशेष लोक अभियोजक मोहन लाल विश्नोई ने अदालत के फैसले की पुष्टि करते हुए कहा, ह्यएमपी-एमएलए (एडीजे 5) कोर्ट ने आजम खान की अपील को खारिज कर दिया। इसमें सजा और आदेश दोनों को बरकरार रखा गया है। निचली अदालत ने 13 फरवरी 2023 को यह फैसला दिया था। इस मामले में अब्दुल्ला आजम की अपील अन्य अदालतों में विचाराधीन है। विश्नोई ने कहा कि अब्दुल्ला के मामले की सुनवाई उच्चतम न्यायालय में भी हो रही है। इस मामले में सांसद-विधायक अदालत ने आजम खान और अब्दुल्ला आजम को दोषी ठहराया था और उन्होंने फैसले को चुनौती देते हुए अलग-अलग अपील दायर की थी।

## अखिलेश यादव ने सैफ अली खान की सेहत के लिए दुआ की, कलाकारों की सुरक्षा की मांग उठाई

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने शुक्रवार को सिने अभिनेता सैफ अली खान की सेहत की दुआ करते हुए सरकार से कलाकारों की सुरक्षा की मांग की है। यादव ने एक्स पर पोस्ट किया, ह्ललोकप्रिय फि ल्म स्टार सैफ अली खान की सेहतमंदी की दुआओं के साथ सरकार से आग्रह है कि कलाकारों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। मुंबई के बांद्रा इलाके में बुधवार देर रात सतगुरु शरण इमारत की 12वीं मंजिल पर अभिनेता सैफ अली खान (54) के आवास में घुसकर एक हमलावर ने उन पर चाकू से कई बार वार किया, जिसमें वह घायल हो गए। इस घटना के बाद फिल्मी हस्तियों की सुरक्षा को लेकर सवाल उठाये जा रहे हैं लीलावती अस्पताल के चिकित्सकों ने बताया कि सैफ आपातकालीन सर्जरी के बाद खतरे से बाहर हैं।

## आगरा के खेत में मिले पुरुष और महिला के शव, लाइसेंसी रिवॉल्वर बरामद




आगरा। उत्तर प्रदेश के आगरा जिले के खैरागढ़ के बुंदपुरा गांव में एक पुरुष और एक महिला के शव खेत में मिले हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि पुरुष के शव के पास से एक लाइसेंसी रिवॉल्वर भी बरामद की गयी है। पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) सोनम कुमार ने कहा, ह्यप्रारंभिक साक्ष्यों से पता चलता है कि विनय परमार नामक व्यक्ति ने बुधवार को पहले महिला को और फिर खुद को गोली मार ली। हालांकि, मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है और वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं।ह्ल पुलिस के मुताबिक नगला कमाल निवासी 42 वर्षीय विनय परमार ने बुंदपुरा में एक खेत किराए पर लिया था, जहां 18 वर्षीय महिला भी रहती थी। पुलिस ने बताया कि उनके शव दोपहर करीब तीन बजे खेत में मिले, जिनके सिर पर गोली के निशान थे।

परमार के शव के पास से एक लाइसेंसी रिवॉल्वर मिली। स्थानीय निवासियों ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि परमार शादीशुदा था, जबकि महिला अविवाहित थी। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और रिवॉल्वर को जब्त कर लिया गया है। कुमार ने कहा कि जांच जारी है और सभी सबूतों की जांच की जा रही है।

## उत्तर प्रदेश के ललितपुर की पहाड़ी में अज्ञात महिला का शव बरामद

ललितपुर (उप्र), 17 जनवरी (वेब वार्ता)। उत्तर प्रदेश में ललितपुर जिले के जखौरा थाना क्षेत्र में आलापुर गांव के लखनवाड़ा जंगल की पहाड़ी में शुक्रवार सुबह पुलिस ने एक अज्ञात महिला का शव बरामद किया। पुलिस के एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी ।

ललितपुर जिले के अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) अनिल कुमार ने बताया कि शुक्रवार सुबह जखौरा थाना क्षेत्र के आलापुर गांव के लखनवाड़ा के जंगल की पहाड़ी से 25-26 साल की एक अज्ञात महिला का शव बरामद किया गया है, जिसके सिर में चोट के निशान पाए गए हैं।

उन्होंने बताया कि ऐसा प्रतीत होता है कि महिला किसी परिचित के साथ पहाड़ी पर गयी होगी। अधिकारी ने बताया कि महिला के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है, ताकि मौत के असली कारणों का पता चल सके। कुमार ने बताया कि अभी तक महिला की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

## संक्षिप्त खबरें

### घर के बाहर मां-बेटे से मारपीट

ग्रेटर नोएडा, । ग्रेनो वेस्ट के सैनी गांव में घर से बाहर बुलाकर मां-बेटे के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित ने इसकी शिकायत पुलिस से की है। पुलिस ने चार युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। सेक्टर ईकोटेक-3 पुलिस के मुताबिक राहुल की शिकायत पर गौरव, अभिषेक, छोटू और एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। राहुल का आरोप है कि आरोपी गौरव ने उसे फोन कर घर से बाहर बुलाया। इसके बाद उसके साथ मारपीट की गई। शोर सुनकर राहुल की मां बाहर निकली और बीचबचाव करने लगी। इस दौरान आरोपियों ने राहुल की मां के साथ भी मारपीट की। आरोप है कि आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पीड़ित ने इसकी शिकायत पुलिस से की। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### समाधान शिविरः नागरिकों की समस्याओं के समाधान का एक नया मंच

फरीदाबाद, । हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निदेर्शानुसार डीसी विक्रम सिंह के मार्गदर्शन में फरीदाबाद जिला में समाधान शिविर के माध्यम से जन सुनवाई करते हुए जरूरतमंद लोगों की सार्वजनिक व व्यक्तिगत शिकायतों का प्राथमिकता से निदान किया जा रहा है। जिला मुख्यालय व उपमंडल स्तर पर प्रतिदिन कार्य दिवस पर सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक लगाए जा रहे समाधान शिविर में लोगों की शिकायतों का समाधान किया जा रहा है। समाधान शिविर में शुक्रवार को एसडीएम फरीदाबाद शिखा ने नागरिकों की समस्याओं पर सुनवाई करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। एसडीएम शिखा ने समाधान शिविर में आई शिकायतों में से का अधिकांश का मौके पर ही निदान किया और शेष पर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश सम्बंधित अधिकारी को दिए गए। समाधान शिविर में प्रमुख तौर पर प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, जमीन का पंजीकरण, लोकल बॉडी का नो ड्यूज सर्टिफिकेट, म्युनिसिपल कमेटी से नक्शा अनुमोदन, बिजली-सिंचाई-सार्वजनिक स्वास्थ्य, समाज कल्याण पेंशन तथा अपराध की शिकायतें और राशन कार्ड को शामिल किया गया है। एसडीएम ने बताया कि शिकायतों के समाधान के लिए लग रहे समाधान शिविर में आमजन अपनी शिकायतों के समाधान के लिए संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा निरंतर समाधान शिविर में प्राप्त हो रही शिकायतों के समाधान की समीक्षा की जा रही है। मुख्यमंत्री कार्यालय एवं मुख्य सचिव कार्यालय द्वारा भी निरंतर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समाधान शिविरों की निगरानी भी की जा रही है।

### कथा के बैनर न लगाने देने का आरोप

ग्रेटर नोएडा, । ग्रेटर नोएडा वेस्ट की ऐस सिटी सोसाइटी में एओए पर श्री रामचरितमानस महायज्ञ के बैनर न लगाने देने का आरोप लगाया गया है। कथावाचक और सोसाइटी के निवासी उपेंद्र नारायण ने बताया कि 2 से 10 फरवरी तक श्री रामचरितमानस महायज्ञ के लिए 10 दिन पहले एओए के साथ बैठक की गई। एओए की सभी शर्तों को मानते हुए कथा कराने की अनुमति ली गई। क्लब हाउस को बुक कर भुगतान भी कर दिया गया। अब सोसाइटी में बैनर लगाने की बात आई तो एओए नए-नए नियम बना रहा है। इस संबंध में एओए के उपाध्यक्ष वरुण से बात करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया।

### फरीदाबाद के विकास को नई गतिः कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से की मुलाकात

फरीदाबाद, । हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री एवं फरीदाबाद के विधायक विपुल गोयल अत्यंत सक्रियता के साथ क्षेत्र के विकास कार्यों को गति देने के लिए जुटे हुए हैं। क्षेत्र की जनता द्वारा चुने जाने के बाद से ही वह बुनियादी कार्य एवं विभिन्न परियोजनाओं को लेकर सकारात्मकता के साथ कार्य कर रहे हैं। इस अभियान के तहत, शुक्रवार को विपुल गोयल ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से उनके नई दिल्ली आवास पर मुलाकात की। बैठक में फरीदाबाद और हरियाणा के सड़क, राजमार्ग और आधारभूत संरचना से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। विपुल गोयल ने फरीदाबाद की जनता की ओर से मांगें रखते हुए कुछ परियोजनाओं पर शीघ्र कार्यवाही का अनुरोध किया। उन्होंने नितिन गडकरी को फरीदाबाद क्षेत्र सहित देशभर में की आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने के लिए धन्यवाद दिया और उनकी उपलब्धियों के प्रति प्रशंसा व्यक्त की।

# महाकुम्भ में कुल 45 करोड़ लोगों के आने का अनुमान, भीड़ प्रबंधन में वरदान साबित हो रहा

प्रात: किरण, संवाददाता




महाकुम्भनगर। प्रयागराज में आयोजित महाकुम्भ में मात्र छह दिनों के अंदर सात करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं, कल्पवासियों और पूज्य साधु-संतों ने त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाई है और एक आधिकारिक बयान के अनुसार उप्र सरकार का अनुमान है कि इस बार महाकुम्भ में कुल 45 करोड़ से भी ज्यादा लोग आएंगे। इतनी बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा महाकुम्भ पुलिस के लिए भले ही एक बड़ी चुनौती है, लेकिन मेला क्षेत्र में स्थापित इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (आईसीसीसी) भीड़ प्रबंधन के लिहाज से वरदान साबित हो रहा है। इसके माध्यम से न सिर्फ मेला क्षेत्र में आ रही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को नियंत्रित करने में मदद मिल रही है बल्कि कई तरह के सर्विलांस में भी यह मददगार बन रहा है। महाकुम्भ के पहले दिन पौष पूर्णिमा स्नान पर्व और मकर संक्रांति के अमृत स्नान पर भारी भीड़ को सुनियोजित तरीके से नियंत्रित करने में आईसीसीसी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आईसीसीसी के प्रभारी एसपी अमित कुमार ने बताया कि यहां पर 2750 कैमरे लगाए गए हैं, जिनके माध्यम से न सिर्फ मेला क्षेत्र में बल्कि पूरे शहर क्षेत्र पर नजर रखी जा रही है। तीन कोण से निगरानी की जा रही है, पहला है सुरक्षा, दूसरा प्रबंधन और तीसरा है अपराध। उन्होंने बताया कि ह्लहमारे पास जो कैमरे हैं उनसे हम सर्विलांस, भीड़ प्रबंधन और अग्निशमन जैसे तमाम पहलुओं पर नजर रख पा रहे हैं। कुमार ने कहा भीड़ प्रबंधन के लिए हम लोग भीड़ के प्रवाह की निगरानी कर रहे हैं कि किस तरफ से कितनी भीड़ आ रही है और इसको किस प्रकार से नियंत्रित करना है। भीड़ के प्रवाह के माध्यम से यह जानने की कोशिश करते हैं की भीड़ का दबाव कहां ज्यादा है और हम उसको वहां से किस ओर बढ़ा सकते हैं। उन्होंने कहा, यह काफी कारगर तकनीक है। हमें यहां से नियमित निगरानी करनी पड़ती है कि ताकि पता चल सके कि कहीं किसी एक स्थान पर भीड़ का घनत्व ज्यादा तो नहीं हो गया है। अमित कुमार ने कहा, इसके अलावा हम कैमरों से आग पर भी नजर रख रहे हैं। यह पता करते हैं कि कहीं धुआं या आग की लपट तो नहीं है। इसके अलावा पार्किंग क्षेत्र की भी इसके जरिये निगरानी की जा रही है। उन्होंने कहा, हर पार्किंग क्षेत्र में कैमरे लगाए गए हैं जो बताते हैं कि कौन सा पार्किंग क्षेत्र कितनी खाली या भरा है। जब कोई पार्किंग क्षेत्र भर जाता है, तो हम उसको बंद करके दूसरे पार्किंग क्षेत्र को सक्रिय करते हैं। सबसे पहले हम पास के पार्किंग क्षेत्र को भरते हैं जिससे स्नानार्थियों को कम से कम चलना पड़े। इसके बाद हम उससे आगे की ओर बढ़ते हैं। उन्होंने बताया कि सात मुख्य मार्ग हैं जो प्रयागराज को अन्य शहरों से जोड़ते हैं, इसको देखते हुए सभी दिशाओं में इस तरह की पार्किंग की व्यवस्था की गई है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित कैमरा की उपयोगिता पर उन्होंने कहा, एआई कैमरों से निर्णय लेने में काफी मदद मिलती है, लेकिन हम पूरी तरह इन पर निर्भर नहीं हैं। यह हमारी क्षमता को निश्चित रूप से बढ़ाते हैं, क्योंकि इससे पहले इतने बड़े पैमाने पर भीड़ का प्रबंधन नहीं किया गया था। हमारे बल संस्थागत रूप से प्रशिक्षित हैं, लेकिन डेटा आधारित साक्ष्य के होने से हमें अपने कौशल को और बेहतर करने में मदद मिलती है।

## बिना अनुमति रेस्टोरेंट में शराब परोसने के मामले में दो गिरफ्तार



प्रात: किरण, संवाददाता

नोएडा, । आबकारी विभाग और फेज-1 पुलिस ने रेस्टोरेंट में बिना अनुमति ग्राहकों को शराब परोसने के मामले में दो कर्मचारियों को गिरफ्तार किया। रेस्टोरेंट का मालिक और मैनेजर फरार हो गया। दोनों की गिरफ्तारी के लिए एक टीम गठित की गई है। आबकारी विभाग ने इस मामले में फेज-1 थाने में केस दर्ज कराया है। आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-1 गौरव चंद ने बताया कि गुरुवार रात मुखबिर से सूचना मिली कि नया बांस गांव स्थित संगम ढाबा रेस्टोरेंट में बिना लाइसेंस और परमिट के शराब पिलाई जा रही है। निर्धारित मूल्य से अधिक दाम में शराब परोस कर रेस्टोरेंट मालिक मोटा मुनाफा कमा रहा है। इसके बाद टीम ने रेस्टोरेंट पर छापा मारा। रेस्टोरेंट की टेबलों पर शराब और बीयर की बोतलें रखकर लोग पी रहे थे। छापेमारी के दौरान रेस्टोरेंट के काउंटर पर बैठे दो लोग भाग निकले। इसके बाद रेस्टोरेंट के अंदर से भारी मात्रा में विदेशी शराब और बीयर की बोतलें बरामद की गईं। विभाग की टीम ने लोगों को शराब परोस रहे दो कर्मचारियों को दबोचकर पूछताछ शुरू की तो उन्होंने अपना नाम और पता सीतापुर निवासी राजू और झारखंड निवासी सुनील यादव बताया। काउंटर से भागे दोनों व्यक्तियों का नाम कर्मचारियों ने अनूप सिंह और वरुण शर्मा बताया। अनूप सिंह रेस्टोरेंट का मैनेजर और वरुण शर्मा मालिक है। कर्मचारियों ने बताया कि उनके रेस्टोरेंट में महंगे दामों में शराब परोसी जाती है। इसके लिए दोनों पुलिस टीम से माफी भी मांगने लगे। आबकारी विभाग के अधिकारियों ने बताया कि रेस्टोरेंट में शराब परोसने संबंधी लाइसेंस मालिक द्वारा नहीं लिया गया था। इसके अलावा रेस्टोरेंट में गैर राज्य की शराब भी परोसी जा रही थी। छापेमारी के दौरान ग्राहक रेस्टोरेंट से भाग निकले। फरार रेस्टोरेंट मालिक और मैनेजर की तलाश जारी है। इस समय प्रिंट रेट से ज्यादा दाम पर शराब बेचने वाले सेल्समैन पर भी व्यापक स्तर पर कार्रवाई आबकारी विभाग की ओर से की जा रही है।

## सफाई कर्मचारियों को कार्य के दौरान प्रबंध कराएं आवश्यक उपकरण : इंजी.कृष्ण कुमार

### हरियाणा राज्य सफाई कर्मचारी आयोग अध्यक्ष ने प्रशासन के साथ की समीक्षा बैठक

प्रात: किरण, संवाददाता



फरीदाबाद, । हरियाणा राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष इंजीनियर कृष्ण कुमार ने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक को सरकार की योजनाओं का लाभ प्रदान करने में अपना दायित्व निभा रही है, ऐसे में विभागीय अधिकारी सफाई कर्मचारियों को हर संभव मदद देते हुए मानवीय आधार पर उन्हें सेवाएं दें और सम्मान स्वरूप उनके साथ व्यवहार किया जाए। इंजी.कृष्ण कुमार शुक्रवार को हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के कन्वेंशन हॉल में निगम और पंचायत विभाग के कर्मचारियों से रूबरू होने उपरांत अधिकारियों की बैठक ले रहे थे। इंजी. कृष्ण कुमार ने बैठक में सफाई कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों को सामाजिक, आर्थिक व शैक्षणिक जीवन में सुधार करने तथा सफाई कर्मचारियों को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में विस्तार से चर्चा भी की। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारियों व ग्रामीण कर्मचारियों के सामने आने वाली समस्याओं को लेकर प्रशासन अपनी जिम्मेदारी के साथ कार्य करे। उन्होंने बताया कि सफाई कर्मचारियों से बातचीत करते हुए उसके समाधान करने का आश्वासन उनकी ओर से दिया गया है। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को कहा कि सफाई कर्मचारियों को कार्य के दौरान आवश्यक उपकरण के प्रबंध कराएं। आयोग अध्यक्ष ने कहा कि सफाई कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान करने के लिए सरकार प्रयत्नशील है। उन्हें वो सब सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही है जो उनसे व उनके कार्य से ताल्लुक रखती है। उन्होनें कहा कि भविष्य में सफाई कर्मचारियों के साथ कोई दुघर्टना न घटे इसको लेकर सरकार कर्मचारियों के लिए विशेष सुविधा प्रदान करने के लिए प्रयास कर रही है। आयोग अध्यक्ष ने बताया कि कर्मचारियों को ऋण सुविधा भी उपलब्ध करवाने पर भी विचार किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों से कर्मचारियों का डाटा भी भेजने के निर्देश दिए। साथ ही साथ कर्मचारियों को ईपीएफ ईएसआई कटता है या नहीं इसके बारे में भी जानकारी हासिल की। आयोग अध्यक्ष ने सफाई कर्मचारियों से अपने संबोधन में आहवान किया कि वे अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दे व उन्हें इस तरह से शिक्षित करें की वे अपना जीवन सम्मान के साथ जी सकें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे स्वच्छ भारत अभियान को लेकर और गंभीरता से कार्य करें। अध्यक्ष ने सफाई कर्मचारियों के स्वास्थ्य को लेकर हैल्थ शिविर लगाने पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारियों का कार्य जोखिम भरा है इसके लिए जागरूक होने की आवश्यकता है। सरकार वो सब सुविधाएं प्रदान कर रही है जिनसे दुघर्टना होने का अंदेशा कम होगा। आयोग अध्यक्ष ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समय समय पर मॉक ड्रील करें ताकि सफाई कर्मचारी बड़ी दुघर्टना होने से अपने आप को बचा सकें। निगम जॉइंट कमिश्नर द्विजा ने इस मौके पर ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में कार्य कर रहे सफाई कर्मचारियों की सुविधा का ध्यान रखने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर सीईओ जिला परिषद सतबीर मान व निगम यूनियन के प्रधान बलवीर गुलेरिया भी मौजूद रहे ।

## फरीदाबाद : हमारा संविधान-हमारा स्वाभिमान थीम के साथ संविधान की प्रस्तावना का हुआ वाचन

### जिला फरीदाबाद में सामूहिक संविधान प्रस्तावना वाचन में भागीदार बने जिलावासी



फरीदाबाद, । संविधान के अंगीकृत करने की 75 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में हमारा संविधान-हमारा स्वाभिमान थीम के साथ हरियाणा प्रदेश में मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के दिशा निर्देशानुसार शुक्रवार को फरीदाबाद जिला में सामूहिक रूप से संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया। डीसी विक्रम सिंह के मार्गदर्शन में जिला के सभी सरकारी कार्यालयों में व शिक्षण संस्थानों में एक साथ हजारों लोगों ने संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया। संविधान प्रस्तावना वाचन कार्यक्रम का आयोजन लघु सचिवालय के सभागार कक्ष में किया गया। सीईओ जिला ग्रामीण विकास अभिकरण सतबीर मान, एसडीएम फरीदाबाद शिखा, एसडीएम बडखल अमित मान व एसडीएम बल्लभगढ मयंक भारद्वाज सहित जिले के अन्य अधिकारीगण ने संयुक्त रूप से संविधान प्रस्तावना वाचन किया। जिला में सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों, स्थानीय निकायों (ग्राम पंचायतों, नगरपालिका, नगर परिषद एवं नगर निगम) में भी संविधान प्रस्तावना वाचन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। एसडीएम शिखा ने कहा कि भारत सरकार ने देश के संविधान को अपनाने के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में वर्ष भर चलने वाले ऐतिहासिक समारोह की शुरूआत की घोषणा की है। यह निर्णय हमारे लोकतंत्र की उल्लेखनीय यात्रा और हमारे संस्थापक सिद्धांतों तथा संवैधानिक मूल्यों की स्थायी विरासत को दशार्ता है। जो संविधान दिवस 26 नवम्बर, 2024 से शुरू हो चुका है। आज जिला में ह्लहमारा संविधान हमारा स्वाभिमानह्व के तहत समारोह आयोजित किये जा रहे हैं और इनका उद्देश्य संविधान में निहित मूल मूल्यों को दोहराते हुये संविधान के निमार्ताओं का सम्मान करना है। उन्होंने कहा कि देश का संविधान हमें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करने के साथ ही अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का मार्ग प्रशस्त करता है। केंद्र व प्रदेश सरकार संविधान की उद्देशिका के अनुरूप आमजन को सरकार की योजनाओं से लाभान्वित करने में अपना दायित्व निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि आज सभी को संविधान के बारे में विस्तार से जानकारी देने के लिए इस प्रकार के आयोजन महत्ती भूमिका निभाते हैं। जीवन को किस तरीके से समाज में यापन किया जाए वह सभी प्रकार के माध्यम संविधान में निहित हैं। लघु सचिवालय परिसर में सभी कार्यालय में विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों ने संविधान की प्रस्तावना का पाठन किया। साथ ही मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी द्वारा किये गए सामूहिक संविधान प्रस्तावना वाचन कार्यक्रम का प्रसारण भी देखा गया और संविधान पर केंद्रित सूचना, जनसंपर्क भाषा विभाग हरियाणा द्वारा तैयार डॉक्युमेंट्री भी दिखाई गई। जिला सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय में भी ह्लसंविधान प्रस्तावना वाचन कार्यक्रम आयोजित किया गया और डिस्प्ले बोर्ड पर ह्लसंविधान प्रस्तावना वाचन को प्रदर्शित भी किया गया ताकि आमजन भी संविधान के महत्व को समझ सके। परिसर में लगी संविधान की प्रस्तावना का पाठन आमजन ने पूरी संजीदगी के साथ किया और हरियाणा सरकार द्वारा संविधान के अंगीकृत करने की 75वीं वर्षगांठ पर चलाये जा रहे जागरूकता अभियान की सराहना की।

## संवैधानिक मूल्यों की स्थायी विरासत को दशार्ता है संविधान : शिखा

### हमारा संविधान-हमारा स्वाभिमान थीम के साथ संविधान की प्रस्तावना का हुआ वाचन

प्रात: किरण, संवाददाता


फरीदाबाद, । संविधान के अंगीकृत करने की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में हमारा संविधान-हमारा स्वाभिमान थीम के साथ हरियाणा प्रदेश में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के दिशा निदेर्शानुसार शुक्रवार को फरीदाबाद जिला में सामूहिक रूप से संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया। डीसी विक्रम सिंह के मार्गदर्शन में जिला के सभी सरकारी कार्यालयों में व शिक्षण संस्थानों में एक साथ हजारों लोगों ने संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया। संविधान प्रस्तावना वाचन कार्यक्रम का आयोजन लघु सचिवालय के सभागार कक्ष में किया गया। सीईओ जिला ग्रामीण विकास अभिकरण सतबीर मान, एसडीएम फरीदाबाद शिखा, एसडीएम बड़खल अमित मान व एसडीएम बल्लभगढ मयंक भारद्वाज सहित जिले के अन्य अधिकारीगण ने संयुक्त रूप से संविधान प्रस्तावना वाचन किया। जिला में सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों, स्थानीय निकायों (ग्राम पंचायतों, नगरपालिका, नगर परिषद एवं नगर निगम) में भी संविधान प्रस्तावना वाचन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। एसडीएम शिखा ने कहा कि भारत सरकार ने देश के संविधान को अपनाने के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में वर्ष भर चलने वाले ऐतिहासिक समारोह की शुरूआत की घोषणा की है। यह निर्णय हमारे लोकतंत्र की उल्लेखनीय यात्रा और हमारे संस्थापक सिद्धांतों तथा संवैधानिक मूल्यों की स्थायी विरासत को दशार्ता है। जो संविधान दिवस 26 नवम्बर, 2024 से शुरू हो चुका है। आज जिला में ह्लहमारा संविधान हमारा स्वाभिमानह्व के तहत समारोह आयोजित किये जा रहे हैं और इनका उद्देश्य संविधान में निहित मूल मूल्यों को दोहराते हुये संविधान के निमार्ताओं का सम्मान करना है। उन्होंने कहा कि देश का संविधान हमें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करने के साथ ही अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का मार्ग प्रशस्त करता है। केंद्र व प्रदेश सरकार संविधान की उद्देशिका के अनुरूप आमजन को सरकार की योजनाओं से लाभान्वित करने में अपना दायित्व निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि आज सभी को संविधान के बारे में विस्तार से जानकारी देने के लिए इस प्रकार के आयोजन महत्ती भूमिका निभाते हैं। जीवन को किस तरीके से समाज में यापन किया जाए वह सभी प्रकार के माध्यम संविधान में निहित हैं। सरकारी कार्यालयों में भी हुआ संविधान प्रस्तावना का वाचन लघु सचिवालय परिसर में सभी कार्यालय में विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों ने संविधान की प्रस्तावना का पाठन किया। साथ ही मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी द्वारा किये गए सामूहिक संविधान प्रस्तावना वाचन कार्यक्रम का प्रसारण भी देखा गया और संविधान पर केंद्रित सूचना, जनसंपर्क भाषा विभाग हरियाणा द्वारा तैयार डॉक्युमेंट्री भी दिखाई गई। जिला सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय में भी ह्लसंविधान प्रस्तावना वाचन कार्यक्रम आयोजित किया गया और डिस्प्ले बोर्ड पर ह्लसंविधान प्रस्तावना वाचन को प्रदर्शित भी किया गया ताकि आमजन भी संविधान के महत्व को समझ सके। परिसर में लगी संविधान की प्रस्तावना का पाठन आमजन ने पूरी संजीदगी के साथ किया और हरियाणा सरकार द्वारा संविधान के अंगीकृत करने की 75वीं वर्षगांठ पर चलाये जा रहे जागरूकता अभियान की सराहना की।


## फरीदाबाद : शेयर मार्किट में निवेश के नाम पर धोखाधड़ी, पांच गिरफ्तार



प्रात: किरण, संवाददाता

फरीदाबाद, । शेयर मार्किट में निवेश के नाम पर धोखाधड़ी के मामले में साइबर थाना साइबर सेन्ट्रल की टीम ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने मामले में अधिक जानकारी देते हुए बताया कि सेक्टर-77 निवासी एक व्यक्ति ने साइबर थाना सेन्ट्रल में दी अपनी शिकायत में बतलाया कि 07 जुलाई को उसके पास अजय शर्मा नाम से एक अनाजान नम्बर से कॉल आया। जिसने शेयर मार्किट में पैसा निवेश करके मुनाफे का लालच दिया। जिसपर शिकायतकर्ता ने लालच में आकर अपने खाते से 50 हजार रुपये निवेश कर दिए। इस पर थाना साइबर सेन्ट्रल में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। मामले में कार्रवाई करते हुए साइबर थाना सेन्ट्रल की टीम ने 5 आरोपियों को राजस्थान और उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया है। इनमें विक्रम वासी टोंक, मनीष वासी भरतपुर, हर्ष वासी नागौर, तेजवीर वासी वृंदावन और उमाशंकर वासी भरतपुर नाम शामिल है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी विक्रम एकाउंट होल्डर है, उमाशंकर खाता उपलब्ध करवाने का काम करता है तथा आरोपी मनीष, हर्ष व तेजवीर के द्वारा चाईनिज लोगो को खाते उपलब्ध कराये जाते है। आरोपियो से पूछताछ में 16 लाख 50 हखार 94 रुपये फ्रॉड करने का मामले का खुलासा हुआ है। साइबर टीम ने सभी पांचो आरोपियों को पुलिस रिमांड पर लिया गया था। आरोपी विक्रम को पूछताछ के बाद जेल भेजा दिया गया है। अन्य चारों आरोपियो से पूछताछ जारी है।

## एटीएम से रुपये निकालने गए बुजुर्ग से ठगी

प्रात: किरण, संवाददाता

ग्रेटर नोएडा, । ग्रेनो वेस्ट के चिपियाना गांव में एटीएम से रुपये निकालने गए बुजुर्ग के साथ ठगी हो गई। बूथ से बाहर आने के 20 मिनट बाद उनके खाते से 84,500 रुपये निकल गए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कानपुर देहात निवासी 61 वर्षीय मनोज कुमार चिपियाना गांव स्थित हर्ष विहार कॉलोनी में अपने बेटे के साथ रहते हैं। बुजुर्ग ने पुलिस को बताया कि वह रविवार को एटीएम बूथ से रुपये निकालने गए थे। उन्होंने दो बार कोशिश की, लेकिन एटीएम से रुपये नहीं निकले। इसके बाद वह घर आ गए। करीब 20 मिनट बाद उनके खाते से कई बार में 84,500 रुपये निकाल लिए गए। इसके बाद पीड़ित ने घटना की सूचना पुलिस को दी। बिसरख कोतवाली प्रभारी ने बताया कि पीड़ित बुजुर्ग की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## फरीदाबाद में मौसम साफ, प्रदूषण के स्तर में गिरावट



प्रात: किरण, संवाददाता

फरीदाबाद, । फरीदाबाद जिले में शुक्रवार की सुबह मौसम पूरी तरह से साफ नजर आया। धुंध के न होने से विजिबिलिटी पूरी तरह से साफ नजर आई। हालांकि तापमान में अभी भी गिरावट दर्ज की जा रही है, जिसके चलते ठंड अभी भी बरकरार है। दिन में भी मौसम पूरी तरह से साफ रहेगा। फरीदाबाद का आज सुबह तापमान 11 डिग्री सेल्सियस रहा है। दिन में तापमान के 16 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ने की उम्मीद है। जिले के लोगों को दिन में सूर्यदेव के दर्शन हुए। साथ ही बीते दिन हुई बारिश के चलते प्रदूषण के स्तर में भी कमी आई है। पिछले कई दिनों से एयर क्वालिटी इंडेक्स 200 के ऊपर चल रहा था, लेकिन शुक्रवार नीचे गिरकर इंडेक्स 176 पर पहुंच गया है। जबकि पार्टिकुलेट मैटर (पीएम) 2.5 का स्तर 91 है। हालांकि अभी दोनों ही खतरे के निशान से ज्यादा हैं। मौसम विभाग के अनुसार फरीदाबाद में 8 किलोमीटर प्रति घंटा से हवाएं दिन में चलेंगी। हवाओं के चलने के कारण दिन में भी धुंध नहीं रहेगी, लेकिन ठंडी हवाओं के चलने से मौसम में सर्दी बरकरार रहेगी।

## सुरक्षाकर्मियों को दो माह से वेतन नहीं मिला

प्रात: किरण, संवाददाता

ग्रेटर नोएडा, । ग्रेनो वेस्ट के सेक्टर-16 सी स्थित महागुन माइवूड्स सोसाइटी में सुरक्षाकर्मी बीते कई दिनों से वेतन की मांग को लेकर हड़ताल पर हैं। हर दिन 15 से 20 सुरक्षाकर्मी वेतन न मिलने की वजह से ड्यूटी पर नहीं आ रहे। आरोप है कि सुरक्षाकर्मियों को पिछले दो महीने से वेतन नहीं मिला है। प्रबंधन से बात करने पर केवल आश्वासन ही दिया जा रहा। निवासियों ने बताया कि सोसाइटी में कभी सुरक्षाकर्मी, हाउसकीपिंग, प्लंबर सहित अन्य कर्मचारी हड़ताल पर बैठे रहते हैं। अब दो महीने का वेतन न मिलने के कारण सुरक्षाकर्मियों ने हड़ताल की है। सुरक्षा एजेंसी का कहना है कि चार महीने से बिल्डर प्रबंधन ने उनका वेतन नहीं दिया। इस कारण दो महीने का वेतन सुरक्षा कर्मियों को नहीं दिया गया। वहीं, सोसाइटी में सुरक्षा कर्मियों की संख्या भी आधी हो चुकी है। ऐसे में लोगों को सुरक्षा की चिंता सता रही है। निवासियों का कहना है कि हर महीने समय से मेंटेनेंस शुल्क दिया जाता है।

उसके बाद भी प्रबंधन कर्मचारियों के वेतन का भुगतान नहीं कर रहा। इस मामले को लेकर लगातार प्राधिकरण और जिला प्रशासन से भी शिकायत की जा चुकी है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो रही।

वहीं, बिल्डर प्रबंधन की तरफ से अमित जैन का कहना है कि कोई भी सुरक्षाकर्मी हड़ताल पर नहीं है।

उनके प्रबंधन से बातचीत कर ली गई है।

जल्द उनके खाते में वेतन पहुंच जाएगा। निवासियों का कहना है कि जिला प्रशासन से खराब लिफ्ट की मरम्मत न कराने की शिकायत की गई थी।

इसके जबाव में एजेंसी ने अपना करीब 42 लाख रुपये बकाया बताया और 31 जनवरी के बाद सेर्विसेस पूर्णरूप से बंद करने की बात कही। अगर बकाया पैसा एजेंसी को नहीं मिला तो एक नई परेशानी बढ़ जाएगी।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रात:किरण
नई दिल्ली, शनिवार, 18 जनवरी,2025




# सैफ अली खान पर हमला करने वाले का नाम शाहिद , सेंधमारी के 4-5 मामले दर्ज



प्रात: किरण,/ एजेसी

मुंबई,। मुंबई पुलिस ने अभिनेता सैफ अली खान के घर में घुसकर उन पर हमला करने वाले कथित हमलावर को गिरफ्तार कर लिया गया है। संदिग्ध का नाम शाहिद है और मुंबई पुलिस फिलहाल उससे पूछताछ कर रही है। मुंबई के ताड़देव पुलिस स्टेशन की टीम ने उसे फॉकलैंड रोड, गिरगांव से हिरासत में लिया है।
शाहिद के खिलाफ घर में सेंधमारी के चार से पांच मामले दर्ज हैं।
हालांकि अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि क्या वह वही शख्स है जिसने सैफ अली खान पर हमला किया था।
वहीं सैफ अली खान को उनके बांद्रा स्थित घर में चाकू मारने वाले संदिग्ध का नया सीसीटीवी फुटेज सामने आया है।
वीडियो में संदिग्ध व्यक्ति को चेहरा ढके हुए रात करीब 1:30 बजे इमारत के फायर एग्जिट से घुसते हुए देखा जा सकता है।

पुलिस द्वारा जारी की गई सीसीटीवी फुटेज में व्यक्ति को टी-शर्ट और जींस पहने हुए देखा जा सकता है, जिसके हाथ में एक बैग है और उसके कंधे पर नारंगी रंग का दुपट्टा है। वीडियो में उसे सीढ़ियों से चढ़ते हुए दिखाया गया है। इस दौरान वह आस-पास के कमरों की तरफ देख रहा है। वहीं करीना कपूर खान को लीलावती अस्पताल के बाहर देखा गया, जहां उनके पति सैफ अली खान का इलाज चल रहा है।
सूत्रों ने बताया है कि इब्राहिम अली खान ने अपने पिता पर हुए हमले के बीच अपनी फिल्म दिलेर की शूटिंग स्थगित कर दी है। सूत्रों की मानें तो इब्राहिम अपने पिता के घर आने और पूरी तरह से ठीक होने तक उनके साथ रहना चाहते हैं।
सैफ का इलाज करने वाले डॉक्टरों का कहना है कि अब वे खतरे से बाहर हैं।
सैफ को आइसीयू वार्ड से स्पेशल रूम में शिफ्ट कर दिया गया है।
लीलावती अस्पताल के डॉक्टरों ने बताया कि सैफ अली खान के शरीर से निकाला गया चाकू अगर 2 मिमी और अंदर तक घुस जाता तो अभिनेता की रीढ़ की हड्डी को नुकसान पहुंच सकता था।

# मौनी रॉय ने की सलाकार की शूटिंग पूरी

प्रात: किरण,/ एजेसी



मुंबई,। अपने बहुप्रतीक्षित प्रोजेक्ट सलाकार की शूटिंग अभिनेत्री मौनी रॉय ने सफलतापूर्वक पूरी कर ली है। फिल्म के रैप-अप के मौके पर, मौनी ने केक काटकर कास्ट और क्रू के साथ इस यात्रा का जश्न मनाया। यह कार्यक्रम फिल्म की टीम के बीच की दोस्ती और सहयोग को दशार्ता है। यह फिल्म मौनी के करियर में एक अहम पड़ाव है, जिसमें वह एक चुनौतीपूर्ण और परिवर्तनकारी भूमिका निभा रही हैं। मौनी रॉय ने इस प्रोजेक्ट में अपना दिल और आत्मा झोंक दी है। उनके लिए सलाकार सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि उनके करियर का एक निर्णायक क्षण है। इस फिल्म में उनकी भूमिका न केवल उनके अभिनय कौशल को प्रदर्शित करती है, बल्कि उन्हें कहानी कहने के नए आयामों को तलाशने का भी अवसर देती है। मौनी ने इस प्रोजेक्ट को एक समृद्ध और परिवर्तनकारी अनुभव बताया, और उनके प्रशंसक अब उनकी इस पावर-पैक परफॉर्मेंस को बड़े पर्दे पर देखने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। सलाकार को मौनी ने एक ऐसी फिल्म बताया है, जो दर्शकों के साथ गहरे स्तर पर जुड़ने का प्रयास करती है। इस प्रोजेक्ट में उनका प्रदर्शन उनके फैंस को एक नया अनुभव देने का वादा करता है, और मौनी का यह नया अवतार निश्चित रूप से उनके करियर में मील का पत्थर साबित होगा। अपने अभिनय करियर के साथ-साथ, मौनी रॉय का एंटरप्रेन्योर वेंचर बदमाश भी सफलता की कहानी लिख रहा है। यह रेस्तरां श्रृंखला बॉलीवुड-थीम्ड सजावट और प्रामाणिक भारतीय व्यंजनों के लिए प्रसिद्ध है। बदमाश की सफलता मौनी की बहुमुखी प्रतिभा को उजागर करती है, और यह दिखाती है कि वह सिर्फ एक अदाकारा ही नहीं, बल्कि एक स्मार्ट बिजनेसवुमन भी हैं।

# शाहिद कपूर की फिल्म देवा का नया धमाकेदार पोस्टर रिलीज




प्रात: किरण,/ एजेसी

मुंबई,। बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर की आने वाली फिल्म देवा का नया पोस्टर रिलीज हो गया है। फिल्म देवा का एक नया पोस्टर रिलीज किया गया है, जिसमें शाहिद कपूर एक दमदार और गहन अवतार में नजर आ रहे हैं। मोनोक्रोम में बने इस पोस्टर में शाहिद की लाल टिंट वाली सनग्लासेस प्रमुखता से दिख रही हैं, जिसमें एक आग भरा दृश्य प्रतिबिंबित हो रहा है। पोस्टर पर खून के छींटे और रॉ टेक्सचर्स इसके विजुअल प्रभाव को और भी दमदार बनाते हैं, जबकि बोल्ड टाइटल देवा अंबरे शाहिद के रहस्यमय किरदार की झलक पेश करता है। रौशन एंड्रयूज के निर्देशन में बनी और जी स्टूडियोज और रॉय कपूर फिल्म्स निर्मित फिल्म देवा 31 जनवरी को रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में शाहिद कपूर के साथ पूजा हेगड़ की भी अहम भूमिका है।

# जियो स्टूडियो प्रस्तुत हिंदी फिल्म स्वीट ड्रीम्स का गाना नैना लागे वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स ने किया रिलीज




प्रात: किरण,/ एजेसी

मुंबई,। वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स ने जियो स्टूडियो प्रस्तुत हिंदी फि ल्म स्वीट ड्रीम्स का गाना नैना लागे रिलीज किया है। वर्ल्डवाइड रिकार्ड्स के एमडी रत्नाकर कुमार ने हिंदी फीचर फिल्म स्वीट ड्रीम्स के म्यूजिक राइट्स खरीदे हैं। जिसका पहला गाना नैना लागे हालही में रिलीज किया गया हैं। जियो स्टूडियो प्रस्तुत नैना लागे सांग को वर्ल्डवाइड रिकार्ड्स के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर देखा और सुना जा सकता है। इस गाने को मुकुंद सूर्यवंशी ने गाया तो है हीं,साथ ही इसका म्यूजिक भी मुकुंद सूर्यवंशी फॉर जैम 8 स्टूडियो ने कंपोज किया है। इस गाने को फिल्म के मुख्य अभिनेता अमोल पाराशर और अभिनेत्री मिथिला पालकर पर फिल्माया गया है। इस गाने को अंजलि खंडेलवाल लिखा है। ए मैंगो पीपल मीडिया प्रोडक्शन बैनर के तले निर्मित की गई फि ल्म स्वीट ड्रीम्स के प्रोड्यूसर ज्योति देशपांडे हैं। प्रोड्यूसर नेहा आनंद और प्रांजल खंडदिया हैं। लेखक एवं निर्देशक विक्टर मुखर्जी हैं। इस फिल्म के स्टारकास्ट में मिथिला पालकर, अमोल पराशर, मियांग चांग, मोहिनी शिम्पी, आयशा अदलखा, सुक्करन वत्स, फेय डिसूजा (स्पेशल अपीयरेंस) शामिल हैं।

# जॉन अब्राहम की फिल्म द डिप्लोमैट 7 मार्च को होगी रिलीज




प्रात: किरण,/ एजेसी

मुंबई,। जॉन अब्राहम का वेदा में शानदार परफॉर्मेंस करना उनके अभिनय कौशल का प्रमाण है, भले ही फिल्म बॉक्स ऑफिस पर असफल रही हो। अब जॉन अपनी अगली फिल्म द डिप्लोमैट के जरिए एक बार फिर दर्शकों का दिल जीतने की तैयारी कर रहे हैं। इस फिल्म की रिलीज की नई तारीख का ऐलान हो गया है। इस फिल्म में जॉन अब्राहम मुख्य भूमिका निभाएंगे। इस फिल्म में जॉन एक भारतीय राजदूत की भूमिका निभाएंगे। यह भारतीय राजदूत पाकिस्तान में रह रही एक भारतीय लड़की को वापस लाने के लिए अथक प्रयास करता है। पाकिस्तान में इस लड़की की जबरन शादी कराई जाती है। यह एक सच्ची घटना है और हर कोई उत्सुक है कि फिल्म डिप्लोमैट में इसे कैसे दशार्या जाएगा। फिल्म डिप्लोमैट 7 मार्च 2025 को रिलीज होगी। इसमें जॉन अब्राहम के साथ एक्टर कुमुद मिश्रा, शारिब हाशमी, सादिया खतीब नजर आएंगे। जॉन अब्राहम 2024 में फिल्म ह्यवेदाह्न में नजर आए थे। हालांकि फिल्म को दर्शकों से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली, लेकिन जॉन के अभिनय की सराहना की गई। अब हर कोई ये देखने को उत्सुक है कि फिल्म डिप्लोमैट में जॉन की एक्टिंग क्या जलवा बिखेरती है।

## सोनी सब के शो तेनाली रामा में दोहरी भूमिका में नजर आयेंगे पंकज बेरी

मुंबई,।जाने-माने चरित्र अभिनेता पंकज बेरी सोनी सब के शो तेनाली रामा में दोहरी भूमिका में नजर आयेंगे।लोकप्रिय ऐतिहासिक ड्रामा तेनाली रामा अपनी चतुराईपूर्ण कहानी और प्रतिष्ठित पात्रों के साथ दर्शकों का दिल जीत रहा है।इस शो में दिग्गज अभिनेता पंकज बेरी के दोहरी भूमिका निभाने के साथ एक रोमांचक मोड़ आया है।तथाचार्य की भूमिका निभाने के अलावा, वह वेंकन्ना की भूमिका भी निभाते हुए नजर आ रहे हैं, जो तथाचार्य जैसा दिखता है। वेंकन्ना एक विनम्र धोबी है, जो तथाचार्य से अजीब तरह से मिलता-जुलता है।उसे हर चीज पर दांव लगाने की आदत है, जिसका रामा फायदा उठाता है।वह एक विचित्र चरित्र है और कहानी में हास्य की एक नई खुराक लाता है।तेनाली रामा में तथाचार्य और वेंकन्ना की भूमिका निभा रहे पंकज बेरी ने कहा, एक अभिनेता के रूप में मुझे चुनौतियाँ पसंद हैं।दो विपरीत भूमिकाएँ निभाना एक समृद्ध अनुभव है।वेंकन्ना एक बहुत ही आकर्षक और मजेदार किरदार है, और मुझे तथाचार्य के साथ उसे जीवंत करने में बहुत मजा आया।सेट पर ऊर्जा अविश्वसनीय रही है - ऐसे कई क्षण हैं जब कलाकार और क्रू वेंकन्ना की हरकतों, खासकर रामा के साथ उनकी बातचीत पर हँसी से लोटपोट हो गए।

# पटियाला, अमृतसर और बठिंडा में कंगना रनौत की इमरजेंसी की रिलीज रोकी गयी




प्रात: किरण,/ एजेसी

मुंबई,। बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत की बहुप्रतीक्षित राजनीतिक ड्रामा इमरजेंसी की रिलीज पंजाब के पटियाला,अमृतसर और बठिंडा शहरों में रोक दी गई है। जी स्टूडियोज और मणिकर्णिका फि ल्म्स निर्मित,इमरजेंसी की कहानी वर्ष 1975 पर आधारित है, जब भारत में इमरजेंसी लागू हुई थी। इस फिल्म में कंगना रनौत, पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के किरदार में हैं। फिल्म इमरजेंसी पूरे देश में आज रिलीज हुयी है। फिल्म इमरजेंसी की रिलीज पंजाब के पटियाला, अमृतसर और बठिंडा शहरों में रोक दी गई है। यह फैसला स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों ने संभावित विरोध प्रदर्शनों और सार्वजनिक व्यवस्था को बाधित करने वाली अप्रिय घटनाओं की संभावना के बारे में चिंता जताए जाने के बाद लिया है। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) के सदस्यों द्वारा फिल्म इमरजेंसी का शुक्रवार को पंजाब भर में विरोध किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि एसजीपीसी के अध्यक्ष हरजिंदर सिंह धामी ने पंजाब सरकार से फिल्म अभिनेत्री और हिमाचल प्रदेश के मंडी से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी पर प्रतिबंध लगाने की मांग की थी। उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि फिल्म इमरजेंसी को पंजाब में चलने नहीं दिया जाएगा, क्योंकि यह सिखों को बदनाम करने के उद्देश्य से राजनीतिक तरीके से बनाई गई है।उन्होंने कहा कि फिल्म में 1984 में सिखों के पवित्र तीर्थस्थल सचखंड श्री स्वर्ण मंदिर, श्री अकाल तख्त साहिब और कई अन्य स्थानों पर घातक हमलों के साथ-साथ सिख नरसंहार और जनसंहार को दबाकर, राष्ट्र के खिलाफ जहर उगलने की भावना के साथ सिख विरोधी एजेंडे को आगे बढ़ाया गया है। इसके साथ ही फिल्म में सिखों के राष्ट्रीय शहीद संत जरनैल सिंह खालसा भिंडरावाले को भी चित्रित किया गया है। उन्होंने कहा है कि यदि यह फिल्म पंजाब में रिलीज हुई तो हम राज्य स्तर पर इसका कड़ा विरोध करने को मजबूर होंगे। फिल्म ह्यइमरजेंसीह्न में कंगना रनौत के अलावा अनुपम खेर, महिमा चौधरी, मिलिंद सोमन,श्रेयस तलपड़े, विशाक नायर और दिवंगत सतीश कौशिक भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। कंगना ने इमरजेंसी में अभिनय करने के साथ ही फिल्म का निर्माण और निर्देशन भी किया है। इमरजेंसी में अनुपम खेर जयप्रकाश नारायण,श्रेयस तलपड़े अटल बिहारी वाजपेयी, मिलिंद सोमन फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ,महिमा चौधरी पुपुल जयकर ,विशाक नायर संजय गांधी,और दिवंगत सतीश कौशिक जगजीवन राम के किरदार में नजर आयेंगे।

# जुनैद खान और खुशी कपूर स्टारर लवयापा का रोमांटिक ट्रैक रहना कोल रिलीज




प्रात: किरण,/ एजेसी

मुंबई,। बॉलीवुड के मिस्टर परफेशनिस्ट आमिर खान के बेटे जुनैद खान और बोनी कपूर-श्रीदेवी की बेटी खुशी कपूर की आने वाली फिल्म लवयापा का नया गाना रहना कोल रिलीज हो गया है। जुनैद खान और खुशी कपूर की आने वाली रोमांटिक कॉमेडी लवयापा ने अपनी अनाउंसमेंट के बाद से ही जबरदस्त चर्चा बटोरी है। इस फिल्म का पहला गाना लवयापा हो गया पहले ही धमाल मचा चुका है, जिस पर हर कोई झूम रहा है। अब फिल्म लवयापा का नया गाना रहना कोल रिलीज हो गया है। गाना रहना कोल को जुबिन नौटियाल और जहरा एस खान ने गाया है, और इसके बोल गुरप्रीत सैनी ने लिखे हैं। तनिष्क बागची ने गाने का कंपोजीशन तैयार किया है।इस गाने को फराह खान ने कोरियोग्राफ किया है। फैंटम स्टूडियोज और एजीएस एंटरटेनमेंट निर्मित प्रोड्यूस और अद्वैत चंदन निर्देशित फिल्म लवयापा 07 फरवरी को रिलीज होगी।

# सैफ अली हमला: मुंबई पुलिस ने अभिनेता के घर से बरामद की पुरानी तलवार

प्रात: किरण,/ एजेसी



मुंबई,। बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान चाकू से किए गए हमले से उबर रहे हैं। मुंबई पुलिस ने अभिनेता के मुंबई के बांद्रा इलाके में स्थित घर से एक पुरानी तलवार बरामद की है। पुलिस ने अभिनेता के घर से एक पुरानी तलवार बरामद की है। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि यह अभिनेता की पैतृक संपत्ति का हिस्सा है या नहीं। नवाबों के खानदान से ताल्लुक रखने वाले सैफ हरियाणा के पटौदी पैलेस सहित कई प्राचीन और कीमती संपत्तियों के मालिक हैं। बताया जाता है कि एक हमलावर ने सैफ पर चाकू से हमला किया था, जो उनके सबसे छोटे बेटे जेह के कमरे से घर में घुसा था। जानकारी के अनुसार, डॉक्टर्स ने सर्जरी के बाद सैफ के घाव से 2.5 इंच का ब्लेड निकाला है, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है। सर्जरी के बाद अभिनेता को आईसीयू में शिफ्ट कर दिया गया और बताया जा रहा है कि वे खतरे से बाहर हैं। यह घटना 16 जनवरी को तड़के 2 जबकर 15 मिनट की है, जब चोर उनके बांद्रा स्थित घर में घुस आया और उनके नौकरों पर हमला कर दिया। जब सैफ बीच-बचाव के लिए आए तो चोर ने उन पर भी हमला कर दिया। चोर से लड़ने की कोशिश में अभिनेता पर चाकू से हमला किया गया। अभिनेता को चाकू के छह घाव लगे, जिनमें से दो गंभीर बताए जा रहे हैं क्योंकि वे उनकी रीढ़ की हड्डी के करीब हैं। अभिनेता की हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है और उनकी हालत में सुधार हो रहा है। सैफ अली पर हुए हमले को लेकर स्वरा भास्कर, सोमी अली समेत फिल्म जगत के अन्य सितारों ने उनके जल्द ठीक होने की कामना की है।

## सैफ अली खान हमला, पुलिस ने जब्त किया ब्लेड का टुकड़ा

मुंबई,।बॉलीवुड स्टार सैफ अली खान के शरीर से सर्जरी के बाद निकाला गया हेक्सा ब्लेड का टुकड़ा पुलिस ने जब्त कर लिया है। रिपोर्ट के अनुसार, हेक्सा ब्लेड का नुकीला हिस्सा, सैफ अली खान के शरीर में घुस गया था, जिसे डॉक्टर्स ने सर्जरी के दौरान निकाल दिया। पुलिस ने हेक्सा ब्लेड का टुकड़ा जब्त कर लिया है।16 जनवरी को अभिनेता पर एक अज्ञात शख्स ने चाकू से छह बार वार किया था।छह घावों में से दो गंभीर बताए बताए गए।ये जख्म उनकी रीढ़ की हड्डी के करीब थे।वारदात तड़के सुबह 2 बजकर 15 मिनट पर हुई थी।चोर सैफ के बांद्रा स्थित आलीशान घर में घुसा और उनके नौकरों पर हमला किया फिर जब सैफ ने बीच-बचाव किया तो उसने उन पर भी हमला कर दिया।घटना के समय करीना अपने दोनों बच्चों तैमूर और जेह के साथ घर पर ही मौजूद थीं।बेटे जेह के कमरे में हुए शोरगुल से अभिनेता जाग गए।

# सामंथा ने चिकनगुनिया से होने वाली परेशानियों को किया साझा

मुंबई,। साउथ सिनेमा की मशहूर एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु चिकनगुनिया जैसी बीमारी के भी प्रभाव से जूझ रही हैं। हालांकि, सामंथा ने हमेशा ही अपनी परेशानियों को खुले तौर पर साझा किया है और अब उन्होंने अपने इलाज के बारे में भी एक पोस्ट शेयर किया है। सामंथा ने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर पोस्ट की है, जिसमें वह रेड लाइट थेरेपी रूम के पास खुशी से खड़ी नजर आ रही हैं। इस तस्वीर में वह सफेद रंग की टी-शर्ट और काले ट्राउजर में बेहद प्यारी लग रही हैं। पोस्ट में उन्होंने लिखा, मेरे जॉइंट अभी इससे ज्यादा खुश नहीं हो सकते, जो उनके शरीर की रिकवरी का संकेत है। रेड लाइट थेरेपी को चिकनगुनिया के लंबे समय तक रहने वाले प्रभावों से राहत पाने के लिए सामंथा ने अपनी हॉलिस्टिक उपचार योजना का हिस्सा बनाया है। यह थेरेपी खासतौर पर त्वचा की समस्याओं, जैसे झुर्रियां, झाइयां और स्किन एजिंग के लिए इस्तेमाल की जाती है। इसमें रेड लाइट की लो-लेवल किरणों को त्वचा पर डाला जाता है, जिससे त्वचा की कोशिकाएं सक्रिय होती हैं। हालांकि, इस थेरेपी के कुछ संभावित साइड इफेक्ट्स भी हो सकते हैं, जैसे जलन, रैशेज और दाग। चिकनगुनिया की बीमारी के बाद जोड़ों का दर्द कई हफ्तों, महीनों और कभी-कभी सालों तक परेशान कर सकता है। इस बीमारी के चलते मसल्स पेन, सिरदर्द और जोड़ों में सूजन की समस्या भी बनी रहती है। सामंथा की यह पोस्ट दशार्ती है कि वह अपनी स्वास्थ्य समस्याओं के बावजूद मजबूती से रिकवरी कर रही हैं और अपनी इलाज प्रक्रिया को सकारात्मक रूप से अपनाती हैं। बता दें कि एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु अपनी जबरदस्त इच्छाशक्ति और कठिनाईयों का सामना करने के लिए जानी जाती हैं। पिछले कुछ सालों में उन्होंने अपने तलाक और मायोसाइटिस जैसी ऑटो इम्यून बीमारी से जंग लड़ी और उनसे उबरने में उनको कामयाबी मिली।

# जसलीन रॉयल ने अपने रिहर्सल और संगीत कार्यक्रम की तैयारी झलक प्रशंसकों के साथ साझा की

प्रात: किरण,/ एजेसी



मुंबई,। भारत की पॉप सनसनी और चार्ट टॉपर, जसलीन रॉयल ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक वीडियो के माध्यम से अपने रिहर्सल और संगीत कार्यक्रम की तैयारी की एक झलक प्रशंसकों के साथ साझा की हैं। कोल्डप्ले के म्यूजिक ऑफ द स्फेयर्स टूर के लिए अपने बहुप्रतीक्षित प्रदर्शन की शुरूआत से कुछ दिन पहले, भारत की पॉप सनसनी और चार्ट टॉपर, जसलीन रॉयल ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक वीडियो के माध्यम से अपने रिहर्सल और संगीत कार्यक्रम की तैयारी की एक झलक प्रशंसकों के साथ साझा की। उन्होंने इंस्टाग्राम रील के कैप्शन में लिखा है,मंच संभालने से पहले एक आखिरी जाम। बस दो दिन बाकी है। वीडियो में जसलीन को अपने बैंड और चालक दल के साथ रिहर्सल में डूबा हुआ दिखाया गया है, जो सावधानीपूर्वक रिहर्सल में पर्दे के पीछे का एक दृश्य पेश करती है। जसलीन ऊर्जा से भरी हुई है।जसलीन ने वर्ष 2025 की शुरूआत पहले से कहीं अधिक मजबूत तरीके से की है।

# हॉलीवुड फिल्म निमार्ता-निर्देशक डेविड लिंच का 78 वर्ष की आयु में निधन

प्रात: किरण,/ एजेसी



लॉस एंजिल्स,। मशहूर हॉलीवुड फिल्म निमार्ता और निर्देशक डेविड लिंच नहीं रहे। डेविड लिंच ने 78 वर्ष की आयु में अंतिम सांस ली। रेजरहेड, ब्लू वेलवेट और मुल्होलैंड ड्राइव उनकी प्रमुख फिल्में हैं। परिवार ने लिंच के आधिकारिक फेसबुक पेज पर बयान जारी कर उनके निधन की घोषणा की। द वाशिंगटन पोस्ट की खबर के अनुसार, हॉलीवुड ने अपना सबसे बड़ा सितारा खो दिया। उनके निधन पर निर्देशक रॉन हावर्ड, स्टिंग और जुड अपाटो ने श्रद्धांजलि दी है। 2020 में गंभीर बीमारी का पता चलने के बाद लिंच को ऑक्सीजन पर रखा गया था। परिवार ने बयान में कहा, हम दुख के साथ महान व्यक्ति और कलाकार डेविड लिंच के निधन की घोषणा करते हैं। अब वह हमारे बीच नहीं हैं। वह कहा करते थे,अपनी नजर डोनट पर रखो, फासले पर नहीं। फिल्म निर्देशक रॉन हावर्ड ने कहा कि वह दयालु और निडर कलाकार थे। उन्होंने अपनी आत्मा सिनेमा को समर्पित कर दी थी। उन्होंने लोगों को यह मानने पर मजबूर कर दिया कि कुछ अलग कर के नई चीजों का निर्माण किया जा सकता है। लेस्ली लिंका ग्लैटर ने सोशल मीडिया में लिखा, डेविड जैसा कोई नहीं । मैंने 1990 में ट्विन पीक्स के लिए उनके साथ काम किया था। उन्होंने एक युवा निर्देशक के तौर पर मुझे मौका दिया। उन्होंने पूरी तरह से मेरे जीवन को बदल दिया था। मैं उनकी आभारी रहूंगी। द वाशिंगटन पोस्ट के अनुसार, लिंच ने अपने 79वें जन्मदिन से कुछ दिन पहले इस फानी दुनिया से जुदा हो गए। उनके परिवार ने मृत्यु का कारण और स्थान साझा नहीं किया है। लिंच 1970 के दशक में इरेजरहेड फिल्म से सुर्खियों में आए। उन्हें तीन गोल्डन ग्लोब, दो एमी और एक ग्रैमी अवार्ड जीता। निर्देशक स्टीवन स्पीलबर्ग ने एक बयान में लिंच के निधन पर दुख जताया है। उन्होंने कहा कि दुनिया को दमदार आवाज की कमी खलेगी।

# जेसिका अल्बा ने 16 साल बाद कैश वॉरेन से तलाक लिया

प्रात: किरण,/ एजेसी

लॉस एंजिलिस,। हॉलीवुड स्टार जेसिका अल्बा ने 16 साल के वैवाहिक जीवन के बाद अपने पति कैश वॉरेन से तलाक लेने की घोषणा की है। फैंटास्टिक फोर, सिन सिटी,इनटू द ब्लू और अवेक जैसी फिल्मों में अपनी भूमिकाओं के लिए जानी जाने वाली 43 वर्षीय अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर एक बयान में यह खबर साझा की। अल्बा ने कहा,मैं वर्षों से एक व्यक्ति के रूप में और कैश के साथ मिलकर आत्म-बोध और परिवर्तन की यात्रा पर रही हूँ। अब समय आ गया है कि हम एक व्यक्ति के रूप में प्रगति एवं विकास के एक नए अध्याय की शुरूआत करें। अभिनेत्री अल्बा और वॉरेन ने 2008 में शादी की थी। वे तीन बच्चों के माता-पिता हैं जिनमें बेटियां ऑनर (16) और हेवन (13) तथा सात वर्षीय बेटा हेस शामिल हैं। अल्बा ने कहा,हम प्यार, दया और एक-दूसरे के प्रति सम्मान के साथ आगे बढ़ रहे हैं तथा हमेशा परिवार की तरह रहेंगे। हमारे बच्चे हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता हैं और हम इस समय निजता का अनुरोध करते हैं। अभिनेत्री का यह बयान अमेरिकी मीडिया में इस खबर के आने के कुछ दिन बाद आया कि वह और वॉरेन पहले ही अलग हो चुके हैं तथा तलाक लेने की योजना बना रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### भारत की वृद्धि दर आगामी दो वित्त वर्षों में 6.7 प्रतिशत रहेगी: विश्व बैंक

वाशिंगटन, । विश्व बैंक के दक्षिण एशिया के नवीनतम वृद्धि अनुमानों के अनुसार अप्रैल 2025 से आगामी दो वित्त वर्षों के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर 6.7 प्रतिशत प्रति वर्ष पर स्थिर रहने का अनुमान है। विश्व बैंक ने बृहस्पतिवार को कहा, वित्त वर्ष 2025-26 में दक्षिण एशिया में वृद्धि दर बढ़कर 6.2 प्रतिशत होने की उम्मीद है। इसमें भारत में मजबूत वृद्धि होना शामिल है। इसमें कहा गया, भारत में अप्रैल 2025 से आगामी दो वित्त वर्षों में वृद्धि दर 6.7 प्रतिशत प्रति वर्ष पर स्थिर रहने का अनुमान है। बैंक ने कहा, सेवा क्षेत्र में निरंतर विस्तार होने की उम्मीद है। विनिर्माण गतिविधि मजबूत होगी, जिसे कारोबारी माहौल में सुधार के लिए सरकार की पहलों का समर्थन प्राप्त होगा। निवेश वृद्धि स्थिर रहने का अनुमान है तथा निजी निवेश में वृद्धि से सार्वजनिक निवेश में नरमी की भरपाई होगी ।वित्त वर्ष 2024-25 (अप्रैल 2024 से मार्च 2025) में भारत की वृद्धि दर घटकर 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो निवेश में मंदी तथा विनिर्माण क्षेत्र की कमजोर वृद्धि को दशार्ता है।

### रुपया शुरूआती कारोबार में तीन पैसे की बढ़त के साथ 86.58 प्रति डॉलर पर

मुंबई, । अमेरिकी मुद्रा में नरमी के बीच रुपया शुक्रवार को शुरूआती कारोबार में तीन पैसे की बढ़त के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.58 पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और अस्थिर वैश्विक रुझानों के बीच घरेलू बाजारों से विदेशी पूंजी की निकासी जारी रही जिसका प्रभाव भी भारतीय मुद्रा पर पड़ा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 86.60 प्रति डॉलर पर खुला। शुरूआती कारोबार में डॉलर के मुकाबले यह 86.58 पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव के मुकाबले तीन पैसे की बढ़त दशार्ता है। रुपया बृहस्पतिवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.61 पर बंद हुआ था। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दशार्ने वाला डॉलर सूचकांक 0.02 प्रतिशत की गिरावट के साथ 108.80 पर रहा। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 0.39 प्रतिशत चढ़कर 81.61 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) बृहस्पतिवार को बिकवाल रहे थे और उन्होंने शुद्ध रूप से 4,341.95 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

### चीन की आर्थिक वृद्धि दर 2024 में पांच प्रतिशत रही

हांगकांग, । चीन की आर्थिक वृद्धि दर 2024 में पांच प्रतिशत रही। यह पिछले साल की तुलना में धीमी है, लेकिन चीन के लगभग पांच प्रतिशत वृद्धि के लक्ष्य के अनुरूप है। आर्थिक वृद्धि को मजबूत निर्यात और हाल के प्रोत्साहन उपायों से मदद मिली है। सरकार ने शुक्रवार को कहा कि तिमाही आधार पर आर्थिक वृद्धि दर अक्टूबर-दिसंबर में 5.4 प्रतिशत रही। चीन की आर्थिक वृद्धि दर 2023 में 5.2 प्रतिशत रही थी। निर्यात में तेजी का कारण नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा चीनी वस्तुओं पर शुल्क बढ़ोतरी की आशंका है। इससे निर्यात में तेजी आई है। राष्ट्रीय सांख्यिकी ब्यूरो की शुक्रवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, अर्थव्यवस्था सतत रूप से प्रगति के रास्ते पर हैङ्क। इसमें कहा गया, विशेष रूप से, प्रोत्सहन पैकेज को समय पर लागू करने से समाज के स्तर पर भरोसा बढ़ा है और अर्थव्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। आर्थिक वृद्धि में विनिर्माण मजबूत इंजन रहा। औद्योगिक उत्पादन एक साल पहले की तुलना में 5.8 प्रतिशत बढ़ा। उपभोक्ता वस्तुओं की कुल खुदरा बिक्री सालाना आधार पर 3.5 प्रतिशत बढ़ी। सालाना आधार पर निर्यात में 7.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि आयात में 2.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

### एनसीएलएटी ने एटिवो में आईएफआईएन के 593 करोड़ रुपये के दावे को किया बहाल

नई दिल्ली, । राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय अधिकरण (एनसीएलएटी) ने आईएलएंडएफएस फाइनेंशियल सर्विस (आईएफआईएन) के 593 करोड़ रुपये के दावों को बहाल कर दिया है। साथ ही एटिवो इकोनॉमिक जोन्स की मौजूदा दिवाला समाधान प्रक्रिया में ऋणदाताओं की समिति में उसके मतदान अधिकार भी बहाल कर दिए हैं। इससे पहले, कोलकाता स्थित श्रेई इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस (एसआईएफएल) का हिस्सा और औद्योगिक पार्कों के विकास, प्रबंधन व विपणन के व्यवसाय में शामिल एटिवो इकोनॉमिक जोन्स के अंतरिम समाधान पेशेवर ने 12 सितंबर 2023 को आईएलएंडएफएस समूह इकाई के दावों को खारिज कर दिया था।

# सराफा बाजार में महंगा हुआ सोना, चांदी की कीमत में भी उछाल

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली, । घरेलू सराफा बाजार में आज लगातार दूसरे दिन तेजी का रुख बना हुआ है। आज के कारोबार में सोना 500 रुपये से लेकर 550 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। इसी तरह चांदी की कीमत में भी आज 2 हजार रुपये प्रति किलोग्राम की तेजी आई है। सोने की कीमत में आए उछाल के कारण देश के ज्यादातर सराफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 80,770 रुपये से लेकर 80,620 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 74,050 रुपये से लेकर 73,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में आई तेजी के कारण दिल्ली सराफा बाजार में ये चमकीली धातु आज 95,500 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 80,770 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 74,050 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 80,620 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 73,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 80,670 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 73,950 रुपये प्रति



10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 80,620 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 73,900 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 80,620 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 73,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सराफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 80,770 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 74,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 80,670 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 73,950 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 80,770 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 74,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सराफा बाजार में भी आज सोने के भाव में उछाल आया है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 80,620 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सराफा बाजारों में 22 कैरेट सोना आज 73,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# बेहतरीन और भविष्योन्मुख है भारतीय ऑटो उद्योग: मोदी

प्रात : किरण/एजेंसी



नई दिल्ली, । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय ऑटोमोबाइल उद्योग को बेहतरीन और भविष्योन्मुख बताते हुए शुक्रवार को कहा कि कई कारक हैं, जो ऑटो क्षेत्र को गति देने का काम कर रहे हैं। श्री मोदी ने यहां भारतमंडपम में ह्यभारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपोह्ल का शुभारंभ करते हुए कहा कि हम एक ऐसी गतिशीलता प्रणाली पर काम कर रहे हैं, जो अर्थव्यवस्था और पारिस्थितिकी का समर्थन कर सके। उन्होंने कहा कि ऑटो सेक्टर के विकास के लिए आवश्यकता और आकांक्षा दोनों की आवश्यकता होती है। भारत में दोनों ही जीवंत हैं। आने वाले कई दशकों तक भारत दुनिया का सबसे युवा देश बनने जा रहा है। यही युवा आपके ग्राहक हैं, क्योंकि वे बहुत बड़ी मांग पैदा करते हैं। आपका दूसरा ग्राहक मध्यम वर्ग है। एक ऐसी प्रणाली की जरूरत है, जो जीवाश्म ईंधन के आयात पर हमारे बिल को कम कर सकती है इसलिए, आज भारत हरित प्रौद्योगिकी, ईवी, हाइड्रोजन ईंधन और जैव ईंधन के विकास पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। श्री मोदी ने कहा कि विकसित भारत की यात्रा, मोबिलिटी सेक्टर के भी अभूतपूर्व ट्रांसफॉर्मेशन की, कई गुना विस्तार की यात्रा होने वाली है। गतिशीलता को बढ़ावा देने वाले कई कारक हैं, जैसे युवाओं की आबादी। मध्यम वर्ग में लगातार वृद्धि। शहरीकरण में वृद्धि। आधुनिक बुनियादी ढाँचा। मेक इन इंडिया के जरिए किफायती वाहन। उन्होंने कहा कि ऑटो उद्योग के विकास में मेक इन इंडिया पहल ने बहुत बड़ी भूमिका निभाई है। मेक इन इंडिया पहल को पीएलआई योजना से बढ़ावा मिला है। इस योजना ने 2.25 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बिक्री में मदद की है। इस योजना ने ऑटो सेक्टर में 1.5 लाख से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार सृजित किए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि यात्रा को आसान बनाना भारत की बड़ी प्राथमिकता है। पिछले बजट में अवसंरचना के विकास के लिए 11 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का प्रावधान किया गया था। आज हम मल्टी लेन और हाईवे का जाल बिछा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मोबिलिटी से जुड़े 7सी के तहत हमारे मोबिलिटी सॉल्यूशन ऐसे हों, जो कमान, कनेक्टेड, कन्वेनिएंट, कन्जेशन मुक्त, चार्ज्ड, क्लीन ओर कटिंग ऐज होनी चाहिए। ऐसी टेक्नोलॉजी के विकास पर हमारा काफी फोकस है। ऑटोमोटिव उद्योग इनोवेशन ड्राइवन और टेक्नोलॉजी ड्राइवन भी है। इनोवेशन हो, टेक हो और स्किल हो या फिर मांग हो। आने वाला समय पूर्व का है, एशिया का है, भारत का है। उन्होंने कहा कि आज का भारत आकांक्षाओं से भरा हुआ है, युवा ऊर्जा से भरा हुआ है। यही आकांक्षाएं हमें भारत की ऑटोमोटिव इंडस्ट्री में दिखाई देती है। बीते साल में भारत की ऑटो इंडस्ट्री करीब 12 प्रतिशत की ग्रोथ से आगे बढ़ी है। मेक इन इंडिया, मेक फॉर वर्ल्ड के मंत्र पर चलते हुए अब निर्यात भी बढ़ रहा है। श्री मोदी ने कहा, पिछली बार जब मैं आपके बीच आया था, तब लोकसभा के चुनाव ज्यादा दूर नहीं थे। उस दौरान मैंने आपके सबके विश्वास के कारण कहा था कि अगली बार भी ह्यभारत मोबिलिटी एक्सपो में जरूर आऊंगा। देश ने तीसरी बार हमें आशीर्वाद दिया, आप सभी ने मुझे यहां बुलाया, इसके लिए मैं आप सभी का आभार व्यक्त करता हूं ह्ल उन्होंने कहा कि इस वर्ष भारत मोबिलिटी एक्सपो का दायरा काफी बढ़ गया है। पिछली बार 800 से ज्यादा प्रदर्शक ने हिस्सा लिया, 1.5 लाख से ज्यादा लोगों ने विजिट किया। इस बार भारत मंडपम के साथ-साथ द्वारका के यशोभूमि और ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर में भी ये एक्सपो चल रहा है। आने वाले 5-6 दिनों में बहुत बड़ी संख्या में लोग यहां आएंगे। अनेक नई गाड़ियां भी यहां लॉन्च होने वाली हैं। ये दिखाता है कि भारत में मोबिलिट के भविष्य को लेकर कितनी सकारात्मकता है। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, एच डी कुमारस्वामी, पीयूष गोयल, मनोहर लाल और जीतनराम मांझी भी मौजूद थे।

## शेयर बाजार में बिकवाली का दबाव, सेंसेक्स और निफ्टी लुढ़के

नई दिल्ली, । लगातार तीन दिन तक मजबूती के साथ कारोबार करने के बाद आज सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन घरेलू शेयर बाजार में शुरूआती कारोबार के दौरान बिकवाली का दबाव बना हुआ नजर आ रहा है। आज शेयर बाजार में कारोबार की मिली जुली शुरूआत हुई थी। बाजार खुलते ही बिकवाली का दबाव बढ़ जाने की वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की चाल में गिरावट आ गई। पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.55 प्रतिशत और निफ्टी 0.45 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरूआती एक घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से रिलायंस इंडस्ट्रीज, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, बीपीसीएल, कोल इंडिया और पावर ग्रिड कॉरपोरेशन के शेयर 2.35 प्रतिशत से लेकर 1.48 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर इंफोसिस, एक्सिस बैंक, टीसीएस, विप्रो और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर 5.37 प्रतिशत से लेकर 1.59 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,354 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,386 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 968 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 17 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 13 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 31 शेयर हरे निशान में और 19 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 26.37 अंक की मामूली बढ़त के साथ 77,069.19 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही बिकवाली का दबाव बढ़ जाने की वजह से इस सूचकांक ने लाल निशान में गोता लगा दिया। बिकवाली के दबाव में ये सूचकांक गिर कर 76,511.81 अंक के स्तर तक पहुंच गया। इसके बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बनाने की कोशिश की, जिससे इस सूचकांक की स्थिति में मामूली सुधार होता हुआ नजर आया। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच पहले घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 424.23 अंक की गिरावट के साथ 76,618.59 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स के विपरीत एनएसई के निफ्टी ने आज 34.70 अंक की कमजोरी के साथ 23,277.10 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की।

## अदाणी एनर्जी के कारोबार में जारी रहेगी तेजी, 67 प्रतिशत तक बढ़ सकता है शेयर: जेफरीज

प्रात : किरण/एजेंसी




नई दिल्ली, । ग्लोबल ब्रोकरेज फर्म जेफरीज ने अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस के शेयर पर अपनी बाय रेटिंग बरकरार रखते हुए कहा है कि कंपनी के कारोबार में ग्रोथ बनी हुई है। ब्रोकरेज ने शेयर के लिए अपना टारगेट प्राइस 1,300 रुपये रखा है, जो मौजूदा भाव से 67 प्रतिशत की वृद्धि दशार्ता है। ब्रोकरेज ने कहा, यह (अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस) पावर ग्रिड के लिए हमारे निहित 10 गुना लक्ष्य ईवी/ईबीआईटीडीए गुणक से 50 प्रतिशत प्रीमियम पर मौजूद है, क्योंकि वित्त वर्ष 24-27 में पावर ग्रिड के कर के बाद मुनाफे में 6-7 प्रतिशत चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर के मुकाबले अदाणी एनर्जी में बहुत अधिक वृद्धि हुई है। अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस ने अपनी तिमाही अपडेट में इस बात पर प्रकाश डाला कि कंपनी ने 99.7 प्रतिशत पर मजबूत सिस्टम उपलब्धता बनाए रखी है। जेफरीज ने अपने नोट में कहा, कंपनी ने अपने ट्रांसमिशन नेटवर्क में 225 सर्किट किलोमीटर (सीकेएम) जोड़े, जिससे यह कुल 26,485 सीकेएम हो गया। दो नए प्रोजेक्ट ने प्रोजेक्ट पाइपलाइन को वित्त वर्ष 2025 की शुरूआत में 170 बिलियन रुपये से बढ़ाकर 547 बिलियन रुपये कर दिया है। स्मार्ट मीटरिंग एक नया हाई-ग्रोथ एरिया है। कैपिटल मैनेजमेंट प्रोग्राम का ध्यान लंबी अवधि के बॉन्ड के जरिए ब्याज लागत में अस्थिरता को कम करने पर है। अदाणी ग्रुप की कंपनी ने तीसरी तिमाही में दो ट्रांसमिशन बोलियां जीतीं, जो कि दोनों राजस्थान में रिन्यूएबल एनर्जी पार्क से जुड़ी हैं। प्रतिस्पर्धी बोलियों में कंपनी की बाजार हिस्सेदारी 24 प्रतिशत है। ब्रोकरेज ने कहा, हमारा मानना है कि एईएसएल को वित्त वर्ष 2024-27 में 16 प्रतिशत राजस्व सीएजीआर और 62 प्रतिशत पीएटी सीएजीआर प्राप्त होगा, जो ट्रांसमिशन और वितरण व्यवसाय दोनों में लॉक-इन वृद्धि की वजह से होगा। हाल ही में, तमिलनाडु ने 8.2 मिलियन मीटर की बोली को यह कहते हुए रद्द कर दिया कि अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस सबसे कम बोली लगाने वाला है, लेकिन उनका मानना है कि बोली की कीमत काफी अधिक है। ब्रोकरेज ने कहा, इससे एईएसएल की मौजूदा निमार्णाधीन परियोजनाओं पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

## भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो : पीएम मोदी ने दिया 7सी मोबिलिटी सॉल्यूशन



नई दिल्ली, । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को नई दिल्लीभ स्थित भारत मंडपम में भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 का उद्घाटन किया। इस दौरान पीएम मोदी ने 7सी मोबिलिटी सॉल्यूशन दिया। उन्होंने कहा कि मुझे याद है कि मैंने मोबिलिटी से जुड़े एक कार्यक्रम में 7सी के विजन की चर्चा की थी। हमारे मोबिलिटी सॉल्यूशंस ऐसे हों, जो कॉमन हों, कनेक्टेड हों, कन्वीनिएंट हों, कंजेशन फ्री हों, चार्ज्ड हों, क्लीन हों और कटिंग एज हों। ग्रीन मोबिलिटी पर हमारा फोकस इसी विजन का हिस्सा है। पीएम मोदी ने कहा कि आज हम एक ऐसे मोबिलिटी सिस्टम के निर्माण में जुटे हैं, जो इकोनॉमी और इकोलॉजी दोनों को सपोर्ट करे। एक ऐसा सिस्टम हो जो फॉसिल फ्यूल के हमारे इंपोर्ट बिल को कम करे। आज ग्रीन टेक्नोलॉजी, ईवी, हाइड्रोजन फ्यूल, बायो फ्यूल टेक्नोलॉजी के डेवलपमेंट पर हमारा काफी फोकस है। नेशनल इलेक्ट्रिक मोबिलिटी मिशन और ह्यग्रीन हाइड्रोजन मिशनह्ल जैसे अभियान इसी विजन के साथ शुरू किए गए हैं। उन्होंने कहा कि बीते कुछ सालों से इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को लेकर भारत में बहुत तेज ग्रोथ देखी जा रही है। बीते दशक में भारत में ईवी की बिक्री में 640 गुना की बढ़ोतरी हुई है। दस साल पहले जहां एक साल में सिर्फ 2,600 के आस-पास ईवी बिके थे, वर्ष 2024 में 16,80,000 से ज्यादा ईवी बिके हैं यानी दस साल पहले जितने इलेक्ट्रिक व्हीकल पूरे साल में बिकते थे और उससे भी दोगुने ईवी एक दिन में बिक रहे हैं। अनुमान है कि इस दशक के अंत तक भारत में ईवी की संख्या आठ गुना तक बढ़ सकती है। ये दिखाता है कि इस सेगमेंट में आपके लिए कितनी ज्यादा संभावनाएं बढ़ रही हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने आगे बताया कि भारत आज दुनिया की पांचवी बड़ी इकोनॉमी है। पैसेंजर व्हीकल मार्केट के रूप में देखें तो हम दुनिया में नंबर तीन पर हैं। आप कल्पना कीजिए कि जब भारत दुनिया की टॉप थ्री इकोनॉमी में शामिल होगा, तब हमारा ऑटो मार्केट कहां होगा। विकसित भारत की यात्रा मोबिलिटी सेक्टर के भी अभूतपूर्व ट्रांसफॉर्मेशन के कई गुना विस्तार की यात्रा होने वाली है। भारत में मोबिलिटी के फ्यूचर को ड्राइव करने वाले कई फैक्टर्स हैं, जैसे भारत की सबसे बड़ी युवा आबादी, मिडिल क्लास का लगातार बढ़ता दायरा, तेजी से होता शहरीकरण, भारत में बन रहा आधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर, मेक इन इंडिया से एफॉर्डेबल व्हीकल, ये सारे फैक्टर्स भारत में ऑटो सेक्टर के ग्रोथ को पुश करने वाले हैं। उन्होंने कहा कि भारत में ऑटो इंडस्ट्री की विकास की संभावनाओं में मेक इन इंडिया की मजबूती का भी बड़ा रोल है। मेक इन इंडिया अभियान को पीएलआई स्कीम से गति मिली है। इस स्कीम ने सवा दो लाख करोड़ से अधिक की सेल में मदद की है। इस स्कीम से ही इस सेक्टर में डेढ़ लाख से ज्यादा डायरेक्ट जॉब क्रिएट हुए हैं। आप अपने सेक्टर में तो जॉब क्रिएट करते ही हैं, इसका दूसरे सेक्टर्स में भी मल्टीप्लायर इफेक्ट होता है। बड़ी संख्या में ऑटो पार्ट्स हमारे एमएसएमई सेक्टर बनाते हैं, जो ऑटो सेक्टर को बढ़ाते हैं, तो एमएसएमई, लॉजिस्टिक्स, टूर और ट्रांसपोर्ट सेक्टर में भी नई जॉब अपने आप बढ़ने लग जाती है। भारत सरकार ऑटो सेक्टर को हर लेवल पर सपोर्ट दे रही है। बीते एक दशक में, इस इंडस्ट्री में, एफडीआई, टेक्नोलॉजी ट्रांसफर और ग्लोबल पार्टनरशिप के नए रास्ते बनाए गए हैं। पिछले चार सालों में इस सेक्टर में 36 बिलियन डॉलर से ज्यादा का एफडीआई आया है। आने वाले सालों में ये कई गुना और बढ़ने वाला है। हमारा प्रयास है कि भारत में ऑटो मैन्युफैक्चरिंग से जुड़ा पूरा इकोसिस्टम डेवलप हो।

## मंत्रिमंडल ने 687 मेगाहट्र्ज स्पेक्ट्रम की रिफॉर्मिंग को मंजूरी दी : सिंधिया

नई दिल्ली, । दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शुक्रवार को कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मोबाइल सेवाओं के लिए 687 मेगाहट्र्ज स्पेक्ट्रम की ह्यरिफार्मिंगह्ल को मंजूरी दे दी है। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा गठित सचिवों की समिति के अध्ययन के आधार पर अन्य कदम उठाए जाएंगे। उद्योग संगठन सीओएआई के एक कार्यक्रम में मंत्री ने कहा कि मोबाइल सेवाओं को 2030 तक 2,000 मेगाहट्र्ज स्पेक्ट्रम की आवश्यकता होगी और कैबिनेट के फैसले से रेडियो तरंगों की कुल मात्रा 1,587 मेगाहट्र्ज हो जाएगी। डिजिकॉम शिखर सम्मेलन 2025 में सिंधिया ने कहा, कल मंत्रिमंडल ने 687 मेगाहट्र्ज की रिफार्मिंग को मंजूरी दे दी है। इसका मतलब है कि यह हमें 900 मेगाहट्र्ज से 1,587 मेगाहट्र्ज तक ले जाएगा। 320 (मेगाहट्र्ज) तुरंत जारी किया जाएगा, कुछ अगले साल के अंत तक और कुछ 2028-29 के अंत तक जो हमें 2030 के लिए तैयार करेगा। उन्होंने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि उद्योग की आवश्यकताएं पूरी हों और देश के डिजिटल दूरसंचार परिदृश्य में कोई बाधा न आए। सिंधिया ने कहा, इसके बाद भी करीब 300 मेगाहट्र्ज का अंतर रह जाता है। मांग अभी खत्म नहीं हुई है। सचिवों की समिति इसके दूसरे दौर पर काम कर रही है। रिपोर्ट इस साल के मध्य तक आ जाएगी। हम यह सुनिश्चित करने के लिए काम करेंगे कि भारत में हमारे डिजिटल दूरसंचार परिदृश्य के विकास में कोई बाधा न आए।

## धोखाधड़ी वाले फोन कॉल पर लगाम: दूरसंचार विभाग ने संचार साथी मोबाइल ऐप पेश की




प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली, । दूरसंचार विभाग ने शुक्रवार को संचार साथी मोबाइल ऐप पेश की। इससे लोगों को अपने मोबाइल फोन कॉल लॉग से धोखाधड़ी की किसी भी संदिग्ध सूचना की सीधे रिपोर्ट करना आसान हो जाएगा। दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने इसके साथ दूरसंचार विभाग की दो अन्य पहलों राष्ट्रीय ब्रॉडबैंड मिशन 2.0 के लिए दृष्टिकोण तथा डिजिटल भारत निधि से वित्तपोषित 4जी मोबाइल साइट पर इंट्रा सर्किल रोमिंग की भी शुरूआत की। दूरसंचार विभाग का 2023 में पेश किया गया ह्यसंचार साथी मंच धोखाधड़ी वाली फोन कॉल के खिलाफ कार्रवाई में एक प्रभावी तंत्र साबित हुआ है। नया ऐप ग्राहकों के लिए सुरक्षित परिवेश सुनिश्चित कर इन प्रयासों को दोगुना कर देगा। ऐप पेश करते हुए सिंधिया ने कहा कि संचार साथी पहल एक सुरक्षित परिवेश प्रदान करती है जहां प्रत्येक ग्राहक की गोपनीयता तथा सुरक्षा सुरक्षित रहती है।

## एप्पल पहली बार भारत में 10 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ टॉप 5 स्मार्टफोन कंपनियों में शामिल



प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली, । एप्पल ने अक्टूबर-दिसंबर 2024 की तिमाही में वॉल्यूम के हिसाब से लगभग 10 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी हासिल की है। इसी के साथ आईफोन मेकर कंपनी पहली बार भारत में टॉप 5 स्मार्टफोन कंपनियों में शामिल हो चुकी है। एप्पल रणनीतिक दृष्टिकोण का विश्लेषण करने वाले काउंटरपॉइंट रिसर्च के अनुसार, घरेलू मैन्युफैक्चरिंग, वितरण और प्रीमियमीकरण को बढ़ावा देने के प्रमुख स्तंभों पर केंद्रित एक व्यापक त्रि-आयामी (3डी) रणनीति के कार्यान्वयन ने ब्रांड को देश में टॉप 5 स्मार्टफोन कंपनियों में शामिल होने में मदद की है। काउंटरपॉइंट रिसर्च में मोबाइल डिवाइस और इकोसिस्टम के शोध निदेशक तरुण पाठक ने आईएएनएस को बताया, यह बहुआयामी दृष्टिकोण बाजार में आगे रहने और उपभोक्ताओं की उभरती जरूरतों को पूरा करने के लिए एप्पल की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। उन्होंने आगे कहा, भारत में बढ़ते मध्यम वर्ग, खासकर युवाओं में खरीदारी के प्रति रुझान में वृद्धि देखी जा रही है, जिससे प्रीमियम सेगमेंट में शानदार वृद्धि हुई है। अपनी महत्वाकांक्षी छवि और बढ़ते प्रभाव के साथ, एप्पल भारत में खासकर टियर 2 शहरों से परे युवा उपभोक्ताओं के लिए एक स्पष्ट विकल्प बन गया है। पाठक ने कहा, भारतीयों के लिए, आईफोन एक स्मार्टफोन से कहीं अधिक है, यह एक जीवनशैली है। सरकार की उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना और बढ़ते प्रीमियमीकरण रुझान के तहत एप्पल कैलेंडर वर्ष 2024 में भारत से आईफोन निर्यात में 1 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया।

# बीसीसीआई ने जारी किए कठोर नियम, पालन ना करने पर लग सकता है आईपीएल बैन

प्रात: किरण,/ एजेसी



मुंबई,। टीम में अनुशासन, एकता और सकारात्मक माहौल को बढ़ावा देने के लिए बीसीसीआई ने एक अभूतपूर्व कदम उठाते हुए 10 बिंदुओं का एक गाइडलाइन डॉक्यूमेंट जारी किया है। इसका पालन ना करने पर बीसीसीआई ना सिर्फ अनुशासनात्मक कार्रवाई कर सकता है, बल्कि उनका सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट खत्म करते हुए उन पर आईपीएल और घरेलू क्रिकेट खेलने पर प्रतिबंध भी लगा सकता है। ह्यपालिसी डॉक्यूमेंट फॉर टीम इंडिया ह्य नामक यह डॉक्यूमेंट गुरूवार को खिलाड़ियों को भेजा गया, जिसमें पिछले सप्ताह हुई रिव्यू मीटिंग के सलाह शामिल हैं। यह मीटिंग न्यूजीलैंड सीरीज और बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में मिली करारी हार के बाद बुलाई गयी थी, जिसमें टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर, टेस्ट और वनडे कप्तान रोहित शर्मा, मुख्य चयनकर्ता अजीत आगरकर सहित बीसीसीआई के नए सचिव बने देवजीत सैकिया ने भी हिस्सा लिया था। दौरे, मैच और अभ्यास के लिए खिलाड़ी अलग से यात्रा नहीं कर सकेंगे मीटिंग में कहा गया कि कुछ खिलाड़ी मैच या अभ्यास के लिए टीम बस की जगह अपनी अलग से यात्रा करते हैं, जिससे टीम का अनुशासन भंग होता है। इसके अलावा यह भी कहा गया कि कुछ खिलाड़ी अभ्यास सत्रों में ग्रुप के साथ समय नहीं बिता रहे हैं, जिससे टीम का माहौल खराब होता है। बीसीसीआई ने कहा है कि अगर किसी खिलाड़ी को किन्हीं विशेष परिस्थितियों में मैच या ट्रेनिंग के लिए अलग से यात्रा करनी है तो उन्हें मुख्य कोच या मुख्य चयनकर्ता से पहले से अनुमति लेनी होगी। इसके अलावा उन्हें किसी अभ्यास सत्र में पूरे समय तक रहना होगा, भले ही उनकी ट्रेनिंग पहले समाप्त हो गई हो। दौरों पर भी खिलाड़ियों को परिवार के साथ अलग से यात्रा करने की बजाय टीम के साथ ही यात्रा करने का सुझाव दिया गया है, ताकि टीम में अनुशासन और संगठन को बल मिले। यह भी कहा गया है कि अगर कोई सीरीज या दौरा तय समय से पहले खत्म हो जाता है तब भी खिलाड़ी अपने मन से अलग से यात्रा ना करें, इससे टीम की एकता प्रभावित होती है। लंबे दौरे पर परिवार के लिए सिर्फ दो हफ़्ते कोरोना के बाद लंबे दौरों पर खिलाड़ियों के परिवारों की उपस्थिति बहुत सामान्य बात हो गई है, लेकिन बीसीसीआई ने इसे फोकस प्रभावित होने का एक संभावित कारण माना है। नए गाइडलाइन के अनुसार, अगर कोई दौरा 45 दिनों का है तो खिलाड़ियों के पार्टनर और बच्चे (18 साल से कम उम्र के) 14 दिन से अधिक नहीं रुक सकते। परिवार लंबे दौरे पर सिर्फ एक बार ही आ सकता है, जिनके खर्चों का ख़्याल खिलाड़ी को ही रखना होगा। दौरों पर परिवार को ले जाने के लिए भी खिलाड़ी को कोच, कप्तान और बीसीसीआई के जनरल मैनेजर ऑपरेशंस से अनुमति लेनी होगी। डॉक्यूमेंट में कहा गया है कि बीसीसीआई सिर्फ.शेयर्ड एकोमोडेशन की व्यवस्था करेगा, बाकी खर्चे खिलाड़ी को ही देने होंगे। इसके अलावा अगर कोई परिवार तय समय से अधिक रुकता है तो वह खर्चा भी खिलाड़ी ही देगा। पर्सनल स्टाफ बीसीसीआई ने यह भी कहा है कि खिलाड़ियों को अपने व्यक्तिगत स्टाफ सीमित करने होंगे। इसमें मैनेजर, शेफ, सहायक, सोशल मीडिया टीम और सुरक्षा गॉर्ड शामिल हैं। डॉक्यूमेंट में कहा गया है कि इससे लॉजिस्टिकल चुनौतियां कम होंगी। बीसीसीआई ने यह भी सलाह दी है कि किसी सीरीज या दौरे के दौरान खिलाड़ी कोई व्यक्तिगत शूट ना करें और फोकस सिर्फ क्रिकेट और टीम की जिम्मेदारियों पर रहे। घरेलू क्रिकेट में हिस्सा लेना अनिवार्य बीसीसीआई ने फिर से दोहराया है कि खिलाड़ी खुद को घरेलू क्रिकेट के लिए उपलब्ध रखें। अगर ऐसा नहीं होता है तो वे अंतर्राष्ट्रीय मैचों में चयन और सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट के लिए अयोग्य घोषित हो जाएंगे। बीसीसीआई का मानना है कि इससे घरेलू क्रिकेट और आने वाली प्रतिभाओं को भी फायदा होगा। बीसीसीआई ने कहा है कि ह्यअपरिहार्य परिस्थितियोंह्व और चयन समिति की अनुमति के बाद ही किसी खिलाड़ी को इसमें छूट मिल सकती है। बीसीसीआई ने कहा है कि खिलाड़ियों को इन सभी नियमों का कड़ाई से पालन करना चाहिए, अन्यथा अनुशासनात्मक कार्रवाई हो सकती है। इसमें आईपीएल बैन, सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट समाप्त और फीस कट शामिल है।

# फिजिकली डिसेबल्ड क्रिकेट चैंपियंस ट्रॉफी 2025: भारत ने पाकिस्तान को 5 विकेट से हराया




प्रात: किरण,/ एजेसी

कोलंबो,। फिजिकली डिसेबल्ड क्रिकेट चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भारत का अपराजेय क्रम गुरुवार को चौथे दिन पाकिस्तान पर 5 विकेट की जीत के साथ जारी रहा। यह मैच एफटीजेड क्रिकेट ग्राउंड, कटुनायके में आयोजित किया गया था, जिसमें भारतीय टीम ने एक और उल्लेखनीय जीत दर्ज की। मैच में टॉस जीतकर पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और 20 ओवर में 138/5 का प्रतिस्पर्धी स्कोर बनाया। जीतेंद्र वी.एन. ने शानदार गेंदबाजी की और 4 ओवर में 25 रन देकर 3 विकेट लिए, जबकि नरेंद्र मंगोर और सनी ने एक-एक विकेट लेकर टीम का बहुमूल्य साथ दिया। सैफ उल्लाह ने 51 गेंदों पर 58 रनों की ठोस पारी खेलकर पाकिस्तान की पारी को संभाला। भारत की ओर से राजेश कन्नूर ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने 52 गेंदों पर 10 चौके और एक छक्के की मदद से 74 रनों की शानदार नाबाद पारी खेली और भारत को 18 ओवर में 141/5 का स्कोर बनाने में मदद की। नियमित अंतराल पर विकेट खोने के बावजूद, कन्नूर के संयमित रवैये ने सुनिश्चित किया कि टीम आसानी से लक्ष्य तक पहुँच जाए। उनके असाधारण प्रदर्शन ने उन्हें मैन ऑफ द मैच का खिताब दिलाया। स्वयम की संस्थापक-अध्यक्ष स्मिनू जिंदल ने कहा, इस टूनार्मेंट में भारत का प्रदर्शन असाधारण रहा है। प्रत्येक मैच उन क्रिकेटरों की क्षमता को दशार्ता है जो चुनौतियों से ऊपर उठते हैं और जुनून के साथ प्रदर्शन करते हैं। डीसीसीआई के साथ हमारी साझेदारी खेलों में समावेशिता को बढ़ावा देने पर केंद्रित है, और टीम की सफलता दशार्ती है कि जब अवसर सुलभ हों तो क्या संभव है। उनकी उपलब्धियाँ देश भर में अनगिनत व्यक्तियों को प्रेरित करेंगी। मैन ऑफ द मैच राजेश कन्नूर ने कहा, मैं जीत में अहम भूमिका निभाकर रोमांचित हूँ। इस टूनार्मेंट में टीम की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान देकर बहुत अच्छा लग रहा है। हमारे गेंदबाजों ने पाकिस्तान को रोकने का शानदार काम किया, जिससे हमें लक्ष्य का पीछा करने के लिए ध्यान केंद्रित करने का आत्मविश्वास मिला। मैं बस शांत रहना चाहता था, अपने शॉट्स चुनना चाहता था और टीम को जीत दिलाना चाहता था। हर खेल आगे बढ़ने और अपनी स्थिति को मजबूत करने का एक अवसर है, और मैं इस फॉर्म को जारी रखने के लिए उत्सुक हूँ। भारतीय कप्तान विक्रांत केनी ने कहा, हमारा प्रदर्शन इस टीम की ताकत और दृढ़ संकल्प को दशार्ता है। पाकिस्तान को नियंत्रण में रखने में जीतेंद्र की गेंदबाजी अहम रही और राजेश की बल्लेबाजी बेहतरीन रही। उनकी पारी ने न केवल लक्ष्य का पीछा करने में हमारी मदद की बल्कि हमें आत्मविश्वास के साथ खेल खत्म करने की गति भी दी। टीम इस जीत की लय को बनाए रखने के अपने लक्ष्य को लेकर एकजुट है और हम आगे की चुनौतियों को लेकर उत्साहित हैं। लगातार चार जीत के साथ भारत ने खुद को चैंपियनशिप के लिए एक मजबूत दावेदार के रूप में स्थापित कर लिया है। टीम का अगला मुकाबला 18 जनवरी को इंग्लैंड से होगा।

# महिला प्रीमियर लीग 2025 की मेजबानी करेंगे बड़ौदा, बेंगलुरु, लखनऊ और मुंबई

प्रात: किरण,/ एजेसी



नई दिल्ली,। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने गुरुवार को बहुप्रतीक्षित टाटा महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2025 के कार्यक्रम की घोषणा की। दुनिया की प्रमुख महिला टी20 लीग का तीसरा संस्करण चार शहरों - बड़ौदा, बेंगलुरु, लखनऊ और मुंबई में आयोजित किया जाएगा। टूनार्मेंट 14 फरवरी को बड़ौदा के नवनिर्मित बीसीए स्टेडियम में शुरू होगा, जहां गुजरात जायंट्स (जीजी) गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ एक हाई-ऑक्टेन सीजन ओपनर में भिड़ेगा। बड़ौदा कुल छह मैचों की मेजबानी करेगा, इससे पहले कि कार्रवाई बेंगलुरु में स्थानांतरित हो जाए, जहां आरसीबी अपना पहला घरेलू मैच 21 फरवरी को एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में पहले डब्ल्यूपीएल संस्करण की चैंपियन मुंबई इंडियंस (एमआई) के खिलाफ खेलेगी। आरसीबी के पास अपने घरेलू दर्शकों का मनोरंजन करने के तीन और अवसर होंगे, क्योंकि वे 24 फरवरी को यूपी वारियर्स (यूपीडब्लू), 27 फरवरी को गुजरात और 1 मार्च को दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) की मेजबानी करेंगे। रोमांच को और बढ़ाते हुए, लखनऊ इस सीजन में डब्ल्यूपीएल स्थल के रूप में अपनी शुरूआत करेगा, जिसमें लखनऊ की टीम 3 मार्च से अपने घरेलू मैदान पर तीन मैच खेलेगी। टूनार्मेंट का अंतिम चरण मुंबई में होगा, जिसमें प्रतिष्ठित क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया (सीसीआई) अंतिम दो लीग मैचों और दो उच्च-दांव प्लेऑफ खेलों की मेजबानी करेगा। मुंबई इंडियंस 10 और 11 मार्च को क्रमशः गुजरात और आरसीबी के खिलाफ बैक-टू-बैक घरेलू खेलों के साथ लीग चरण का समापन करेगी। प्लेऑफ में वर्चस्व की लड़ाई अपने चरम पर पहुँच जाएगी, जिसमें तालिका में शीर्ष पर रहने वाली टीमें सीधे फाइनल में प्रवेश करेंगी। दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीमें गुरुवार, 13 मार्च को एक रोमांचक एलिमिनेटर में भिड़ेंगी, जिसमें ग्रैंड फि नाले में प्रतिस्पर्धा करने का मौका मिलेगा। प्रतिष्ठित ट्रॉफी के लिए अंतिम मुकाबला शनिवार, 15 मार्च को निर्धारित है। पिछले सत्र के प्रारूप को जारी रखते हुए, तीसरे संस्करण में सभी मैच एकल-हेडर होंगे।

# निक पोथास ने बांग्लादेश के सहायक कोच पद से दिया इस्तीफा

प्रात: किरण,/ एजेसी



नई दिल्ली,। बांग्लादेश के सहायक कोच निक पोथास ने पारिवारिक कारणों का हवाला देते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। 2023 में बांग्लादेश के कोचिंग स्टाफ में शामिल होने वाले पोथास को शुरू में मार्च 2026 तक काम करने के लिए अनुबंधित किया गया था। हालाँकि, पूर्व दक्षिण अफ़्रीकी बल्लेबाज ने आगामी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से पहले पद छोड़ने का फैसला किया। पोथास ने अपने फेसबुक पेज पर एक पोस्ट कर अपने इस्तीफे की घोषणा की। उन्होंने फेसबुक पर लिखा, सभी अच्छी चीजों की तरह, यह भी खत्म होना चाहिए। बांग्लादेश क्रिकेट टीम के साथ रहते हुए मैंने कुछ बेहतरीन लोगों के साथ शानदार समय बिताया है। हमने इस दौरान कई रिकॉर्ड तोड़े हैं, इतिहास रचा है और अद्भुत यादें बनाई हैं। अब घर पर कुछ बेहतरीन समय बिताने और यह देखने का समय है कि अगला अध्याय क्या लेकर आता है। मैं बांग्लादेश क्रिकेट के सभी लोगों को आने वाले रोमांचक वर्ष के लिए शुभकामनाएं देता हूं। मैं आपको मिस करूंगा। एक दशक से ज्यादा लंबे कोचिंग करियर में पोथास वेस्टइंडीज (2018-2019) और श्रीलंका (2017-2018) दोनों के लिए मुख्य कोच के तौर पर काम कर चुके हैं। उन्होंने इन टीमों के लिए सहायक कोच, फील्डिंग कोच और मुख्य फील्डिंग कोच के तौर पर भी काम किया है। बांग्लादेश में शामिल होने से पहले, वे हैम्पशायर काउंटी क्रिकेट क्लब में विकेटकीपिंग कोच थे। अपने खेल करियर के दौरान, दाएं हाथ के बल्लेबाज पोथास ने तीन वनडे मैचों में दक्षिण अफ़्रीका का प्रतिनिधित्व किया और प्रथम श्रेणी और लिस्ट ए क्रिकेट में 16,000 से ज्यादा रन बनाए। हाल ही में, बीसीबी ने मोहम्मद सलाहुद्दीन को वरिष्ठ सहायक कोच नियुक्त किया। सलाहुद्दीन ने बांग्लादेश के वेस्टइंडीज दौरे के दौरान बल्लेबाजी कोच के तौर पर भी काम किया।

# अक्षर को मिल सकती है दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी



प्रात: किरण,/ एजेसी

मुंबई,। आईपीएल 2025 में दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी अक्षर पटेल को मिलना तय माना जा रहा है। आईपीएल 21 मार्च से शुरू होगा। गत वर्ष इसके लिए हुई नीलामी में दिल्ली कैपिटल्स फ्रेंचाइजी ने केएल राहुल को 14 करोड़ रुपये में खरीदा था। जिससे माना जा रहा था कि राहुल को कप्तानी मिल सकती है क्योंकि वह लखनऊ सुपर जायंट्स में भी कप्तान रहे थे। वहीं अब कहा जा रहा है कि दिल्ली की कप्तानी अक्षर पटेल को मिल सकती है। इसका कारण है कि अक्षर टीम के साथ काफी समय से हैं और कई बार ऑलराउंडर की भूमिका निभा चुके हैं। दिल्ली अक्षर को आईपीएल 2025 के लिए 16.50 करोड़ रुपये वेतन देगी। अक्षर टीम के सबसे महंगे खिलाड़ी भी हैं। दिल्ली कैपिटल्स ने लखनऊ के राहुल को खरीदा जबकि लखनऊ ने दिल्ली के ही ऋषभ पंत को सबसे बड़ी रकम देकर खरीदा था। ऋषभ भी दिल्ली के कप्तान थे। अक्षर ने आईपीएल में अभी तक कुल 150 मैच खेले हैं। उन्होंने इस दौरान 1653 रन बनाए हैं। अक्षर ने गेंदबाजी में भी अच्छा प्रदर्शन करते हुए 123 विकेट लिए हैं।

# इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए तैयारी कर रहे सैमसन

प्रात: किरण,/ एजेसी



नई दिल्ली,। विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन आजकल इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज की तैयारी कर रहे हैं।

इसके लिए सैमसन ने भारतीय टीम के पूर्व कोच राहुल द्रविड़ के मार्गदर्शन में राजस्थान रॉयल्स की एकेडमी में भी बल्लेबाजी का अभ्यास किया।

इससे साफ है।

कि सैमसन इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं।

सैमसन जहां आईपीएल टीम रॉयल्स के कप्तान हैं।

वहीं द्रविड़ कोच हैं।

इंग्लैंड के खिलाफ इस टी20 और एकदिवसीय सीरीज से टीम इंडिया चैम्पयंस ट्रॉफी की तैयारियां करेगी। ऐसे में सैमसन की नजर भी इसमें बेहतर प्रदर्शन पर रहेंगी हालांकि उन्हें एकदिवसीय प्रारुप में भारतीय टीम के विकेटकीपर के लिए अवसर मिल सके।

ऋषभ पंत इस समय विकेटकीपर बल्लेबाज की दौड़ में सबसे आगे हैं। वहीं केएल राहुल बैकअप विकेटकीपर के तौर पर उतर सकते हैं।

इन दोनो ने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भी बेहतर प्रदर्शन किया था।

इन हालातों में सैमसन के लिए यह सीरीज बहुत अहम है।

यहां पर सैमसन अगर इंग्लैंड के खिलाफ बेहतर खेलते हैं तो ही उनका नाम आगे बढ़ सकता है।

विकेटकीपिंग में सैमसन को युवा ईशान किशन और ध्रुव जुरेल से भी स्थान के लिए टक्कर मिल रही है।

# भारतीय महिलाओं ने खो-खो में मलेशिया को 80 अंकों से हराया



प्रात: किरण,/ एजेसी

नई दिल्ली,। रणनीति और कौशल के बेहतरीन प्रदर्शन के साथ भारतीय महिला खो-खो टीम ने गुरुवार रात इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में जारी खो-खो विश्व कप 2025 में मलेशिया के खिलाफ शानदार जीत के साथ अपना अपराजित क्रम जारी रखा है। डिफेंडर भीलर ओपिनबेन और मोनिका के शानदार ड्रीम रन से शुरूआत करते हुए टीम इंडिया ने चारों टर्न पर अपनी ताकत दिखाई और आखिरकार 80 अंकों की शानदार जीत हासिल की। कई ड्रीम रन और सामरिक कौशल से लैस इस जीत ने भारत को ग्रुप ए में शीर्ष पर पहुंचा दिया और अब उसका मुकाबला बांग्लादेश के साथ क्वार्टर फाइनल में होगा। महिला टीम ने अपने शुरूआती बैच में ड्रीम रन के साथ खेल की शुरूआत की और रोमांचक जीत की नींव रखी। डिफेंडर भीलर ओपिनबेन और मोनिका का यह प्रभावशाली रन टर्न 1 के दौरान जारी रहा। इसका मतलब था कि दोनों टीमें बराबरी पर थीं। पहला बैच 5 मिनट और 50 सेकंड के बाद समाप्त हो गया। प्रियंका, नीतू और मीनू ने टर्न 1 के अंत में टीम के प्रभावशाली सफर को जारी रखा, क्योंकि पहले 7 मिनट के अंत में स्कोर 6-6 था। टर्न 2 में सत्ताईस सेकंड में, मलेशियाई खिलाड़ियों का पहला बैच बाहर हो गया था, जिससे भारत को पर्याप्त बढ़त बनाने के लिए एक ठोस मंच मिला। मोनिका और वजीर निर्मला भाटी ने पूरे अटैक के दौरान टीम को आगे बढ़ाया, जबकि मलेशिया के लिए, इंग जी यी और लक्षिता विजयन ने उन्हें मुकाबले में बनाये रखा। मलेशियाई टीम ड्रीम रन के करीब पहुंची, लेकिन 1 मिनट और 4 सेकंड से पीछे रह गई। टर्न 2 के अंत में भारतीय टीम ने अपनी क्षमता का प्रदर्शन करते हुए स्कोरलाइन टीम इंडिया 44-6 कर दिया था। भारत के लिए टर्न 3 का पहला ड्रीम रन सुभाश्री सिंह के नेतृत्व में आया। खेल का उनका तीसरा बैच 4 मिनट और 42 सेकंड तक मैट पर रहा। यह टीम को खेल के अंतिम टर्न में 48-20 के स्कोर के साथ एक और बड़ी बढ़त दिलाने के लिए पर्याप्त था। टर्न 4 भारत के लिए खेल के बाकी हिस्सों की तरह ही प्रभावशाली था। एक बार फिर, भारतीय टीम ने दबदबा बनाया और अपने विरोधियों को 80 अंकों से हराकर जीत की हैट्रिक पूरी की।

## ऑस्ट्रेलिया ओपनः बोपन्ना, झांग मिश्रित युगल के दूसरे दौर में

मेलबर्न,। भारतीय स्टार रोहन बोपन्ना और उनकी चीनी जोड़ीदार शुआई झांग ने शुक्रवार को इवान डोडिग और क्रिस्टीना म्लादेनोविच को सीधे सेटों में 6-4, 6-4 से हराकर ऑस्ट्रेलियाई ओपन के मिश्रित युगल के दूसरे दौर में प्रवेश किया। बोपन्ना और झांग ने एक घंटे 12 मिनट में मैच समाप्त किया और अब उनका सामना चौथी वरीयता प्राप्त अमेरिकी जोड़ी टेलर टाउनसेंड और मोनेगास्क के ह्यूगो निस तथा वाइल्ड कार्ड ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी मैडिसन इंगलिस और जेसन कुबेर के बीच होने वाले मैच के विजेताओं से होगा। इंडो-चीनी जोड़ी ने मैच की शुरूआत दमदार प्रदर्शन के साथ की और पहले सेट में 3-0 की बढ़त हासिल की। क्रोएशियाई डोडिग और फ्रांसीसी महिला म्लादेनोविच द्वारा झांग की सर्विस तोड़ने के बावजूद, जिससे स्कोर 3-2 हो गया, बोपन्ना ने दबाव में संयम बनाए रखा और अंततः 6-4 से सेट जीत लिया।

# 2026 विश्व कप जीतना चाहते हैं हरमनप्रीत



नई दिल्ली,। भारत की सीनियर पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा है कि वह अपने करियर में आज तक विश्व कप में पदक नहीं जीत पाये हैं और इस कमी को 2026 में होने वाले टूनार्मेंट में पूरा करना चाहते हैं। भारत ने विश्व कप में अभी तक तीन पदक जीते हैं। उसने 1971 (बार्सिलोना) में कांस्य, 1973 में रजत (एम्स्टेलवीन, नीदरलैंड) और 1975 (कुआलालंपुर) में स्वर्ण पदक जीता था। इसके बाद से ही भारतीय टीम विश्वकप में पदक नहीं जीत पायी है। हरमनप्रीत तोक्यो और पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य थे। पेरिस ओलंपिक खेलों में उनकी कप्तानी में टीम ने कांस्य पदक जीता था। वह 2016 में लखनऊ में जूनियर विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य भी थे। हरमनप्रीत ने कहा कि हमारा लक्ष्य हमेशा ओलंपिक में स्वर्ण पदक और विश्व कप में पदक जीतना होगा। हमने पेरिस में जिस तरह से प्रदर्शन किया उससे पता चलता है कि हम किसी भी शीर्ष टीम का सामना करके जीत हासिल कर सकते हैं। हमने लंबे समय से विश्व कप में पदक नहीं जीता है और मैं अपने करियर में इसे जीतना चाहता हूं।

